दैनिक

# सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

सागर ■ सोमवार 10 मार्च 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-132 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03






# भारत की विजयी होली...

## हम फिर चैंपियनः इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीता

एजेंसी ■ दुबई

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी-2025 अपने नाम कर लिया है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। भारत को जीत के लिए 252 रनों का टारगेट मिला था, जिसने उसने 49वें ओवर की आखिरी बॉल पर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की जीत में रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही। रोहित ने 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम सबसे पहले साल 2002 के सीजन में चैम्पियन बनी थी। तब उसने श्रीलंका संग संयुक्त रूप से खिताब साझा किया था। फिर एमएस धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम साल 2013 में चैम्पियन बनी। अब रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने इतिहास रचा है।

### असाधारण नतीजे



एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई। -नरेंद्र मोदी, पीएम

- फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया
- रोहित की कप्तानी में नौ महीने में दूसरा आईसीसी खिताब
- टी-20 विश्व कप के बाद इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती
- फाइनल के लिए रोहित ने बचा रखा था सर्वश्रेष्ठ

### जडेजा के चौके से जीता भारत

भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। रवींद्र जडेजा ने 49वां ओवर डाल रहे विलियम ओरूर्क की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रनों की शतकीय साझेदारी कर दी।

## सीएम डॉ. मोहन यादव बोले-उज्जैन महाकाल लोक की तर्ज पर बनेगा

# ओंकारेश्वर लोक बनाएगी सरकार

## ओंकारेश्वर में नर्मदा परिक्रमा स्थल का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा

- ओंकारेश्वर में एक अप्रैल से शराब दुकानों का संचालन बंद हो जाएगा
- ओंकारेश्वर में आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा में हुए शामिल
- सीएम ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर किया जलाभिषेक

सत्ता सुधार ■ भोपाल/खंडवा

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिवार सहित मां नर्मदा की पूजा-अर्चना, आरती करने के बाद संतों की उपस्थिति में धर्म सभा को संबोधित किया। अपने गुरु संत विवेक मिश्रा की अमृतस्य नर्मदा पद परिक्रमा के समापन के अवसर पर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन महाकाल की तर्ज पर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर को भी भव्य स्वरूप दिया जाएगा। यहां ओंकारेश्वर लोक बनाया जाएगा। नर्मदा परिक्रमा स्थल को व्यवस्थित रूप से उसका सौन्दर्यीकरण किया जाएगा, मां नर्मदा की शुद्धता बनी रहे इस और प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले सीएम ने ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे।

### नर्मदा तटों पर स्वच्छता बनाए रखें

सीएम ने कहा कि मां नर्मदा के तटों पर पौधारोपण कर स्वच्छता बनाए रखें। रासायनिक दवा का काम से कम उपयोग करें, जिससे मां नर्मदा प्रदूषण होने के साथ ही जनजीवन पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### अब शराब नहीं बिकेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि घोषणा के अनुरूप धार्मिक तीर्थ क्षेत्रो में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और यह कार्य हम सरकार के माध्यम से कर रहे हैं। एक अप्रैल से शराब दुकान का संचालन बंद होगा। ओंकारेश्वर में अब शराब नहीं बिकेगी।

### गौ-पालन जरूरी

मांसाहार खाने वालों का मुंह नहीं बंद कर सकते, लेकिन जो लोग उसे पसंद नहीं करते हैं उन्हें वह चीज दिखे नहीं इसकी भी चिंता करें। खुले में मांस न बिके। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौपालन जरूरी है।

### सरकार भी त्योहारों में हो रही शामिल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फागुन का यह माह रंगों और गुलाल का त्योहार है। हम सब के जीवन में आपसी सद्भाव रंगों के माध्यम से सदैव बना रहे। हमारे सभी धार्मिक त्योहारों को हम सब मनाते आ रहे हैं, लेकिन अब सरकार भी इन त्योहारों में शामिल हो रही है। नर्मदा क्षेत्र के अलीराजपुर और झाबुआ में मनाए जाने वाले भगोरिया पर्व को भी सरकार उत्साह से आयोजित करेगी।

# उपराष्ट्रपति धनखड एम्स में भर्ती

## सीने में दर्द की शिकायत, पीएम मोदी मिलने पहुंचे



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद रविवार सुबह करीब 2 बजे उन्हें एम्स में भर्ती किया गया। फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उनकी सेहत की जानकारी लेने खुद एम्स पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# विस सत्रः 12 को पेश होगा बजट

## आज राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का दूसरा बजट 12 मार्च को पेश करेंगे। बजट सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को 2939 प्रश्न मिले हैं। इसमें 1785 सवाल ऑनलाइन हैं और 1154 सवाल ऑफलाइन हैं। पंद्रह दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होंगी, इस सत्र में 5 विधेयक प्रस्तुत होना संभावित हैं। मोहन सरकार का बजट 4.20 लाख करोड़ का हो सकता है। 2024-25 का बजट 3.65 लाख करोड़ का था।

# ट्रंप की नीति 'आर्थिक-टैरिफ' आतंकवाद

## रामदेव बोले - शिवाजी लोगों के आदर्श, मंदिर पर हमले मसले पर सुनाई खरी-खरी

**नागपुर।** पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक बाबा रामदेव ने रविवार को कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। नागपुर में एक समारोह के दौरान बाबा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत का जिक्र




किए जाने के मामले पर भी बात की। ट्रंप की टैरिफ नीति पर पूछे गए सवाल पर रामदेव ने दावा किया कि यह एक तरह का आर्थिक आतंकवाद और टैरिफ आतंकवाद है। यह दुनिया को एक अलग युग में ले जा रहा है। बन रहे खतरनाक हालात के बीच हमें भारत को शक्तिशाली बनाने की जरूरत है, क्योंकि कुछ शक्तिशाली देश दुनिया को विनाश की ओर ले जाना चाहते हैं। योग गुरु ने यह भी कहा कि मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज लोगों के आदर्श हैं, न कि मुगल सम्राट औरंगजेब।

**लोकतंत्र को खत्म कर दिया:** बाबा रामदेव ने कहा कि बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू हो गया है। जब से ट्रंप सत्ता में आए हैं, उन्होंने टैरिफ आतंकवाद का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने गरीब और विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। यह आर्थिक आतंकवाद है।

# पानी की टंकी में दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत

### बीएमसीः निर्माणाधीन इमारत में चल रहा था काम

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में दोपहर 12 बजे हुई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी में साफ-सफाई करने के लिए उतरे थे, लेकिन इस दौरान वे बेहोश हो गए। निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# राज ठाकरे ने कहा- मैं कभी गंगा में डुबकी नहीं लगाऊंगा

### सियासी हलचलः पानी की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

**मुबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाऊंगा। लोगों से मेरा कहना है कि वे अंधविश्वास से बाहर आएं और दिमाग का सही इस्तेमाल करें। मनसे के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज ठाकरे ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे। लेकिन मैंने इसे पीने से इंकार कर दिया। मैंने उनसे कहा चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा। कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जा रहे हैं और स्नान कर रहे हैं।



## विमल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन को भी थमाया नोटिस

# शाहरुख, अजय, टाइगर कंज्यूमर- कोर्ट में तलब

### पान मसाले में केसर का दावा कर भ्रमित कर रहे

**जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया है। विमल कुमार अग्रवाल, विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। आरोप है कि केसर के नाम पर विमल पान मसाला खरीदने के लिए लुभाया जा रहा है, जबकि इसमें केसर है ही नहीं। केसर के नाम पर आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। जयपुर के वकील योगेंद्र सिंह बडियाल की शिकायत पर यह नोटिस जारी किया गया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (कंज्यूमर कोर्ट) के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने 5 मार्च को सुनवाई की थी। अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च की सुबह 10 बजे तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि यदि आप व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो एकपक्षीय निर्णय लिया जाएगा।



### कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण पान मसाला

शिकायतकर्ता योगेंद्र सिंह बडियाल ने दावा किया है कि विज्ञापन में कहा गया है कि दाने दाने में केसर का दम है। इसके कारण जेबी इंडस्ट्रीज करोड़ों रुपए कमा रही है। आम लोग नियमित रूप से पान मसाला खा रहे हैं। यह सेहत के लिए हानिकारक है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है।

### जनता का नुकसान हो रहा

योगेंद्र सिंह बडियाल ने निर्माता कंपनी और उत्पाद के प्रचार में शामिल लोगों के खिलाफ गलत सूचना फैलाने और आम जनता को धोखा देने के आरोप में कार्रवाई की मांग की है। झूठे प्रचार और प्रसार के कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए निर्माता और प्रचार में शामिल लोग अलग-अलग और अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार हैं। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर जुर्माना लगाने, न्याय और आम जनता के हित में विज्ञापन और पान मसाला पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।




# भगोरिया की मस्ती में झूमे सीएम डॉ. यादव



## टोलियों को देखकर पांव अपने आप लगते हैं थिरकने

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ जिले की सांस्कृतिक विविधता एवं महत्व को परिलक्षित करते भगोरिया हाट में सम्मिलित होकर बहुत आनंद आया है। फागुन का रंग चढ़ रहा है। भगोरिया में मदमस्त टोलियों ने एक नए उत्साह का संचार किया है, मन प्रफुल्लित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिये नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगोरिया में मस्ती में झूमते-नाचते टोलियों को देखकर पाँव अपने आप थिरकने लगते हैं। उन्होंने कहा कि झाबुआ में हजारों वर्षों से फागुन के माह में ढोल-मांदल की थाप पर भगोरिया उत्सव मनाया जाता रहा है, जो कि इसकी पहचान बन गया है। उन्होंने कहा कि आप अपने पूर्वजों का अभिनंदन करें और संस्कृति और विरासत को बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिये पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। अब रोजगार के लिये युवाओं को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिये मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने की नीति में बदलाव किया गया है। इसमें सबसे पहले जनजातीय बहुल अंचल में मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सोलर पम्प योजना के तहत निःशुल्क बिजली देकर हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। उद्योगों की स्थापना के लिये अनुदान नीति बनाई गई है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिये निःशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था की गयी है और दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन पर 5 प्रतिशत बोनस तथा गाय खरीदने पर अनुदान दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना के परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसी तरह झाबुआ में कालका मंदिर से एम-2 होटल तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने झाबुआ कलेक्टर को निर्देश दिये कि कच्चे मकानों की सूची तैयार कर पीएम आवास योजना के तहत सर्वे करायें, जिससे सभी को पीएम आवास योजना में पक्के मकान उपलब्ध कराये जा सकें।



## जनजातीय क्षेत्र में ग्राम सभाएं सशक्त हुईं : भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का झाबुआ जिले में स्वागत है। उन्होंने बताया कि अंचल में उनके पिताजी एवं पूर्व सांसद स्व. भूरिया के प्रयासों से पेसा एक्ट को अधिनियमित किया गया, जिससे जनजातीय क्षेत्र में ग्राम सभाएं सशक्त हुई हैं। आज अंचल में विभिन्न कार्यों से विकास की गंगा बह रही है। पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर ने कहा कि भील सम्मेलन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति से अंचल की सांस्कृतिक विरासत भगोरिया का आनंद और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने भील समाज के उत्थान के लिए किये गये प्रयासों से अवगत कराया।

### सीएम का भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दिलीप क्लब में भगोरिया पर्व पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जनजातीय अंचल की झुलड़ी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही जनजातीय अस्मिता के प्रतीक तीर-कमान भेंट कर अभिनन्दन किया।

## सीएम ने शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची की प्रतिमा के किए दर्शन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को मान्धाता पर्वत पर स्थापित आचार्य शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची बहुधातु की प्रतिमा के दर्शन करने एकात्म धाम पहुंचे। आगमन पर बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। डॉ. यादव ने आचार्य शंकराचार्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने एकात्म धाम ओंकारेश्वर में बनने वाले शिव पंचायतन मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकात्म धाम के चरणबद्ध विकास पर आधारित प्रेजेंटेशन भी देखा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, महापौर अमृता यादव, संभागायुक्त दीपक सिंह, आईजी अनुराग कुमार, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सीएम ने लिया भगोरिया गेर का आनंदः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गेर में शामिल हुए। इसमें 250 से अधिक ढोल-माँदल की टोलियाँ शामिल हुई। ये सभी सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। भगोरिया गेर का आनन्द देखते ही बनता था। जनजातीय समाज के लोग हर ओर मस्ती में झूमते, नृत्य करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन कर रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने उस्ताद जाकिर हुसैन की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रसिद्ध तबला वादक और पद्मविभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया। उस्ताद जाकिर हुसैन भारतीय शास्त्रीय संगीत के अग्रणी कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से भारत के संगीत कला जगत को समृद्ध किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन ने तबला वादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और भारतीय संगीत को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने कहा कि पद्मविभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन ने तबला वादन को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के साथ भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। संगीत के प्रति उनकी अनूठी साधना सदैव हमारे हृदय में बसी रहेगी।

### इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाई-ओवर, बाय-लेन, अंडर पास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहल लागू की जा रही हैं। योजना के पूरा होने पर इंदौर शहर में नागरिकों का यात्रा समय कम होगा और ट्रैफिक सुचारु रहेगा। सिग्नल-लैस योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान बना प्रदेश का 9वां व देश का 58वां टाइगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का माना आभार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां और मध्यप्रदेश का 9वां टाईगर रिजर्व की सौगात प्रदान करने के लिये आभार माना है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर केन्द्र सरकार के इस निर्णय को प्रदेश के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मिली एक और बड़ी उपलब्धि है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी जिले में स्थित है। यह ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित करने से यहां वन्यजीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सदैव ही वन्य जीव संरक्षण में अग्रणी रहा है। यह नया टाइगर रिजर्व राज्य की जैव विविधता को और अधिक सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि इससे बाघों के संरक्षण को बल मिलेगा, साथ ही पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।




पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक आश्चर्यजनक समाचार प्राप्त हुआ है। भारत वन्य जीव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा हमारे वन्य प्राणियों की रक्षा करने और एक सतत् विकासशील ग्रह में जीवन कायम रखने में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाईगर रिजर्व घोषित किए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा पृथ्वी पर पारिस्थितिकी विविधता को बहाल करने पर दिए गए ऐतिहासिक जोर के साथ भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि देश ने अपने टाइगर रिजर्व की सूची में 58वां टाइगर रिजर्व जोड़ लिया है, जिसमें नवीनतम नाम मध्यप्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व का है। यह मध्यप्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। केंद्रीय मंत्री यादव ने देश के सभी वन्य जीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जो निस्वार्थ भाव से वन्य जीव संरक्षण के पावन उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।

## विस अध्यक्ष तोमर ने सत्र की तैयारियों का लिया जायजा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 10 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च, 2025 तक चलेगा। इस पंद्रह दिवसीय सत्र में सदन की नौ बैठकें होंगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह के अनुसार बजट सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित पश्न 1448 एवं अतारांकित प्रश्न 1491 कुल 2939 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हई हैं। जबकि ध्यानाकर्षण की 118, स्थगन प्रस्ताव की 1, अशासकीय संकल्प की 24, शून्यकाल की 13 सूचनाएं प्राप्त हई हैं।

## अशोक श्रीवास्तव और शोभना यादव बेस्ट एंकरिंग अवार्ड से सम्मानित



**भोपाल/नई दिल्ली।** मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के प्यारेलाल आडिटोरियम में आयोजित 19वें मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में डीडी न्यूज के बहुचर्चित एंकर अशोक श्रीवास्तव को बेस्ट मेल एंकर, शोभना यादव को बेस्ट फीमेल एंकर, माखनलाल चतुर्वेदी विवि के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ केजी सुरेश को मीडिया गुरु और वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को श्रेष्ठ संपादक के विशिष्ट पुरस्कारों से नवाजा गया। इन हस्तियों को भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी और भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने सम्मानित किया। समारोह में फिल्म सिटी नोएडा के संस्थापक डॉ संदीप मारवाह और मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर आइएमएस,नोएडा के प्रोफेसर डॉ.सचिन बत्रा की किताब व्यावहारिक पत्रकारिता के दूसरे संस्करण का विमोचन भी किया गया। खास बात यह है कि इस पुस्तक का प्रकाशन मीडिया फेडरेशन द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के कई जाने-माने टीवी व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने स्पेशलाइज्ड रिपोर्टिंग पर अध्याय लिखे हैं।

## गौवंश की दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को रोकने प्रभावी व्यवस्था करने की मांग

**भोपाल/ग्वालियर।** प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा हाईवे पर गौवंश की दुर्घटनाओं से आये दिन हो रही मौतों को रोकने के लिये समुचित प्रभावी व्यवस्था किये जाने का मप्र के पूर्व मंत्री, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रान्ताध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष भगवानसिंह यादव ने सीएम डॉ. मोहन यादव, पशुपालन मंत्री लखन पटेल को पत्र लिख कर अनुरोध किया है। गौमाताओं की सुरक्षा के लिये शासन की मुख्यमंत्री गौसेवा योजना के तहत ठोस कार्यवाही किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करें। यादव ने बताया कि मात्र गौमाता की पूजा-अर्चना करने से कोटी देवी-देवताओं की आराधना का फल मिलता है। वर्तमान में प्रदेश में 2190 पंजीकृत गौ-शालाएं हैं जिसमें 1563 गौशालायें मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित हो रही हैं। इन गौशालाओं में कुल 3 लाख 15 हजार गौ-वंश हैं जिनके लिये शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है। यादव ने इस कार्य को सफल बनाने सुझाव दिये हैं कि शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों तथा हाईवे पर गौ माताओं की हो रही मौतों पर अंकुश लगाने हेतु गायों को पालने वाले पालकों एवं गायों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए और अगर गौ माता की हाईवे पर दुर्घटना से मौत होती है पालकों के खिलाऊ दण्डात्मक कार्यवाहीं सुनिश्चित की जाए। शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों तथा हाईवे पर विचरण करने वाली आवारा एवं निरासित गायों को नगर निगम द्वारा संचालित गौशालाओं में पकड़कर भेजा जाये। सड़क विकास विभाग को जिम्मेदारी दी जाए ताकि बेसहारा गौवंश से क्षेत्र मुक्त हो सकेगा।



## विभागीय कार्यों में गति बनाए रखने सेवा अवधि 65 वर्ष करने की मांग

### संगठन ने रिटायरमेंट की अवधि बढ़ाने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को लिखा पत्र

सत्ता सुधार ■ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड पहले से अनुभवी कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में लगातार रिटायर हो रहे कर्मचारियों के कारण स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसी बात को केंद्रित करते हुए इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ एमपी हाउसिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष यशवंत सिंह डोडिया एवं महासचिव इन्जी. राजेन्द्र तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन देकर कर्मचारियों की सेवा अवधि बढ़ाए जाने की मांग की है, ताकि विभाग का काम सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। संगठन अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा है कि वर्तमान में शासन के 61 विभागों में लगभग 4.27 लाख अधिकारी, कर्मचारी कार्यरत है जिसमें से लगभग पौने तीन लाख अधिकारी - कर्मचारी 2026 तक रिटायर हो रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि मौजूदा समय में भी विभागों में अनुभवी कर्मचारियों की कमी से विभागीय कार्य एवं कार्य की गति पर लगातार प्रभाव पड़ रहा है, जिसका कहीं न कहीं प्रदेश के विकास पर भी असर पड़ रहा है। विगत वर्ष 2015-2016 से उच्च न्यायालय के स्थगन के कारण 35-40 वर्ष तक सेवा कर चुके कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर नहीं मिल पा रहा है जिससे उनमें हतोत्साह की भावना बढ़ रही है। ऐसे में यदि शासन द्वारा उन्हें पदोन्नति के साथ तीन वर्ष और कार्य करने का अवसर दिया जाता है तो शासन के साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों को भी लाभ प्राप्त होने के साथ प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। शासन द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को 65 वर्ष तक संविदा नियुक्ति दी जा रही है किन्तु संविदा पर कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य नहीं कर पाते हैं, ऐसे में यदि शासन सेवा अवधि को 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष करता है तो शासन और कर्मचारियों के लिए तो उचित रहेगा ही बल्कि विभागीय व्यवस्था और कार्यों में गतिशीलता भी बनी रहेगी। मांगकर्ताओं में एसो. के उपाध्यक्ष प्रबोध पराते इंदौर, एमके साहू भोपाल, एनके वर्मा ग्वालियर, एनके बाटले जबलपुर, एम आर ठाकुरे सागर, कोषाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा उज्जैन एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।





### 3 लाख कर्मचारी होंगे रिटायर


इंजी. एसो. ऑफ एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं महासचिव ने सीएम से आग्रह किया है कि 1.25 लाख अधिकारी, कर्मचारी वर्ष-2025 में एवं 1.50 लाख अधिकारी, कर्मचारी वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं जिससे शासन के पास अनुभवी अधिकारी, कर्मचारीयों की कमी होने की संभावना है। इसके अलावा विगत 10-15 वर्षों से रिक्त पड़े पदों पर भी नए अभ्यार्थियों का चयन नहीं हो सका है। अतः आगामी तीन वर्ष में भी ये पद नहीं भरें जा सकेंगें, अतः रिटायरमेंट की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की जाए।

**सियासत** चुनाव में भाजपा को चुनौती देने वालों की खोज जारी

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को एक सैकड़ा नए चेहरों की तलाश

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस को एक सैकड़ा ऐसे चेहरों की तलाश है जो, विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देने का माद्दा रखते हों। इसके लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार तक कवायद कर रहे हैं। दरअसल, प्रदेश में कई विधानसभा सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस प्रत्याशी बीते कुछ चुनावों से मुकाबले में ही नहीं रहते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस ऐसी सीटों को चिन्हित कर उन पर अभी से फोकस कर रही है। जिससे की साढ़े तीन साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा के सामने मजबूत चुनौती पेश कर अच्छा प्रदर्शन कर सके। यही वजह है कि अब संगठन को मजबूत खड़ा करने से लेकर अभी से संभावित प्रत्याशियों की गुपचुप तरीके से तलाश शुरु कर दी गई है।




संगठन को मजबूत करने के लिए ही पार्टी ने भाजपा की तर्ज पर पीढ़ी परिवर्तन पर काम शुरु किया है। इसके लिए केन्द्र स्तर पर पहल शुरु की जा चुकी है। यही वजह है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जयवर्धन सिंह और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया को बड़ी जिम्मेदारी देकर उन्हें आगे लाया जा रहा है। हालांकि इसी तरह की कवायद करीब पांच साल पहले तत्कालीन प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने संगठन को खड़ा करने के लिए किया था, जिसका फायदा पार्टी को उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में मिला था और पार्टी की सत्तर में वापसी का दरवाजा खुल गया था। यह बात अलग है कि कांग्रेस में विद्रोह हुआ और पार्टी को एक बार फिर से विपक्ष में बैठना पड़ गया था। कांग्रेस द्वारा लगातार खराब प्रदर्शन को लेकर जो प्रदेश में अध्ययन कराया गया है, उससे पता चला है कि प्रदेश में ऐसे एक सैकड़ा विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पार्टी के पास सर्व सहमति के प्रत्याशी नहीं है।

चुनाव से पहले पार्टी ऐसे क्षेत्रों में चुनाव लड़ने लायक नए चेहरों को तलाश कर उन्हें चुनाव में उतरने की तैयारी करवाएगी। इसमें भी युवा वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश में लगभग चार से पांच दशकों से कांग्रेस की जो पीढ़ी सक्रिय थी, उसमें से अब महज दिग्विजय और कमलनाथ ही बचे हैं। संयुक्त मध्य प्रदेश के दौरान सक्रिय रहे श्यामाचरण शुक्ल, विद्याचरण शुक्ल, मोतीलाल वोरा से लेकर अर्जुन सिंह और माधवराव सिंधिया जैसे नेता अब दुनिया में नहीं हैं।

पार्टी ने पीढ़ी परिवर्तन का संदेश तो जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता बनाकर दे दिया पर अब इसका विस्तार प्राथमिक इकाई तक अभी नहीं हो पाया है। कांग्रेस ने इसी कवायद को लेकर जब प्रदेश की जमीनी स्थिति का अध्ययन कराया तो हकीकत सामने आ गई। इसमें पाया गया है कि पार्टी के पास अब एक सैकड़ा सीटों पर मजबूत प्रत्याशियों तक का अभाव पैदा हो चुका है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए तरह-तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी हर वर्ग के लोगों को दोबारा कांग्रेस से जोडने का प्रयास कर रहे हैं।

### आज विधान सभा का घेराव करेगी कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस सोमवार को किसानों को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव करेगी। मध्यप्रदेश की मोहन यादव की सरकार को एक वर्ष से अधिक का समय हो गया लेकिन आज दिनांक तक विधानसभा चुनाव 2023 में किए वायदों को पूर्ण नहीं किया। इसलिए किसानों के अधिकार की लड़ाई किसान कांग्रेस की अगुवाई में लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा का घेराव कर भाजपा सरकार को उसके वायदे याद दिलाएगी तथा अपने किए वायदों को पूर्ण करने करने के लिए विवश करेगी। किसान से लोकलुभावन वायदे कर वोट लिए लेकिन निभाने के नाम शून्य साबित हुई ।

## ब्रीफ न्यूज

### किसान भाई शीघ्रता से कराए अपना गेहूं उपार्जन का पंजीयन : कलेक्टर

**सागर।** किसान भाई शीघ्रता से कराए अपना गेहूं का उपार्जन का पंजीयन कराए। उक्त अपील कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के किसान भाइयों से की है। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले में समर्थन मूल्य पर रबी सीजन फसलो के क्रय हेतु किए जाने वाले प्रबंधो की समीक्षा कर उपार्जन कार्य शुरू होने से पहले हरेक केन्द्र पर बुनियादी आवश्यकताओं की तमाम पूर्ति सुनिश्चित हो। एक भी केन्द्र ऐसा नहीं होना चाहिए जहां उपार्जन शुरू होने के उपरांत आवश्यक सामग्री की पूर्ति नहीं की गई हो। जैसे वारदाना, तौलकांटा, स्टेनशील, सिलाई मशीन, धागा इत्यादि की पूर्ति उपार्जन कार्यो से पहले हो। कलेक्टर संदीप जी आर ने गेंहू उपार्जन की अवधि और समर्थन मूल्य के संबंध में बताया कि गेंहू प्रति क्विंटल, 2425 रूपए घोषित किया गया है जबकि 175 रूपए बोनस राशि देने की भी घोषणा की गई है जिसकी जानकारी कृषको तक पहुंचाने के निर्देश संबंधितो को दिए है।किसानो के पंजीयन अवधि के संबंध में बताया गया कि 20 जनवरी से पंजीयन कार्य शुरू हुआ है जो 31 मार्च तक जारी रहेगा। किसान पंजीयन हेतु निर्धारित स्थल व शुल्क एवं निःशुल्क केन्द्रो की जानकारियां दी गई है। किसान पंजीयन व पंजीकृत रकवा सबसे कम पंजीयन वाले केन्द्र, पंजीकृत किसानो का सत्यापन, गिरदावरी से गेंहू के रकवे का मिलान एवं सत्यापन, उपार्जन केन्द्रो का विवरण, सर्वेयरो की व्यवस्था व उनके दायित्व गेहूं एफएक्यू मापदण्ड, वारदाने पर समिति एवं कृषक कोड अंकन व्यवस्था, गेंहू रकवा एवं उत्पादन का तुलनात्मक व वार्षिक आंकडे, वारदाना व्यवस्था, गोदामो का सत्यापन, मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एवं लाजिस्टिक कार्पोरेशन और जिले की क्षमता एवं रिक्त क्षमता की जानकारी, रबी उपार्जन 2024-25 के परिवहन भुगतान की समीक्षा की गई है। बैठक में गेंहू पंजीयन के अलावा चना, मसूर, सरसो के पंजीयन हेतु किए जाने हेतु प्रबंधो के संबंध में भी जानकारियां प्रस्तुत की गई है इसके अलावा उचित मूल्य दुकानो के लिए आवंटित खाद्यान्न के उठाव व परिवहन की अद्यतन जानकारियों से अवगत कराया गया है।

### मदिरा दुकानों का ई-टेंडर उत्पादन रेडब्रिज ट्रेडर्स एलएलपी भोपाल को निष्पादन किया गया

**सागर।** जिले की समस्त 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के गठित 01 एकल समूह का निष्पादन आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक की अवधि के लिये निर्धारित आरक्षित मूल्य रूपये 5,11,18,97,919/- पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से किये जाने पर 8 एवं 9 मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष सागर में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से किये जाने पर रेडब्रिज ट्रेडर्स एलएलपी भोपाल का सर्वाधित ऑफर रूपये 5,32.00.99,999/- का प्राप्त हुआ जो गतवर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य 4,25,99,14,914 / की तुलना में 24.89 प्रतिशत तथा शासन द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य का 4.07 प्रतिशत अधिक का होने से प्राप्त निर्देशानुसार जिला समिति द्वारा रेडब्रिज ट्रेडर्स एलएलपी भोपाल के पक्ष में निष्पादन अंतिम किया गया।

# विधायक गोपाल भार्गव, प्रदीप लारिया ,शैलेंद्र जैन, वीरेंद्र सिंह ने पत्रकारों का किया समर्थन, फिर भी अधिकारी पर नहीं हुई एफआईआर

## भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे खनिज विभाग के अधिकारी पर आखिर क्यों नहीं हो पा रही कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ सागर

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे खनिज अधिकारी द्वारा पत्रकार के साथ की गई मारपीट ,गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी जैसे मामले में प्रशासन शून्य की स्थिति में है। क्या सागर में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है या खनिज विभाग के यह अधिकारी ही सागर के प्रशासक बन गए हैं कि आखिर इनके कहने पर तत्काल एफआईआर दर्ज हो जाती है जबकि प्रमाण सहित वीडियो उपलब्ध कराने के बाद भी पत्रकार की शिकायत पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो पा रही, यह कैसा न्याय है। सागर में रहने वाले हर नागरिक के मन में एक प्रश्न उठ रहा है कि यदि सत्ताधारी पार्टी के 4 विधायक पत्रकारों के पक्ष में है जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता ,पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक पंडित गोपाल भार्गव, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार द्वारा पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में डूबे अनित पंड्या के बारे में पूरी जानकारी देते हुए पत्रकार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।सागर नगर विधायक शैलेंद्र जैन ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्रकारों के साथ होने की बात कही।भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने पहले ही कहा था कि ऐसे अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो अभद्रता कर रहे हैं।अब आखिरकार जब सत्ताधारी पार्टी के चार विधायक कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन द्वारा भी यह मांग उठ रही है कि ऐसे अधिकारी पर एफआईआर दर्ज हो ताकि आम जनता भी सुरक्षित रहे, जनता की आवाज उठाने वाले यदि एक पत्रकार पर इस प्रकार से एफआईआर दर्ज कर ली जाती है तो आगे पत्रकार कैसे काम करेंगे।

### आखिर खनिज विभाग के अधिकारी को किसका संरक्षण

दूसरा प्रश्न यह उठ रहा है कि आखिर भ्रष्टाचार के आरोप में डूबे खनिज अधिकारी अनित पंड्या को किसका संरक्षण है जिसकी दम पर यह पत्रकारों के साथ मारपीट ,गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एक अधिकारी आखिर एक गुंडे की तरह कैसे व्यवहार कर सकता है यह बात लोगों की समझ से बाहर है।आखिरकार इस प्रकार से अनित पंड्या की हौसले कैसे बुलंद हो सकते हैं कि वह कुछ भी करने पर उतारू हो सकते हैं। वीडियो देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह अधिकारी अपनी मर्यादा भूल गए हैं और मर्यादा से बाहर निकलकर कार्य कर रहे हैं जिसको लेकर समुचित सागर जिले में इनका विरोध हो रहा है। आम जनता भी नाराज है कि आखिरकार यह अधिकारी क्या कर रहे हैं क्या इतनी तानाशाही बढ़ गई है कि एक अधिकारी गुस्से में आकर पत्रकारों के साथ इस प्रकार से मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के बाद लौटकर पत्रकार पर ही एफआईआर दर्ज कर देते हैं।



### आज जिले भर से एकत्रित होगे पत्रकार, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन

सागर जिले में पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचार, अन्याय एवं तानाशाही के विरोध में सागर शहर सहित संपूर्ण जिले से पत्रकार सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन पत्रकारों के साथ एकजुट होंगे और पत्रकार की आवाज बुलंद करेंगे। पत्रकारों का कहना है कि यदि प्रशासन नहीं सुनता तो मुख्यमंत्री से मिलकर जिले की पूरी स्थिति से अवगत कराया जाएगा कि किस प्रकार से प्रशासनिक तानाशाही बढ़ती जा रही है।

### सागर जिले में करोड़ों रुपए का अवैध उत्खनन

सागर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में जमकर अवैध उत्खनन हो रहा है। अवैध उत्खनन को लेकर कहीं ना कहीं अधिकारी की मिलीभगत होने के आरोप लगते रहे हैं। बताया जा रहा है कि विकास खंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपए की राजस्व की चोरी करते हुए अवैध उत्खनन हुआ है।जिम्मेदार अधिकारी की जांच कराई जाए तो पूरा मामला सामने आ जाएगा कि किस प्रकार से अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। अब उत्खनन की स्थिति यह है कि किसी भी लीज को ले लो चाहे वह वैध हो या अवैध दोनों में ही जमकर अवैध उत्खनन हुआ है जिसकी जानकारी अधिकारी को भी समय-समय पर दी गई है लेकिन अधिकारी केवल हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे कोई भी कार्यवाही न होने के कारण शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ लेकिन जांच करने वाले अधिकारी ही जब जांच ना करें तो कार्रवाई कौन करेगा।यही बात पत्रकार ने उठाई तो अधिकारी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दे डाली।

# विधायक लारिया ने श्री दिगम्बर जैन तपोवन तीर्थ, सिदगुवां में आयोजित होने वाले पंचकल्याण महोत्सव में पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया

सत्ता सुधार ■ सागर

नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया रविवार को श्री दिगम्बर जैन तपोवन तीर्थ, सिदगुवां पहुंचे।उन्होंने वहां पर विराजमान वैज्ञानिक संत आचार्य श्री 108 निर्भय सागर महाराज के श्रीचरणों में नमन कर श्रीफल भेंट कर आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।तपोवन जैन सिद्ध तीर्थ क्षेत्र में माह अप्रैल में पंचकल्याण महोत्सव आयोजित होने वाला है।

पहाड़ी पर तीर्थ स्थित होने के कारण आवागमन में हो रही कठिनाई के कारण तीर्थ के अध्यक्ष पवन जैन जी ने सीसी मार्ग बनाए जाने का अनुरोध विधायक लारिया से किया। इसी तारतम्य में सिद्ध क्षेत्र के दर्शन और अवलोकन हेतु विधायक लारिया पहुंचे।तपोवन तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा शॉल, श्रीफल,अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण के साथ विधायक लारिया जी का स्वागत किया गया। विधायक लारिया ने पंचकल्याण महोत्सव आयोजन में सफाई, लाईट,चलने लायक सड़क और पूर्ण सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया। विधायक लारिया ने कमेटी को अवगत कराया कि तीर्थ में लगभग 30 लाख रू.की राशि से सी.सी. मार्ग की राशि स्वीकृत होना है।




निरीक्षण के दौरान तपोवन ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन जैन, सुरेंद्र जैन मालथोन, प्रेमचंद पटवारी,सुरेश जैन बीज निगम, अशोक जैन चितौरा, सुकमाल जैन जी नैनधरा, आलोक जैन, प्रसन्न जैन, प्रमोद जैन उपस्थित रहे।

# एमपीआरडीसी के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा घटिया एवं गुणवत्ताहीन नाली का निर्माण कार्य

सत्ता सुधार ■ सागर

सागर जिले के अंतर्गत आने वाले विकासखंड रहली में बस स्टैंड से चांदपुर तिराहे तक एमपीआरडीसी द्वारा सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान नाली का कार्य बेहद घटिया एवं गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है जिसको लेकर अधिकारी को भी जानकारी दी गई है लेकिन कार्य नहीं सुधर रहा है, वैसा ही घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता ना होने को लेकर अधिकारी की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे है कि आखिरकार शासन द्वारा जब करोड़ों रुपए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए दिए जाते हैं तो अधिकारी द्वारा ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। नाली निर्माण के दौरान गुणवत्तापूर्ण सीमेंट रेट एवं गिट्टी का उपयोग नहीं किए जाने के आरोप है।बताया जा रहा है कि निर्माण के दौरान निर्धारित अनुपात में मिश्रण का उपयोग नहीं किया जा रहा तो वही घटिया किस्म सरिया का उपयोग किया जा रहा है। तय माप दंड के अनुसार सरिया नहीं लगाया जा रहा बताया जा रहा है कि बहुत दूर-दूर सरिया को बांधकर नाली निर्माण में उपयोग किया जा रहा है।




### इनका कहना है

मैं जांच करता हूं की कार्य कैसा हो रहा है, मैंने अधिकारी से बोला है वैसे कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जा रहा है।

**-महाप्रबंधक, एमपीआरडीसी सागर**

# खुरई से नर्मदा नदी बरमान घाट के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पैदल यात्रा के लिए लिखा



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

रविवार को मां नर्मदा सेवा समिति के द्वारा श्री पुराने हनुमान मंदिर से बरमान के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। यह यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए 14 मार्च को बरमान पहुंचेगी। खुरई से प्रारंभ हुई इस यात्रा का नगर सहित अन्य जगहों से फ़ूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से एडवोकेट सन्तोष सिंह ठाकुर ,सीताराम साहू, अजब सिंह ठाकुर,गंगाराम पटेल(डाक्टर),प्रभु नेमा, नरेंद्र पटेल,हीरा पटेल, गोपाल कोरी अवध चन्देल, राजवीर, राघवेंद्र चौबे,चन्दन राजपूत सहित नर्मदा सेवा समिति के सभी सदस्य शामिल हैं। नर्मदा यात्रा पर पैदल जा रहे श्रद्धालुओं का भी जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा 14 मार्च तक नर्मदा घाट के बरमान पहुंचेगी जहां विधि विधान से पूजा अर्चना होगी। जहां समापन के बाद प्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। इस दिन खुरई सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। समिति के सन्तोष सिंह ने कहा कि हमारे देश में समस्त नदियां पूज्य हैं। सभी भारतवासी अपनी सुलभता अनुसार नदियों की पूजा करने एवं परिक्रमा करने का पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस प्रकार से प्रकृति एवं पर्यावरण को बचाने के लिए भक्ति भाव से जोड़कर इस अवसर का लाभ लेते हैं।हम सभी प्रतिवर्ष पैदल बरमान यात्रा कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हैं।

### बनहट गांव में सागर रोड से किसान की मोटरसाइकिल चोरी

**खुरई(सागर)।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बनहट गांव में सागर रोड पर से एक किसान की होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मिली जानकारी अनुसार बनहट निवासी रामदास कुर्मी सागर रोड पर गाड़ी क्रमांक MP15 जेडडी 1458 को खड़ी कर खेत चले गए। कुछ देर बाद जब बापिस लौटे तो बाइक वहां नहीं मिली। आसपास क्षेत्र में तलाश करने पर कोई बाइक का कुछ पता नहीं चला। उसके बाद थाना पहुंचकर पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत की।

# नए सत्र 2025 के लिए माडल प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई, 96 विद्यार्थी हुए शामिल

सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

रविवार को शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र परीक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा माड्ल स्कूल में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। नोडल अधिकारी डॉ विनोद राय ने अवगत कराया कि विद्यालय में आज माडल प्रवेश परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर कुल दर्ज परीक्षार्थी 109 में से परीक्षा में 96 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष प्रभारी बीईओ रविकांत असाटी, सहायक केन्द्राध्यक्ष अशोक पाराशर, एवं गोपाल विश्वकर्मा केन्द्र पर प्रेक्षक प्राचार्य एच.एन.जिझौतिया नियुक्त किए गए। परीक्षा में दस पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया। प्रवेश परीक्षा गोपनीयता एवं शुचिता के साथ संचालित सम्पन्न हुई।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता संघ ने महिलाओं का किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

सिविल न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता संघ महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशीष कुमार शुक्ला द्वितीय जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति और विशिष्ट अतिथि तृतीय जिला न्यायाधीश मुकेश कुमार यादव मौजूद रहे। जहां दोनों न्यायाधीशों की पत्नियों को उनके न्यायाधीश पतियों ने पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा महिला न्यायाधीश चेतना दीक्षित, न्यायाधीश सौम्या विजयवर्गीय, न्यायाधीश श्रेया गक्खर का सम्मान किया गया। इसके अलावा महिला अधिवक्ताओं, न्यायालीन विभाग, पुलिस विभाग, बैंक, पंचायत विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित समाजसेवा से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को न्यायाधीश आशीष कुमार , न्यायाधीश मुकेश कुमार, न्यायाधीश चेतना दीक्षित, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चौबे ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लोकेंद्र कुर्मी और आभार अधिवक्ता संघ सचिव हिमांशु शर्मा ने किया।

# गेहर : सिंधी समाज का यह व्यंजन 77 साल से लोगो की जुबान पर कर रहा है राज

सत्ता सुधार ■ सागर

सिंध प्रांत से ही सिंधी समाज में होली पर गेहर से मुंह मीठा करने की परंपरा चली आ रही है। सिंधी समाज प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि होली के 22 दिन पहले से ही बहन और बेटियों के घर भेजे जाने वाली यह विशेष प्रकार की मिठाई अपने रिश्तेदारों एवं दोस्तों में मिठास घोल रही है। गेहर खाने-खिलाने का दौर रंग-पंचमी तक अनवरत चलता है।

इस बार होली पर सिंधी समाज की महिलाओं को मायके से आने वाले गेहर का सिलसिला शुरू हो गया है। राजेश मनवानी ने बताया की शादी-शुदा महिलाएं अपने मायके से गेहर आते ही आस-पड़ोस में मुंह मीठा कराती है। राहतगढ़ बस स्टेड के सामने गुरदासमल होटल, नया बाजार में खूबामल होटल, सिंधी कॉलोनी में मुकेश छाबड़ा, महेश तलरेजा इन लोगों की दुकान पर रोजाना 2 से 3 क्विंटल गेहर बनते है। दुकानदार निर्मल बजाज और मुकेश छाबड़ा, बबलू पुरसवानी, राम माखीजा ने बताया कि उनके पास महिने भर पहले से कई लोगों के आर्डर आते हैं। जिसे भेजने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस काम में राजेश बजाज, अनिल, शंकर बजाज लगे हुए है। अजय मोहनानी, निर्मल भोले, अनिल जसवानी, शंकर मोटवानी, रवि सुंदरानी ने बताया कि जब तक अपनी बहन व बेटियों के घर गेहर पहुंचने की जानकारी नहीं मिल जाती तब तक हम लोग स्वयं भी गेहर का स्वाद नहीं चखते। श्रीमती रूकमणी, आशा निरंकारी, श्रीमती सपना ने बताया कि सिवनी, कटनी, बुरहानपुर, जबलपुर, नागपुर, इटारसी, बिलासपुर, मुंबई, बनारस, चंडीगढ़, हैदराबाद, मद्रास में ब्याही अपनी बेटी के लिए गेहर भेंजती हैं। समाज के वयोवृद्ध माधोमल हसरेजा, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष भीष्म राजपूत, लझामनदास जयसिंघानी, हरीराम लहरवानी, भरतलाल पिंजवानी, किशोर बलेजा, लधाराम पंजवानी, मोहनलाल सडानी ने बताया कि सिंध प्रांत में नई फसल आने पर किसान गेहर से मुंह मीठा कराकर अपनी खुशी का इजहार करते थे। भारत आने के बाद सिंधी समाज में होली पर गेहर खाने-खिलाने की यह परंपरा आज भी जीवंत स्वरूप में दिखाई देती है। जब गेहर बनते है तो दूसरी समाज के लोग भी इसे खाने में लालायित रहते है।



राजेश मनवानी ने बताया कि वह अपने मित्रों के साथ सिंधी समाज की इस विशेष मिठाई को बांटकर आनंद की अनुभूति को प्राप्त करते है। उनके परममित्र डॉ.सुरेशचंद रावत, हरगोविंद विश्व, जगदीश सागर, डॉ. हरगोविंद सेन, डॉ. गजाधर सागर, श्रीमती मालती सेन, सुश्री अपर्णा चाचोंदिया, चंपक भाई, उमेश समैया, आकाशवाणी गायक देवीसिंह राजपूत बताते है कि सिंधी समाज का यह गेहर बांटने का सिलसिला हम सबको मिल-जुलकर रहने की नई शिक्षा देता है।

## दो दिवसीय ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का समापन, विजेताओं को मिले एक लाख के पुरस्कार

# सत्य घटनाओं पर बनाएं फिल्में, नकल न करें

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



फिल्म समाज का आईना होती हैं। लेखक की जिम्मेदारी होती है कि वह फिल्म के माध्यम से समाज को सच्चाई से अवगत कराएं। फिल्म निर्माता सत्य घटनाओं पर आधारित गंभीर फिल्में बनाएं। किसी भी फिल्म की नकल बिल्कुल न करें। यह बात आईआईटीटीएम में आयोजित दो दिवसीय 'ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल' के समापन समारोह में रविवार को वक्ताओं ने कही। मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का समापन ओम नमः शिवाय फेम प्रख्यात अभिनेता समर जयसिंह एवं चर्चित फिल्म 'द कन्वर्जन' के निर्माता-निर्देशक विनोद तिवारी, प्रख्यात फिल्म निर्देशक देवेंद्र मालवीय, प्राध्यापक डॉ.श्रीनिवास सिंह, विक्रांत विश्वविद्यालय की कुलगुरू अमरीका सिंह के सानिध्य में हुआ। अध्यक्षता सतपुड़ा चलचित्र समिति मध्य प्रदेश के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने की। कार्यक्रम सह संयोजक संजीव गोयल भी मंचासीन रहे। अभिनेता समर जय सिंह ने इस आयोजन के लिए सतपुड़ा चलचित्र, भोपाल एवं विश्व संवाद केंद्र, भोपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नए कलाकारों को मंच मिलने से वह प्रोत्साहित होंगे। उन्हें मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिल्म निर्देशक देवेंद्र मालवीय ने फिल्मकारों से कहा कि अगर आपके पास विचार हैं तो आप ग्वालियर में भी फिल्में बना सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत मुकुंद पाठक, प्रवीण दुबे, अतुल दुबे, लक्ष्मीनारायण प्रजापति, तपन भार्गव, हर्षिता श्रीवास्तव, मनीष मांझी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अश्विनी अग्रवाल, अभिनव द्विवेदी, उमेश गोंजे ने किया।

### 4 कैटेगिरी में 73 फिल्मों का प्रदर्शन

ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टवल में चार श्रेणी (कैटेगरी) शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, कैंपस फिल्म एवं रील्स कैटेगरी की 73 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया था।

### इन फिल्मों ने जीते अवार्ड

कैंपस फिल्म कैटेगरी में प्रथम स्थान पर ध्रुव तारा फिल्म रही। इसके डायरेक्टर नवीन कुमार थे। दूसरे स्थान पर आशीष मिश्रा द्वारा निर्देशित फिल्म कहानी एवं तीसरे स्थान पर विजय बोडके की फिल्म किताबी मस्ती रही। वहीं डाक्यूमेंट्री कैटेगरी में प्रथम सेकेंड चांस (फिल्म निर्माता हर्षित मिश्रा),द्वितीय स्थान पर गल देवः एक अनोखी मान्यता (तनिष्क भूरिया) और तीसरे स्थान पर काशीः आदि, अंत और मोक्ष (दिव्यांशी बुंदेला) रही। शॉर्ट फिल्म श्रेणी में प्रथम लोन आसान दरों पर (आशीष जी), द्वितीय फोन कॉल (विशेष शर्मा), तृतीय स्थान पर अब होगा इंसाफ फिल्म (विजय तिवारी) रही। रील कैटेगरी में प्रथम धरती पुत्र अगरिया(कृतार्थ देव चतुर्वेदी) और स्पेशल जूरी अवार्ड डॉक्यूमेंट्री चंबलः सत्य और मिथ्या (आशुतोष भार्गव), डिग्री फिल्म (दीपक दुबे) को दिया गया। विजेताओं को करीब एक लाख के पुरस्कार प्रदान किए गए।

# मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका हैः आदर्श दीदी

### ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर हुआ महिलाओं का सम्मान

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभु उपहार भवन माधौगंज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज की भगिनी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के महिला प्रभाग तथा श्री गहोई वैश्य समाज कम्पू पंचायत महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज केंद्र प्रमुख राजयोगिनी बीके आदर्श दीदी, माहेश्वरी हॉस्पिटल से सर्जन डॉ. स्वेता माहेश्वरी, गहोई वैश्य समाज कम्पू पंचायत मंडल की अध्यक्ष साधना खांगट, संरक्षक सुधा बिलैया, संरक्षक डॉ. साधना गुप्ता (खर्द), वैश्य समाज चंबल अध्यक्ष राखी गेंडा, लेखिका एवं कवियत्री आशी प्रतिभा दुबे, ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन और प्रेरक वक्ता बीके प्रहलाद भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहीं बीके ज्योति बहन ने ब्रह्माकुमारीज के महिला प्रभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। तत्पश्चात बीके आदर्श दीदी ने सभी को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं अहम भूमिका है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रही हैं। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विज्ञान, व्यापार, और यहां तक कि आध्यात्मिकता के क्षेत्र में भी महिलाओं की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम में साधना खांगट, बीके प्रहलाद, डॉ. स्वेता माहेश्वरी, डॉ. साधना गुप्ता, राखी गेंडा, सुधा बिलैया और आशी प्रतिभा दुबे ने भी अपने विचार रखे। अंत में संस्थान के द्वारा अलग अलग क्षेत्र की महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें आईटीएम यूनिवर्सिटी से असि. प्रोफेसर सोनाली सिंह, केआरजी कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. निधि नोगरैया, रश्मि कुचिया, सुनीता यादव, कंचन तोतलानी, छाया, अनुराधा नीखरा, ममता मेहदेले, एडवोकेट शिल्पा डोंगरा सहित मंचासीन बहन शामिल थीं।

### धूमेश्वर मेला के सफल आयोजन के वॉलिंटियरों का किया सम्मान



**भितरवार।** रविवार को क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राचीन धूमेश्वर महादेव मंदिर पर पिछले दिनों दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला में दर्शनार्थियों को सुरक्षा प्रदान करने बाले अखंड हिंद फौज के वालंटियर एवं मेला व्यवस्था में साफ सफाई के अलावा अन्य व्यवस्थाओं में पूरी लग्नशीलता से कार्य करने वाले सभी वॉलिंटियर्स का समारोह पूर्वक सम्मान समारोह कार्यक्रम धूमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर मंदिर महंत महामंडलेश्वर अनिरुद्ध वन महाराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण उपाध्याय द्वारा किया गया। इस दौरान कई गणमान्य जन और विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने ऐसे टूर्नामेंट समय समय पर आयोजित होना चाहिएः रावत

**भितरवार ।** क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। संसाधनों के अभाव के बाद भी कई खिलाड़ियों ने अपने खेल के प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सरकार भी खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के दिशा में काम कर रही है। यह बात भाजपा नेता उदयभान सिंह रावत ने क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते हुए कही है। श्री गोलेश्वर महादेव मेला में नगर परिषद द्वारा आयोजित वार्ड स्तरीय क्रिकेट में टूर्नामेंट में क्वाटर फाइनल में पहुंच चुकी टीमों के बीच मुकाबला हुआ। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में चल रहे उक्त टूर्नामेंट में रविवार को पहला मैच पुलिस प्रशासन और वार्ड 8 की टीम के बीच हुआ। मैच के मुख्य अतिथि भाजपा नेता उदयभान सिंह रावत और विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मन्नू यादव,पार्षद गजब सिंह रावत,सरपंच रामबली कमरिया ने टॉस कराकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।वहीं विशिष्ट अतिथि सरपंच रामबली कमरिया ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से शारीरिक विकास के साथ व्यक्तित्व का भी विकास होता है। खेल कूद प्रतियोगिताओं से आपसी भाईचारा की भावना जागृत होती है। वहीं टूर्नामेंट में वार्ड 10 ने वार्ड 11 की टीम को हराकर अगले क्रम में प्रवेश किया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 ने वार्ड 4 की टीम को हराकर मैच जीता।



### महिला सफाई कर्मियों का किया सम्मान

**ग्वालियर।** सेवार्थ जन कल्याण समिति के लाल मल्टी राजीव आवास योजना, वार्ड 29 पर 6 महिला सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रवि चौबे थे। उन्होंने सभी उपस्थित 50 बच्चों और सफाई कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया। शैक्षणिक सामग्री भी प्रदान की और स्वच्छता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बच्चों को इसके संस्कार विकसित करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर पाठशाला समूह के सचिव मेजर मनोज पांडे, समाजसेवी केपी कुशवाहा, शिक्षक पंकज कुशवाहा, अनुष्का मिश्रा आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता पाठशाला समूह के अध्यक्ष ओपी दीक्षित ने की।



### आभा अग्रवाल का सम्मान



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश की ग्वालियर निवासी, बानमोर (मुरैना) इंडस्ट्री की उद्यमी श्रीमती आभा अग्रवाल का शॉल, श्रीफल और नारियल से महिला दिवस पर सम्मान पॉलिटेक्निक कॉलेज एमपीआईसीसी एसएमई और भारती स्टेट बैंक द्वारा किया गया। उन्हें लघु उद्योग भारती ग्वालियर शहर अध्यक्ष राजीव वैश्य एवं उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### बाबा बर्फानी की बैठक संपन्न



**ग्वालियर।** श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अमरनाथ यात्रा की तारीखों की घोषणा होते ही बाबा बर्फानी समिति की तत्काल बैठक आयोजित की गई। संरक्षक महेंद्र भदकारिया एवं बृज कटारिया की अध्यक्षता में बैठक में कई निर्णय लिए गए। लोकेश शर्मा, पन्नालाल गौड़, श्याम लहारिया, भरत ढींगरा एवं गजेंद्र शर्मा ने बताया कि समिति का चौथा लंगर बालटाल बैस कैम्प में लगाया जायेगा। जिसके लिए ग्वालियर बाबा बर्फानी समिति के चार सदस्सीय दल गांदरबल डीसी ऑफिस जम्मू कश्मीर मार्च के दूसरे हफ्ते में जायेंगे। समिति के गौरव नागवानी, सुनील शिवहरे ने बताया कि यात्रा पर जाने के लिए मेडिकल और रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। यात्री ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यात्रा पर जाने वाले 13 वर्ष ऊपर व 70 वर्ष से अधिक आयु नहीं होनी चाहिए। बैठक में दिलीप यादव, संजय कुशवाह, अशोक राणा, गौरव पमनानी, प्रदीप गांगिल, प्रदीप गुप्ता शामिल रहे।

# पिंक रंग की साड़ी में मनाया महिला दिवस

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति मंच द्वारा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी महिलाओं को गुलाबी कलर की साड़ी पहनकर आनी थीं। इन सभी महिलाओं को गुलाबी साड़ी में बुलाकर यहां संदेश दिया गया कि नारी जितनी सरल होती है, उतनी ही वक्त आने पर सशक्त और शक्तिशाली होती है। गुलाबी कलर पहनने का उद्देश्य यहां है कि नारी का हृदय कोमल और पवित्र होता है। रंगों के माध्यम से एक दूसरे को महिला दिवस की बधाइयां दी और चॉकलेट्स खिलाकर एक दूसरे को फूल देकर महिला दिवस पर महिला शक्ति मंच की सभी सदस्यों ने आने वाले समाज को यह बताया है कि नई सरल और सहज होने के साथ-साथ बहुत ही प्रबल और शक्तिशाली है तथा समय अनुसार वहां स्थिति का सामना कर सकती है, इस हेतु एक मोटिवेशन एक्सपो का आयोजन महिला शक्ति मंच ने किया। साथ ही शहर के कई स्थानों पर जैसे चिड़ियाघर पर महिला शक्ति मंच की सभी सदस्यों ने घुमा और बेजुबान जानवरों के साथ कुछ पल बिताए और संदेश दिया कि आने वाली पीढ़ी में हम जानवरों की सुरक्षा करें, जो कि वर्तमान स्थिति में पूर्णता लिप्त होते जा रहे हैं। इसी के साथ महिला दिवस पर महिला शक्ति मंच ने बिल्कुल निशुल्क ब्यूटी पार्लर के कुछ टिप्स भी महिलाओं को दिए। इस तरह से महिला शक्ति मंच ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव पिंक साड़ी में मनाया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष तारा शाहा, रक्षा बघेल, नेहा बाथम, हिमानी मौर्य, अश्विनी, नीलम रजक, मुस्कान बाथम, कामिनी राठौर, रश्मि भार्गव, सीमा आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

### डॉ. संजय सिंह ने किया गायकी का प्रदर्शन

**ग्वालियर।** रागायन, स्वरांजलि कला साधक, आरंभिका, स्वर संस्कार एवं रंगभूमि ग्वालियर मध्यप्रदेश का संयुक्त आयोजन ग्वालियर के वरिष्ठ एवं युवा कलाकारों द्वारा शास्त्रीय गायन एवं वादन पर 24 घंटे की अनवरत अखंड राग गायन प्रस्तुतियां गंगादास की बड़ी शाला में हुईं। रविवार को प्रातः 8:00 बजे से 10 मार्च को 8:00 बजे तक प्रस्तुति क्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के गायन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह सिंहल द्वारा रविवार को शाम 7:30 बजे राग तिलक कामोद में बड़ा ख्याल विलंबित झपताल में सप्त सूरन को ध्यान धरिए तथा छोटा ख्याल द्रुत तीन ताल में नीर भरन कैसे जाऊं सखी रे अब तथा अंत में मनमोहक तराने की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया एवं बहुत ही भावपूर्ण गायकी का प्रदर्शन किया।



# गंगादास की बड़ी शाला में स्वर ताल परिक्रमा कार्यक्रम शुरू

### 24 घंटे की अनवरत प्रस्तुतियों में आठों प्रहर के रागों का प्रस्तुतीकरण

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

रागायन, स्वरांजलि कला साधक, आरंभिका, स्वर संस्कार एवं रंगभूमि ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में बाबा गंगादास की बड़ी शाला परिसर में स्वर ताल परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को प्रारंभ हुआ। ग्वालियर के युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों द्वारा 24 घंटे की अनवरत प्रस्तुतियों में आठों प्रहर के रागों का प्रस्तुतीकरण इस कार्यक्रम की विशेषता है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 9 मार्च को प्रातः 8:00 बजे किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात तबला वादक पं. किरण देशपांडे (भोपाल), विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पंडित राजा काले (मुंबई) उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता गंगादास की बड़ी शाला के महंत पूरन वैराठी पीठाधीश्वर स्वामी रामसेवक दास जी महाराज ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ। इसमें केआरजी कॉलेज की छात्राओं द्वारा राग परमेश्वरी में अनूप मोघे के निर्देशन में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात मनीष करवड़े द्वारा संगीत की तीनों विधाओं पर रचित एवं स्वरबद्ध संगीत महिमा गीत राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन सत्र में सारदा नाद मंदिर संगीत महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने अनूप मोघे के निर्देशन में राग विभास में निबद्ध सूर्य स्तुति प्रस्तुत की। संगीत प्रस्तुतियों का शुभारंभ वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं. राजा काले के शास्त्रीय गायन से हुआ। आपने राग भैरव में रुपक में निबद्ध बडा ख्याल एवं तीनताल में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। आपके साथ तबला संगति पं. किरण देशपांडे एवं हारमोनियम संगति श्याम जोशी ने की। गायन पर आपका साथ अमृता काले ने दिया। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में दीपांशु शर्मा ने सितार पर बसंत मुखारी में आलाप जोड झाला के पश्चात विलंबित मध्य एवं द्रुत गत प्रस्तुत की। आपके साथ तबला संगति श्री राजेंद्र शर्मा ने की। सितार वादन के पश्चात वल्लरी मोघे ने शास्त्रीय गायन में राग भूपाल तोडी में बडा ख्याल एवं छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। वल्लरी ने अपने गायन का समापन टप्पा गायन से किया। तबला संगति मनीष करवड़े एवं हारमोनियम संगति विवेक जैन ने की। सुयश दुबे ने तीनताल में एकल तबला वादन प्रस्तुत किया।



# सामूहिक विवाह सम्मेलन से फिजूल खर्ची, दहेज प्रथा रोकेगा ब्राह्मण समाज

■ **निशुल्क पंजीयन 30 मार्च तक, 18 मार्च को होगा होली मिलन**



**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति के तत्वाधान में ब्राह्मण समाज 29 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन करेगा जिससे फिजूल खर्ची एवं दहेज प्रथा पर रोक लगाने में सार्थक प्रयास होंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के निशुल्क पंजीयन 30 मार्च तक प्रधान कार्यालय ऊंटपुल जिंसी नाले पर दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होंगे। प्रधान कार्यालय में सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन संस्थापक डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने किया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन, गायत्री मंत्रोच्चारण से बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह गोपाल मंदिर फूलबाग में 18 मार्च को सायंकाल 4:30 बजे फूल और कुमकुम के तिलक लगाकर फाग गीतों के साथ श्रीमती शशि गोस्वामी के भजनों के साथ प्रारंभ होगा। 29 मार्च सायंकाल 4:30 बजे प्रधान कार्यालय पर भजन गीत गायन के साथ संवत् 2081 की विदाई समारोह होगा। 30 मार्च को नव संवत्सर 2082 पर सकल ब्राह्मण समाज अपने-अपने घरों पर एक लाख 2082 दीपक जलाकर नव संवत्सर सबके सुख, समृद्धि, शांति एवं ग्वालियर के विकास की कामना करेंगे। 2 अप्रैल को मां सिदेश्वरी सिद्धपीठ, विनय नगर सेक्टर एक में एक शाम माता रानी के नाम का आयोजन होगा। 8 अप्रैल को ग्वालियर से शिवपुरी के लिए श्री राजेश्वरी यात्रा रवाना होगी, जो राजेश्वरी दरबार मंदिर, शहीद तात्या टोपे समाधि स्थल ,बाणगंगा तीर्थ स्थल, भडिया कुंड, सिंधिया छतरी, माधव नेशनल पार्क होते हुए तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर कथा मिल के पास परशुराम मंदिर में संभागीय ब्रह्म समागम में शामिल होगी। यहां ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन के आमंत्रण पत्रिका का पूजन महामंडलेश्वर स्वामी पुरुषोत्तमानंद महाराज के मुख्य आतिथ्य में तथा अध्यक्षता संभागीय संयोजक पुरुषोत्तम कांत शर्मा की अध्यक्षता में होगा।

### आम आदमी पार्टी ने फूलबाग पर दिया धरना

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

आम आदमी पार्टी ने भीख मांगने वाले बयान पर फूलबाग चौराहे पर धरना दिया। आम आदमी पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष अभिताभ पांडे ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार के मंत्री जनता को भिखारी कहा रहें हैं, वहीं मुख्यमंत्री इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं, ऐसा लगता है भाजपा को भी पता है की हम चुनाव ईवीएम से जीते हैं न कि जनता के वोट से इसलिए इस प्रकार की बयान बाजी करते हैं। आम आदमी पार्टी इस बयान को लेकर जनता से अपील करती है कि भाजपा के किसी भी मंत्री को कभी वोट न करें। साथ ही आम आदमी पार्टी भाजपा से मांग करती है ऐसे मंत्री को अपने पद से बर्खास्त किया जाए। अगर जनता से माफी नहीं मांगी तो आम आदमी पार्टी प्रदेश भर में भाजपा सरकार के मंत्रियों का पुतला दहन करेगी। धरने में प्रदेश संयुक्त मीडिया कोर्डिनेटर राहुल गौर, ओबीसी विंग प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन पाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अहिरवरन सोलंकी, जिला सचिव त्रिलोचन सिंह, प्रदेश अमीता खंडेलवाल, मनीषा बंसल, सरीता सुमन, फूल कवर, जिला मीडिया प्रभारी संजय सिंह देहलवार, हरिसिंह बघेल, भूपेंद्र पांडे, पतिराम, अजय बाथम, राकेश शंखवार, डालचंद केबरे, वीरू सिसोदिया, पवन चोपड़ा, भगवान सिंह कुशवाहा, ओपी उपमन्यु, श्याम सिंह गौर, नदीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



# एफपीआई ने महिला दिवस पर किया जागरूक

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**




फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा आर्चीज परियोजना के अंतर्गत शाखा की महाप्रबंधक एवं कार्यक्रम की विशेष अतिथि श्रीमती नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र जीवाजी गंज पर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। माल्यार्पण के उपरांत श्रीमती नीलम दीक्षित ने बताया कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नीता शाक्य एवं सुरुचि गुप्ता ने महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए और पौष्टिक और विटामिन युक्त खाना अधिक मात्रा में लेना चाहिए। काउंसलर निधि अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग के माध्यम से महिलाओं पर होने वाली शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा और भावनात्मक हिंसा और मौखिक हिंसा के बारे में जागरूक किया। काउंसलर एवं कंसोटिया ग्रैंड फंड प्रोजेक्ट की श्रीमती पूजा शर्मा ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में प्रशिक्षण दिया। अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती साधना साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में करीब 73 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रण लिया के खुद भी जागरूक रहेंगी और दूसरी महिलाओं को भी जागरूक करती रहेंगी।

# गौशाला में मनाया गया फागोत्सव, जन्मोत्सव एवं ज्ञानोत्सव

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



आदर्श गौशाला में होली से पूर्व, फागोत्सव, ज्ञानोत्सव, एवं जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। गौशाला में जन्मोत्सव के साथ होली के फाग गाए गए, फूलों एवं प्राकृतिक गुलाल से होली खेली गई। इसके साथ ही छात्रों को किस प्रकार सनातन संस्कृति से जोड़ा जाए इसके लिए जीवाजी विश्वविद्यालय के पॉलिटिक्ल साइंस एवं एमबीए, टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यापकों ने संत ऋषभ देवानंद महाराज के साथ चर्चा की। आदर्श गौशाला में अदिविका गौतम पुत्री पुष्पेंद्र गौतम निवासी सुरेश नगर ठाठीपुर का जन्मदिन भारतीय सनातन परंपरा के अनुरूप् मनाया गया। अद्विविका को संतों ने आशीर्वाद दिया, साथ ही इस अवसर पर फागोत्सव भी मनाया गया। जिसमें होली और भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए गए। इस अवसर पर संत ऋषभ देवानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगों की खुशी तब सार्थक होती है, जब उसमें सनातन संस्कृति, प्रकृति, भक्ति और समाज की भलाई करने की चाह समाहित हो।

### गौमय प्राकृतिक गुलाल से खेली गई होली

गौशाला में गौमय प्राकृतिक रंगों से बने गुलाल और फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को होली की बधाईयां दी।

### शिक्षकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान जीवाजी विश्व विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया। संत ऋषभ देवानंद महाराज ने कहा कि समाज को दिशा देने में शिक्षकों का सबसे अधिक योगदान है।




## ब्रीफ न्यूज

### नासा की ड्रिलिंग मशीन, देखते ही देखते छेद डाला चांद का सीना

**नई दिल्ली।** नासा की नई ड्रिलिंग मशीन चांद पर एक नए युग की शुरुआत कर रही है। इस मशीन ने देखते ही देखते चंद्रमा की सतह में गहरा छेद कर दिया। नासा का यह अत्याधुनिक उपकरण है। इसे लैंडर के जरिए चांद पर भेजा गया है। अभी तक इंसानों ने चंद्रमा की सतह का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा ही एक्सप्लोर किया है। मिशन के तहत नासा इसे और आगे ले जाने की तैयारी कर रहा है। चंद्रमा को बेहतर तरीके से समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि यह भविष्य में मंगल और अन्य ग्रहों पर जाने की नींव रखेगा। लिस्टर का मकसद चांद के अंदरूनी तापमान को मापना है। इस मशीन में एक खास तरह की ड्रिल लगी हुई है, जो तीन मीटर तक खुदाई कर सकती है। हर आधे मीटर की गहराई पर यह सिस्टम रुककर एक खास थर्मल प्रोब को चंद्रमा की मिट्टी में डालता है। इससे यह दो तरह की जानकारी जुटाएगा- थर्मल ग्रेडिएंट (गहराई के साथ तापमान में बदलाव) और थर्मल कंडक्टिविटी (मिट्टी में तापमान के संचार की क्षमता)। इस प्रोजेक्ट का मकसद चंद्रमा के तापमान और उसकी सतह की बेहतर समझ बनाना है, ताकि भविष्य में इंसानी बस्तियां बसाने की योजना बनाई जा सके। यह ड्रिलिंग मशीन सिर्फ चांद तक ही सीमित नहीं रहेगी।

### जयशंकर के आंकड़े वाले बयान पर हॉल में जमकर लगे ठहाके

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर हैं। यहां मैनचेस्टर में उन्होंने शनिवार को नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय समुदाय और व्यापार क्षेत्र से जुड़े लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया कि पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मैं आपसे यह भी आग्रह करूंगा कि इस वाणिज्य दूतावास को वास्तव में उस युग की तैयारी के रूप में सोचें। हम स्पष्ट रूप से आने वाले समय में संबंधों में बहुत बड़ी उछाल की उम्मीद कर रहे हैंमेरा अनुभव यह है कि जब भी मैं कोई आंकड़ा लेकर आता हूं, तो कोई मुझे बड़ी संख्या के साथ सही कर देता है। इसलिए मैं समुदाय के आकार के लिए एक संख्या के साथ यहां आया था, लेकिन आपसे सुनने के बाद, मैंने इसे अपने पास रखने का फैसला किया।

### अमेरिका के फाइटर जेट को देखकर चीन के माथे पर आया पसीना

**वॉशिंगटन।** चीन और अमेरिका में एक-दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ हमेशा लगी रहती है। ये दौड़ उस वक्त और बढ़ जाती है जब मामला डिफेंस का हो। हथियारों और ड्रोन की जंग में अब दोनों ही देश काफी आगे निकल गए हैं। लेकिन अमेरिका ने ड्रोन वॉर में फतह पाने के लिए एक नई तरकीब लगाई है। उसने फाइटर ड्रोन तैयार कर लिया है और अगर ऐसा है, तो यह चीन के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द हो सकता है। इस महीने, एयर एंड स्पेस फोर्सेस मैगजीन ने रिपोर्ट किया कि अमेरिकी वायु सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डेविड ऑल्विन ने कोलोराडो के ऑरोरा में एएफए वारफेयर सिंपोसियम में सेना के इन नए लड़ाकू ड्रोन को दुनिया के सामने रखा।

# कैलिफोर्निया के मंदिर पर पहले लिखे भारत विरोधी नारे, फिर शुरु कर दी तोड़फोड़

एजेंसी ■ कैलिफोर्निया




चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर रविवार को हमले हुए। इससे पहले मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए गए। परिसर को अपवित्र करने की कोशिश की गई। यह घटना इस समय अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने वाली नफरत की घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा बन गई है, जिसे लेकर हिंदू समुदाय में गहरी चिंता और असंतोष व्याप्त है।


बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे।


इसके अलावा उन्होंने कहा, हमारी सामान्य मानवता और विश्वास यह सुनिश्चित करेगा कि शांति और सहानुभूति का शासन हो। चीनो हिल्स पुलिस विभाग ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिका में हुआ यह दूसरी ऐसी घटना है। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि चीनो हिल्स में उनका मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है। इसने यह भी कहा कि समुदाय कभी भी नफरत को जड़ पकड़ने नहीं देगा।

# भारत के दुश्मनों का हो रहा खात्मा- एक के बाद एक उतारे जा रहे मौत के घाट

## मुफ्ती शाह मीर को अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोलियां मारीं

एजेंसी ■ इस्लामाबाद





भारत के दुश्मनों का बचना मुश्किल हो गया है। एक-एक करके इनका खात्मा होता जा रहा है। अज्ञात हमलावर आते हैं और गोलियों से भूनकर चले जाते हैं। मुफ्ती शाह मीर के साथ बलूचिस्तान में यही हुआ। मीर पर आरोप था कि उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से भारतीय व्यवसायी और पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी कुलभूषण जाधव का ईरान से अपहरण कराया था। मीर मानव तस्करी में भी शामिल था। वह स्थानीय मस्जिद से रात की नमाज अदा करने के बाद बाहर आ रहा था, तभी बाइक सवार हमलावरों ने उसे घेरकर नजदीक से गोलियां मारीं। रिपोर्ट के अनुसार, मीर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। एक और टारगेट किलिंग के बाद पाकिस्तान में फिर एक बार सवाल गूंज रहा है कि आखिर भारत के दुश्मनों को कौन मार रहा है। मीर मुफ्ती के रूप में अपनी पहचान बनाई थी और जमीयत उलमा-ए-इस्लाम नामक एक इस्लामी कट्टरपंथी राजनीतिक पार्टी का सदस्य था। सूत्रों के अनुसार, मीर ढ्रस्ढ्र-समर्थित दस्तों का अहम सदस्य था और कई बलूच युवाओं के अपहरण और हत्या में शामिल था। वह बलूचिस्तान में धार्मिक उग्रवाद फैलाने में भी शामिल था।

कौन हैं कुलभूषण जाधव

कुलभूषण जाधव भारतीय नौसेना से जल्दी रिटायर होकर ईरान के चाबहार में एक व्यवसाय चला रहे थे। 3 मार्च 2016 को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के चमन क्षेत्र में उनका अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद उन्हें पाकिस्तान ले जाया गया। अप्रैल 2017 में एक पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने उन्हें जासूसी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में मौत की सजा सुनाई। भारत ने इस फैसले को पूर्व नियोजित हत्या करार दिया था। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने सजा पर रोक लगाते हुए पाकिस्तान सरकार से मामले की पुनः समीक्षा करने और भारत को कांसुलर एक्सेस प्रदान करने को कहा था।

### ईरान से हुआ था कुलभूषण जाधव का अपहरण

मार्च 2016 में कुलभूषण जाधव को जैश अल-अद्ल के मुल्ला उमर इरानी के नेतृत्व में एक समूह ने ईरान-पाकिस्तान सीमा से अपहरण किया और मीर सहित कई बिचौलियों के माध्यम से पाकिस्तानी सेना के हवाले कर दिया। नवंबर 2020 में इरानी और उसके दो बेटों की भी उसी इलाके तुरबत में हत्या कर दी गई थी, जिसे आईएसआई से जोड़कर देखा गया। मीर की हत्या को आईएसआई ऑपरेटरों की आंतरिक संघर्ष का हिस्सा माना जा रहा है। पिछले सप्ताह जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के दो अन्य नेताओं वडेरा गुलाम सरवर और मौलवी अमानुल्लाह को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मीर पर आरोप था कि वह पाकिस्तानी सेना को बलूच लड़ाकों के बारे में खुफिया जानकारी मुहैया करवा रहा था।

# सर्वे में मिले संकेतः अमेरिका से बहस बाद जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग में इजाफा



एजेंसी ■ कीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति के लिए देश में समर्थन बढ़ा है। सर्वे के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के साथ बढ़ते तनाव के बीच जेलेंस्की की अप्रवल रेटिंग में इजाफा हुआ है। कीव इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियोलॉजी (केआईआईएस) के सर्वे में पाया गया कि मार्च की शुरुआत में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग बढ़कर 68 प्रतिशत हो गई, जो एक महीने पहले 57 प्रतिशत थी। इस बीच, उनकी डिसअप्रूवल रेटिंग 37 प्रतिशत से गिरकर 27 प्रतिशत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी एयरोस्पेस फर्म मैक्सार द्वारा ली गई युद्ध के मैदान की तस्वीरें अब यूक्रेन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। कीव इन तस्वीरों का इस्तेमाल रूसी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने और हवाई हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए कर रहा था। सर्वे के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, केआईआईएस के कार्यकारी निदेशक एंटोन ह्रुशेत्स्की ने कहा, यूक्रेन के लोग नई अमेरिकी सरकार की बयानबाजी को पूरे यूक्रेन और सभी यूक्रेनवासियों पर हमला मानते हैं। 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की बैठक एक तीखी बहस में बदल गई। दो देशों के नेताओं के बीच बहस को पूरी दुनिया ने देखा। इस घटनाक्रम के कारण निर्धारित प्रेस कॉन्फ्रेंस और एक प्रत्याशित द्विपक्षीय कच्चे माल समझौते को रद्द करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन लगातार यूक्रेन पर रूस के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने का दबाव डाल रहा है।

# सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 1 हजार से अधिक की मौत

एजेंसी ■ दमिश्क



सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था।

यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। अब हिंसा कुछ हद तक रुक गई है और सरकार ने अधिकांश इलाकों पर नियंत्रण पुनः स्थापित कर लिया है। अधिकारियों ने स्थिरता बहाल करने के लिए तटीय क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद कर दी हैं, जहां हिंसा का केंद्र था। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं।असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था।

### यूएई में छोटे अपराधों के लिए भी दिए जाते हैं सख्त दंड

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक इस्लामिक देश है, जहां शरीया कानून का पालन किया जाता है। शरीया कानून के अनुसार कई अपराधों की सजा सीधे मौत होती है। यहां की सरकार का मानना है कि अपराध को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका यह है कि अपराधी को इतनी कड़ी सजा दी जाए कि बाकी लोग अपराध करने से पहले ही डर जाएं। यही वजह है कि यहां चोरी जैसे छोटे अपराधों के लिए भी सख्त दंड दिए जाते हैं। यूएई की अदालतें अपराध के मामलों में तेजी से फैसले सुनाती हैं, जिससे अपराधियों को जल्द ही सजा मिल जाती है। खासतौर पर हत्या, बलात्कार और ड्रग तस्करी के मामलों में कोर्ट सीधे फांसी की सजा सुनाती है और कई बार दोषियों को अपील का मौका भी नहीं दिया जाता। ड्रग्स से जुड़े अपराधों पर यहां कोई नरमी नहीं बरती जाती। अगर कोई व्यक्ति ड्रग तस्करी या ड्रग्स बेचते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे सीधे मौत की सजा दी जा सकती है।



फिनलैंड में स्विमसूट पहनकर स्की शो में भाग लेते हुए लोग।

**रिपोर्ट** पूरी सैलरी जरूरतमंदों को कर देते हैं दान, नहीं है कोई निजी संपत्ति

# धर्मगुरु पोप की सैलरी सुन रह जाएंगे हैरान

एजेंसी ■ वेटिकनसिटी



ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप को मासिक वेतन मिलने की परंपरा है। यह वेतन 32,000 डॉलर हर माह दिया जाता है। सालाना यह राशि 3,84000 डॉलर होती है यानी हर महीने पोप फ्रांसिस को करीब 26,52,480 लाख रुपए सैलरी मिलती है। यह रकम सालाना करीब 31,829,760 करोड़ रुपए बैठती है। हालांकि पोप फ्रांसिस ने साल 2013 में पदभार संभालने के बाद से सैलरी लेने से इनकार कर दिया था। वह अपनी पूरी सैलरी जरूरतमंदों लोगों को दान कर देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस की पूरी सैलरी अनाथ बच्चों की शिक्षा, गरीबों की मदद, चर्च की सहायता, चैरिटी और दूसरे कामों में खर्च होती है। पोप फ्रांसिस, पोप के रूप में नामित होने से पहले भी रोमन कैथोलिक चर्च में जब अहम पद पर थे, तब भी वे सैलरी नहीं लेते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक पोप की कुल संपत्ति 25 मिलियन डॉलर (2,07,23, 75,000 अरब रुपए) के आसपास है। यह संपत्ति उनकी निजी नहीं है, बल्कि पोप के रूप में उनके पद के साथ उन्हें मिली है। पोप के नाम पर पांच लग्जरी कारें, कई प्रॉपर्टी और दूसरी चीजें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पोप को हर साल करोड़ों रुपए का डोनेशन और गिफ्ट भी मिलते हैं, जो चर्च के पास चले जाते हैं। पोप, खुद किसी गिफ्ट या दान को अपने पास नहीं रखते हैं। पोप को सबसे ज्यादा दान रोथ्सचाइल्ड परिवार देता है। हालांकि वे यहूदी हैं। पोप की उपहार के तौर पर आमदनी 2.9 मिलियन डॉलर सालाना है। उनके पास रियल एस्टेट के तौर पर 16 मिलियन डॉलर की संपत्ति है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोप फ्रांसिस के पास इटली में करोड़ों डॉलर की रियल एस्टेट प्रॉपर्टी है। रिपोर्ट में पोप के स्वामित्व वाली 10 संपत्तियों की सूची दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 10.3 मिलियन डॉलर है। पोप के स्वामित्व वाली सबसे मूल्यवान संपत्ति रोम शहर के बाहर फ्रैस्काटी शहर में एक विला है। इस विला की कीमत 5.1 मिलियन डॉलर आंकी गई है। वेटिकन सिटी में एक अपार्टमेंट भी है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.03 मिलियन डॉलर है। इनमें से ज्यादातर संपत्तियां उन्हें उपहार में दी गई थीं। वेटिकन ने पुष्टि की थी कि पोप फ्रांसिस शुरू से ईसा मसीह के सच्चे सिद्धांतों का पालन करते हैं। उन्होंने चर्च से कोई पैसा नहीं लिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोप के रहने-खाने के खर्च जैसे भोजन, यात्रा और आवास का भुगतान वेटिकन के क्यूरिया फंड से किया जाता है। उनकी सुरक्षा से लेकर अन्य जिम्मेदारियां भी वेटिकन ही उठाता है।

# पीएम शरीफ का दावा कैसे होगा पूरा, पाकिस्तान में 1.6 करोड़ हैं बेरोजगार युवा

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हाल ही में दावा किया कि उनका देश जल्द ही विकास के मामले में भारत को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे उलट है। पाकिस्तान में 1.6 करोड़ से ज्यादा युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं और न ही नौकरी। बढ़ती बेरोजगारी और कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 31 फीसदी युवा बेरोजगार हैं, जिनमें 51 फीसदी महिलाएं और 16 फीसदी पुरुष शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इंजीनियरिंग की डिग्री वाले 23.5 फीसदी युवा और स्नातक डिग्री धारक 16.1 फीसदी युवा भी बेरोजगार हैं। पाकिस्तान में 6.9 फीसदी की बेरोजगारी दर चिंता का विषय है। महंगाई, विदेशी कर्ज, और औद्योगिक विकास की कमी के चलते पाकिस्तान लगातार कर्ज लेने पर मजबूर है, लेकिन आर्थिक हालात नहीं सुधर रहे। 2023 में पाकिस्तान की बेरोजगारी दर 5.50 फीसदी थी, जो 2022 के 5.55 फीसदी से थोड़ी कम थी।

# बाल संरक्षण में हमारी जिम्मेदारी

बच्चे मन के सच्चे होते हैं, वह सबको प्यारे होते हैं बावजूद बचपन दुर्भाग्यवश खोता जा रहा है। भारत के बच्चों को हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण से बचाना। परिणाम स्वरूप लाखों बच्चे हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार होते हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा व्यापक है और यह भारत के सभी सामाजिक-आर्थिक वर्गों के लाखों बच्चों के लिए कठोर वास्तविकता है। बेशक, बाल सुरक्षा वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि वयस्कों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी देखभाल में बच्चों को नुकसान से बचाएं। जब तक वे इतने बड़े नहीं हो जाते कि वे स्वयं निवारक उपाय कर सकें। सुरक्षित न रहने के परिणामों को समझ सकें। वयस्कों को सभी रूपों में बाल सुरक्षा पर अच्छी समझ होनी चाहि। अपने बच्चे से कहें कि जब आप आसपास न हों तो उन लोगों से बात करने से बचें जिन्हें वे नहीं जानते। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा जानता है कि उसे कभी भी अजनबियों के साथ नहीं जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा यह समझता है कि यदि कोई अजनबी उसके पास आता है तो उसे हमेशा आपको बताना चाहिए और इस बात को कभी भी गुप्त नहीं रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जानें कि आप उनसे प्यार करते हैं, भले ही वे कुछ गलत करें। अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें. उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा की प्रशंसा करें। अपने बच्चों के साथ समय बिताएं।

यूएनओ द्वारा बच्चों को क्या अधिकार दिए गए हैं। जीने एवं देखभाल प्राप्त करने का अधिकार। परिवार के साथ रहने का अधिकार। अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा का अधिकार। आराम करने, खेलने एवं मनोरंजन का अधिकार। आर्थिक एवं शारीरिक शोषण से सुरक्षा का अधिकार। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इन अधिकारों का पालन बेहद कम दृष्टिगोचर होता है। अधिकांशतः इनका हनन ही देखने को मिलता है। यद्यपि इस हनन के खिलाफ शिकायत अवश्य की जा सकती है। यदि आपके सामने भी बाल अधिकारों का हनन हो रहा हो तो हो तो हम जिले की बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड और राष्ट्रीय राज्य बाल आयोग को लिखित में शिकायत कर सकते हैं। बाल सुरक्षा नीति बाल के संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को प्रदर्शित करती है। जिसमें




सहयोग में कार्यरत् कर्मचारियों के साथ-साथ जो भी सहयोग के साथ जुड़ाव करता है। उन सभी को बच्चों की सुरक्षा व उनके साथ दुर्व्यवहार विशेषतौर पर यौन दुर्व्यवहार को रोकना है । सुरक्षा वह सब कुछ है जो लोग खुद को या दूसरों को हानिकारक दुर्घटनाओं से बचाने के लिए करते हैं । लोग सुरक्षा उपायों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सुरक्षा उपायों में यह जानना शामिल है कि कोई दुर्घटना कब हो सकती है और फिर उसे होने से रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है।

# अर्जुन के भीतर युद्ध के उद्देश्य और युद्ध के कर्म के बीच द्वंद्व



**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**



जिन स्वजनों के सुख भोग के लिए युद्ध करना था वही 8 स्वजन युद्ध में मारे जाने वाले थे। ऐसी स्थिति में राज्य, सुख-भोग भी अर्जुन के किसी काम के नहीं थे। युद्ध के उद्देश्य और युद्ध के कर्म के बीच द्वंद्व पैदा हो गया। सेना के दोनों पक्षों में अपनों को खड़ा देखकर अर्जुन पर जो प्रतिक्रिया हुई उसे बताते हुए वह कहते हैं - युद्ध क्षेत्र में युद्ध करने की इच्छा से एकत्र इन स्वजनों को देखकर (गीता 1.28 की दूसरी पंक्ति) मेरे अंग शिथिल हो रहे हैं, मुख सूखा जा रहा है, शरीर काँप रहा है, रोंगटे खड़े हो रहे हैं (गीता 1.29)। गाण्डीव धनुष हाथ से खिसका जा रहा है, त्वचा जल रही है, मन भ्रमित हो रहा है और में खड़ा भी नहीं हो पा रहा हूँ (गीता 1.30)। अर्जुन अपनी दुर्बलता का विवरण श्रीकृष्ण को दे रहा है। अपनी कमजोरी बताना बहुत कठिन काम है। हमारा अहंकार बीच में आ जाता है और किसी को भी अपनी कमजोरी नहीं बताने देता। परन्तु यह अर्जुन के हृदय की सरलता है कि वह श्रीकृष्ण को बिना लाग-लपेट के सब कुछ सच-सच बता रहा है। अर्जुन का अर्थ ही है सरल होना। उस समय भीष्म जैसे दृढ़चरित्र वाले विद्वान पितृपुरुष थे, विदुर जैसे भक्त थे, युधिष्ठर जैसे धर्मात्मा थे परंतु गीता के ज्ञान के लिए भगवान् ने अर्जुन को ही चुना क्योंकि वह सरल था। हमें भी गीता को आत्मसात करने के लिए अंदर से सरल बनना होगा। गीता केवल मस्तिष्क का विषय नहीं है। वह हृदय की वस्तु है। हृदय सरल हो, छल-छद्म और कुटिलता से रहित हो, इन्द्रियाँ संयमित हों, तभी गीता भीतर प्रवेश करती है। अर्जुन आगे कहते हैं - हे केशव ! मैं सब लक्षण विपरीत (अपशकुन) देखता हूँ। अपने लोगों को युद्ध में मारकर मुझे भलाई दिखाई नहीं देती है (गीता 1.31)। हे कृष्ण ! मुझे विजय की अभिलाषा नहीं है, न राज्य की और न ही सुख प्राप्ति की इच्छा है। हे गोविन्द ! हमें ऐसे राज्य से क्या प्रयोजन है और क्या लाभ है ऐसे जीवन और भोगों से भी (गीता 1.32)। क्योंकि जिनके लिए हम राज्य, भोग-विलास और सुखों को चाहते हैं वे ही युद्ध में जीवन और धन-सम्पत्ति को त्यागकर खड़े हैं (गीता 1.33)। गुरुजन, चाचा-ताऊ, मामा, वसुरगण, पौत्र, साले व अन्य सम्बन्धी ये सभी मेरे अपने हैं (गीता 1.34)। हे मधुसूदन ! मैं चाहे स्वयं मर जाऊँ पर इन्हें नहीं मारना चाहता। इन्हें मारने पर तीनों लोकों की प्राप्ति हो जाए तब भी इन्हें नहीं मारना चाहूँगा फिर पृथ्वी की तो बात ही क्या है (गीता 1.35)। अपशकुन का कोई तार्किक या शास्त्रीय आधार नहीं है। बहुत हद तक यह अंधविश्वास पर आधारित होते हैं। यहाँ यह भी महत्वपूर्ण है कि अपने जिन शारीरिक लक्षणों को अर्जुन अपशकुन मान रहा है वह स्वाभाविक नहीं थे वरन् उसके अंतर में उठ रहे द्वंद्व के परिणाम थे। अपशकुनों के दिखने की बात करने से स्पष्ट है कि शोक और मोह के प्रभाव से अर्जुन मानसिक रूप से इतना अस्थिर और दुर्बल हो गया है कि वह तर्कबुद्धि से विचार ही नहीं कर पा रहा। शुरु में अर्जुन अत्यंत उत्साह में था, धनुष उठा लिया था और शत्रुओं को देखने के लिए रथ को दोनों सेनाओं के बीच ले आया था पर अब इतनी निराशा में डूब चुका है कि पृथ्वी तो छोड़िये वह तो त्रैलोक (वैदिक अवधारणा के अनुसार पृथ्वी, स्वर्ग और अंतरिक्ष मिलकर त्रैलोक बनते हैं) का राज्य भी नहीं चाहता। छोटा बच्चा अत्यंत स्वार्थी होता है। वह अपना खिलौना किसी को छूने भी नहीं देता पर बड़ा होने पर वही अपने भाई बहिन के साथ अपने खिलौने बाँटने लगता है। और बड़ा होकर वह अपने परिवार के सुख-दुख को ज़ अपना सुख-दुख समझने लगता है। सामान्य व्यक्ति केवल परिवार (स्वजनों) तक ही प्रगति कर पाता है। जहाँ दुर्योधन स्वयं तक सीमित था वहीं अर्जुन स्वजनों तक सीमित है। यही उसके मोह व शोक का कारण था। भगवान् उसे आत्मज्ञान देकर इन सीमाओं से मुक्त करेंगे। प्रथम दृष्टया देखने से ऐसा लगता है कि अर्जुन को वैराग्य होने लगा था, तभी तो वह त्रैलोक के राज्य को भी ठुकराने को तैयार है। परंतु यह सच नहीं है। वैराग्य दो तरह से प्रकट होता है प्रथम तो ज्ञान, चिन्तन और विवेक के द्वारा और दूसरे हताशा, असफलता और अविवेक के क्षणों में। प्रथम सुविचरित व स्थाई है व दूसरा परिस्थितजन्य व अस्थाई। श्मशान में जलती चिता को देखकर लोग संसार की अनित्यता और वैराग्य की बातें करने लगते हैं पर घर आते ही सब भूल जाते हैं। इसे श्मशान वैराग्य कहते हैं। अर्जुन का वैराग्य इसी श्रेणी का था। यह उसकी प्रकृति के विपरीत था। इसका कारण मोह और शोक के कारण उत्पन्न मनोदौर्बल्य था। भगवान् जानते थे कि जब यह परिस्थिति समाप्त हो जाएगी तो अर्जुन फिर पहले की तरह कर्मशील और सांसारिक हो जाएगा। तब यह पलायन और कर्तव्य को छोड़ने का दंश उसके व्यक्तित्व को विघटित कर देगा। अर्जुन तो युद्ध में विजय की इच्छा से ही प्रवृत्त हुआ था पर अब स्थिति बदल गई है। अब द्वंद्व यह खड़ा हो गया कि जिन स्वजनों के सुख भोग के लिए युद्ध करना था वही स्वजन युद्ध में मारे जाने वाले थे। ऐसी स्थिति में राज्य, सुख-भोग भी अर्जुन के किसी काम के नहीं थे। युद्ध के उद्देश्य और युद्ध के कर्म के बीच द्वंद्व पैदा हो गया। यहाँ अर्जुन ने भगवान् को मधुसूदन (मधु नामक दैत्य का वध करने वाले) संबोधन दिया है। अर्जुन यह ध्यान करा रहा है कि आपने तो मधु दैत्य का वध किया था जो आपका मात्र दुश्मन था पर मेरे सामने तो बड़ा धर्मसंकट है। एक ओर शत्रुओं के विनाश करने का कर्तव्य है तो दूसरी ओर स्वजनों का मोह। अर्जुन अपने को सही सिद्ध करने के लिए अतिशय उदार बन रहा है। वह कह रहा है कि कौरव उसे मार भी डालें तब भी वह उन्हें नहीं मारेगा। **क्रमशः**

**(लेखक पूर्व आईएएस अधिकारी एवं धर्म-दर्शन के साधक हैं)**

# 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी महिलाएं

आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। हम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' का देश हैं। अर्थात 'जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों का सम्मान नहीं होता है वहाँ किये गये समस्त अच्छे कर्म भी निष्फल हो जाते हैं- यह भाव, विचार और विश्वास भारतीय मानस में बसा हुआ है। 'शतपथ ब्राह्मण' में उल्लेख मिलता है कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में संगीत व पर्यावरण- संरक्षण का शिक्षण उनकी महान विदुषी पत्नी अरुन्धति ही देती थीं। ऋग्वेद में भी गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, रोमशां जैसी अनेक वेद मंत्रद्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है जिनके ब्रह्मज्ञान से समूचा ऋषि समाज उल्लसित था, परन्तु दुःख का विषय है कि स्त्री-शिक्षा की इतनी गौरवपूर्ण व स्वर्णिम परिपाटी, परवर्ती काल में खासतौर से मध्ययुग में आक्रांताओं के शासनकाल और उसके बाद फिरंगियों की गुलामी के दौरान छिन्न-भिन्न होती चली गयी। आजादी के संघर्ष के दौरान और आजादी के बाद महिलाओं का समाज में पुनः कुछ सम्मान बढ़ा, लेकिन उनके प्रगति की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं के सशक्तिकरण में गंभीर बाधा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है । महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा था- जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जाएगी , तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएंगे। इसी क्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है। महिलाओं के उत्थान से ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण संभव है । जब 1920 के आसपास दुनिया भर में महिलाएं अपने समान नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही थीं तब हिंदी के ख्यातिलब्ध रचनाकार मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे कि 'यदि पुरूष में स्त्री के गुण आ जायें तो वह देवता हो जाता है' । रानी अहिल्याबाई होलकर से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक, रानी गाइदिन्ल्यू से लेकर सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। वर्तमान भारत इन महान महिलाओं के प्रेरणादायी जीवन से तत्व ग्रहण कर अग्रसर हो रहा है।



**अन्नपूर्णा देवी**

इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम कार्रवाई में तेज़ी लाना है। इस थीम का संदेश है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु अनेक ठोस कदम उठाए हैं। यह नीतियां महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जमीन पर लाभ दिखना शुरू हो गया है। गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना हो, स्वास्थ्य और सुविधा में सुधार हेतु 'उवला योजना' हो या बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना' हो, महिलाओं-बेटियों का हित भारत सरकार की प्राथमिकता हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर महिला कर्मियों को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दी गई है। उधर मोदी सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए शुरू की गई मुद्रालोन योजना में महिलाओं की भागीदारी 69 प्रतिशत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ऋण दिया जाता है जिसके तहत अब तक 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किया जा चुके हैं। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं एवं सेल्फ़ी विद डॉटर जैसी पहलों ने हमारी बालिकाओं- युवतियों के लिए नया आसमान खोला है। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी/सात्र) सशक्तिकरण योजना द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला समूहों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने के नए कीर्तिमान बनाए जा रहे हैं। आज भारत की नारी एक नए आर्थिक क्षितिज की ओर अग्रसर है। शिक्षा, सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी मानी जाती है। इस सन्दर्भ में महात्मा गांधी का यह कथन और भी अर्थवान है- जब एक पुरुष शिक्षित होता है तब एक व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तब एक परिवार शिक्षित होता है'। इस सूक्ति के मद्देनज़र मोदी सरकार के शासन में भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक रूप से बढ़ रही है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, महिला नामांकन दर 1.57 करोड़ से बढ़कर 2.18 करोड़ हो गया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का अद्वितीय कार्य हो, तीन तलाक़ कानून द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए महिला बटालियनों का गठन हो, अथवा शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए संस्थान और ट्रेनिंग प्रोग्राम, हमारी सरकार महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है। कला, खेल, अभिनय, राजनीति से लेकर सरकारी नौकरियों व प्रोफेशनल जगत- सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं अपनी भागीदारी न सिर्फ़ सुनिश्चित कर रही हैं बल्कि अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी धाक भी बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विकसित भारत के लिए अपने चार स्तंभों की बात करते हैं तो उसमें महिलाएं भी एक हैं। इस 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निसंदेह महिलाओं की चतुर्दिक भूमिका होने वाली है। ऐसे में हमें महिलाओं के पराक्रम और क्षमता को समझने की जरूरत है। आइए इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम, महिलाओं के विकास का पथ प्रशस्त करने का संकल्प लें । विकसित एवं सशक्त भारत की निर्माण यात्रा, महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के माध्यम से ही संपन्न होगी ।

**(लेखिका भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

## राजकाज



### औरंगजेब के नाम पर खुद गया हिंदू राजाओं का महल

बुरहानपुर के असीरगढ़ किले को हिंदू राजाओं ने बनवाया था। बाद में इस महल पर औरंगजेब का कब्जा हो गया था। अक्षय खन्ना ने छावा फिल्म का निर्माण किया है। उसमें इस किले को औरंगजेब का किला बताया गया है। फिल्म में यह भी बताया गया है। यहां औरंगजेब ने टकसाल लगा रखी थी।लूट का सोना चांदी यहां टकसाल में सिक्के के रूप में ढाला जाता था। फिल्म प्रदर्शन के बाद सोने की खोज में इस ऐतिहासिक महल को ढहाने की तैयारी शुरू हो गई है। हजारों लोग महल को खोद रहे हैं। वहां सोना मिलने की अफवाह फैली है। देश भर में औरंगजेब के नाम पर राजनीति शुरू हो गई है। मुगल-मुसलमान बनाम हिंदू हो गया है। सच क्या है,इसका खुलासा भविष्य में हो जाएगा। महल का ढहना, बाबरी मस्जिद की तरह तय है।

### भारत को अपमानित कर मोदी से बदला ले रहे हैं ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अपमान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। पहली बार ट्रम्प का प्रचार किया था। तब ट्रंप हार गए थे। दूसरी बार के चुनाव में वह ट्रंप से मिलने भी नहीं गए। जिसे ट्रम्प ने अपना अपमान माना। प्रधानमंत्री मोदी से बदला लेने के लिए ट्रंप भारत का अपमान कर रहे हैं। उनके मुंह में एक तरीके से अपमान का खून लग गया है। अपमान के बाद भी भारत शांत है। जिसके कारण वह भारत का रोजाना किसी न किसी रूप में अपमान कर रहे हैं। अभी तक उनके दोस्त नरेंद्र मोदी ने अपमान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।


### परिसीमन मोदी सरकार के लिए बड़ी चुनौती

दक्षिण और उत्तर भारत के राज्यों में परिसीमन को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, तो उत्तर भारत के राज्यों की सीट बड़ी संख्या में लोकसभा की बढ़ जाएंगी वहीं दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों की लोकसभा सीटों में वृद्धि नहीं होगी। केंद्र की सत्ता में उत्तर भारत का ही दबदबा बना रहेगा। पिछले 50 वर्षों से परिसीमन का काम रुका हुआ है। दक्षिण के राज्यों नेअपने राज्यों में आबादी बढाने का काम शुरू कर दिया है। अभी तक वह जनसंख्या नियंत्रण का काम कर रहे थे। जैसे उनकी आबादी अनुपात में कम हो गई है। अब आबादी बढ़ाने का काम दक्षिण के राज्य करेंगे। 25 साल बाद परिसीमन करने की बात दक्षिण के राज्य कह रहे हैं।इस बार मोदी सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है।

### कांग्रेस और टीएमसी में नजदीकी

समय बदलता है, समय के साथ मान्यताएं भी बदल जाती हैं। दोस्त दुश्मन हो जाते हैं, और दुश्मन दोस्त हो जाते हैं। टीएमसी और कांग्रेस पश्चिम बंगाल में एक दूसरे के नजदीक आ रहे हैं। अगले साल के विधानसभा चुनाव में दोनों राजनीतिक दल सीटों का बंटवारा करके चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के खिलाफ दोनों मिलकर एक साथ खड़े होंगे। इस तरह का तालमेल बनना शुरू हो गया है।कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी से दूरी बनाना शुरू कर दी है।

## फीचर



# बच्चों में एलर्जी के मामले बढ़े

हाल के वर्षों में बच्चों में एलर्जी के मामले बढ़े हैं। यहां तक कि नवजात शिशुओं तक यह पायी जा रही है। यह आंशिक रूप से पर्यावरण का एक गिरावट और वर्तमान भोजन की संरचना, प्रचुर मात्रा में संरक्षक और रंगों द्वारा समझाया गया है।

यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अधिक से अधिक लोग एलर्जी की प्रवृत्ति के साथ पैदा होते हैं।

**एलर्जी के लक्षण:** बच्चों में एलर्जी के लक्षण सीधे रोग के प्रकार पर निर्भर है। सांस की समस्याओं, के रूप में उदाहरण के लिए, बिल्लियों से एलर्जी के लक्षण और श्वसन और त्वचा के लक्षणों का कारण हो सकता है कर रहे हैं - इस प्रकार, खाद्य एलर्जी आमतौर पर त्वचा पर चकत्ते, घास का बुख़ार का विकास।

बच्चों में श्वसन एलर्जी विकारों में शामिल हैं- खुजली नाक; अस्वाभाविक (बेरंग नाक मुक्ति, 10 दिन से अधिक का विस्तार और आम सर्दी के अन्य लक्षणों के साथ नहीं कर रहे हैं के बिना); लगातार छींकने; नाक की भीड़।

इन सभी लक्षण उचित ध्यान के बिना छोड़ दिया जाता है, बाद में एलर्जी अस्थमा या में जा सकते हैं ब्रोंकाइटिस गंभीर जटिलताओं है कि अंततः एक पुरानी रूप ले सकते हैं कर रहे हैं -।

बच्चों में एलर्जी के त्वचीय अभिव्यक्तियों को सबसे अधिक बार इस प्रकार हैं

लाल चकत्ते; फफोले; सूजन; फ्लशिंग; पित्ती। दाने पूरे शरीर में छितरी हुई किया जा सकता है, लेकिन सबसे अधिक बार वे गाल और ठोड़ी, पीठ, बाहों के ऊपरी नितंबों और पेट पर स्थानीय कर रहे हैं। अनुपचारित एलर्जी लक्षण की जटिलताओं त्वचा और एक्जिमा के नम क्षेत्रों चिकित्सा नहीं कर रहे हैं।

**बच्चों में एलर्जी के साथ पाचन समस्याओं के लिए खुद के माध्यम से प्रकट**

उल्टी; पेट का दर्द; सूजन; डकार; अपच।

**कैसे एलर्जी का निदान करें**

एलर्जी होने के संकेत पर माता-पिता को तुरंत प्राथमिक देखभाल के लिए बच्चों के चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

## प्रेरणा

# नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है।

## अपनी बात



राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के जो बड़े नेता हैं, अलग-अलग स्तर पर अध्यक्ष बने बैठे हैं। चाहे जिला अध्यक्ष हो, ब्लॉक अध्यक्ष हो, उनमें दो तरह के नेता हैं। पहले जो सीधा जनता से जुड़े हुए हैं और जिनके दिल में कांग्रेस है। दूसरी तरह के नेता वो हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, जनता के मुद्दों के बारे में उनको कुछ भी पता नहीं है, जनता के बीच जाते नहीं हैं और इनमें से भी आधे ऐसे हैं, जो भाजपा के लिए काम करते हैं।



संजय राउत ने कहा कि जो लोग पार्टी में बैठकर अंदरखाने बीजेपी से मिले रहते हैं, वे सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि अन्य पार्टियों में भी मौजूद हैं। अगर राहुल गांधी ने ऐसे लोगों को बाहर करने का फैसला लिया है, तो मैं इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग पार्टी में रहते हुए चुपचाप गद्दारी करते हैं, जिन्हें नमक हराम कहा जाता है।

ब्रीफ न्यूज

### राज्यमंत्री गौर का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**गुना।** प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा गौर के नगर आगमन पर नगर की प्रथम नागरिक नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता द्वारा कृष्णा गौर का अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वाह करते हुए पुष्प माला पहनाकर, शॉल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरि सिंह यादव, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि श्रीमति कृष्णा गौर का गुना नगर में अल्प प्रवास पर घुमंतू जाति के कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आगमन हुआ है।

### आईआईटीएस कॉलेज में अंत्योदय पुस्तक का भव्य विमोचन

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के प्रथम कुलगुरु प्रो. डॉ. किशन यादव ने आईआईटीएस कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीनू जैन द्वारा लिखित पुस्तक अंत्योदय को साकार करता शिक्षा का अधिकार अधिनियम - 2009 का विमोचन किया। यह गरिमामयी कार्यक्रम एक निजी महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा जगत के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ललित नामदेव, निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद डॉ. देवेंद्र कुमार भडेरिया, संचालक नूतन शर्मा, ऋत्विक शर्मा, राकेश जैसल, केएल नामदेव, नरेंद्र मोहनी, लक्ष्मी शर्मा, ज्योति साहू, अमन अली सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुस्तक की समीक्षा करते हुए कुलगुरु प्रो. डॉ. किशन यादव ने कहा कि यह पुस्तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुलसचिव व निदेशक ने भी पुस्तक को गरीबों के उत्थान में एक बड़ा कदम बताया और इसे शैक्षणिक क्रांति की ओर अग्रसर करने वाला माध्यम बताया । अंत में, पुस्तक की लेखिका डॉ. मीनू जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस।

**गुना।** पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में न्यू कलेक्ट्रेट परिसर योग कक्षा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, विशेष अतिथि महिला पतंजलि राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी, जिला प्रभारी सीमा शर्मा, पतंजलि समिति जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, योग शिक्षक भानू तोमर, मनोज कुशवाह, के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन, महिला पतंजलि से नीतू परमार ने किया। कार्यक्रम में गंगा अहिरवार आजीविका दीदी, सुषमा राजपूत ,जो गाय के गोबर से सुंदर सामग्री बनाती हैं। सुधा त्रिवेदी, योग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आज अनेक बहनें योग सेवा के रूप में राष्ट्र सेवा कर रही है, उन्हें सम्मानित किया गया।

---

## निकला भव्य चल समारोह, ऊंट, घोड़ा-गाड़ी के साथ किया लोकनृत्य

# घुमंतू समाज का सामाजिक सम्मेलन संपन्न



सत्ता सुधार ■ गुना

मैं सौभाग्य शाली हूं कि आज मुझे घुमंतू समाज के देव तुल्य बंधुओं से मिलने का अवसर मिला। मैं सभी को हाथ जोड़कर प्रणाम करती हूं। इस समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस समाज ने राजा महाराजाओं की रक्षा की। ये समाज अपनी राष्ट्रभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर देता था। जब इस देश में अंग्रेजों का आगमन हुआ और उन्होंने देखा कि इस देश का एक बड़ा समाज मातृभूमि से प्रेम करने वाला समाज है, ऐसे समाज से डर कर समाज को खत्म करने की साजिश रची। ये घुमंतू समाज की ताकत थी कि इस समाज ने उन्हें भी भयभीत कर दिया। इसीलिए अंग्रेजों ने इस समाज को अपराधिक श्रेणी में खड़ा कर दिया। उक्त बात विमुक्त घुमंतू अर्द्ध घुमंतू कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन की स्वतंत्र प्रभार मंत्री कृष्णा गौर ने रविवार को गुना में आयोजित घुमंतू समाज के सामाजिक सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार इस समाज को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए संकल्पित है। घुमंतू समाज के बच्चों को शिक्षित करने, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, पक्के मकान देने और बस्तियों में बिजली, पानी, सड़क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। शासन की सभी योजनाओं का लाभ इस समाज को मिले, इसके लिए जगह-जगह कैंप लगाकर सभी जरूरी दस्तावेज तैयार किए जाएंगे।

### शिक्षा से समाज का उत्थान संभवः दुर्गा दास व्यास

सम्मेलन को संबोधित करते हुए घुमंतू समाज के अखिल भारतीय अधिकारी दुर्गा दास व्यास ने कहा कि यदि समाज अपनी एकता बनाए रखेगा और संगठित होकर अपनी मांगें रखेगा, तो निश्चित ही उसे हर अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि घुमंतू समाज का इतिहास देशभक्ति, स्वाभिमान और परिश्रम से भरा रहा है। आज यह समाज कठिनाइयों का सामना कर रहा है, लेकिन इसका कारण सिर्फ इसकी कोई गलती नहीं, बल्कि सरकारों और प्रशासन की लापरवाही भी रही है।

### घुमंतू समाज के विकास के लिए संकल्प

घुमंतू समाज के इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा, विभाग संघ चालक अशोक सिंह कुशवाह, घुमंतू समाज मध्य भारत प्रांत प्रमुख लखन विश्वकर्मा, गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। स्वागत भाषण घुमंतू समाज मध्य भारत प्रांत प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने दिया। उन्होंने कहा कि समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुमंतू समाज को दिलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता की जाएगी।

### भगवा झंडे के साथ निकला जुलूस

कार्यक्रम के समापन के बाद घुमंतू समाज का भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में ऊंट, घोड़ा गाड़ी और लोक नृत्य के साथ शामिल हुए। जलसा गार्डन से भगवा झंडा फहराकर मंत्री कृष्णा गौर ने चल समारोह का शुभारंभ किया। यह शोभायात्रा हनुमान चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार, सुगन चौराहा होते हुए जयस्तंभ चौराहा पहुंची, जहां भारत माता की आरती की गई। इसके बाद एवी रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल जलसा गार्डन में इसका समापन हुआ।

---

# गोविन्द सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

## पहले से तैयार करें कार्ययोजना और सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : राजपूत

सत्ता सुधार ■ गुना

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विगत दिवस विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई और आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तय की गई। बैठक के आरंभ में विभिन्न प्रशासनिक महिला अधिकारी, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इसके साथ ही मंत्री राजपूत द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के तीन प्रकरणों जिनमें लाखन सिंह, हरिगोविंद जाटव तथा धर्मेन्द्र सिंह को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। इसके साथ ही 27 दिसम्बर 2023 को बस दुर्घटना में घायलों को बचाने में अहम भूमिका निभाने पर मोहन सिंह जाटव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में जल संसाधन विभाग की



योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री राजपूत ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल संकट से निपटने की सभी तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं। इसके लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा

बैठक में उपार्जन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मंत्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर छाया, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को कोई असुविधा न हो।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को लेकर संकल्पित सरकार

उन्होंने बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को लेकर संकल्पित है। विशेष रूप से छोटे-छोटे गांव, मजरा, टपरा एवं ऐसे ग्राम जहां 15 से अधिक परिवार निवास करते हैं, वहां सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी।

### महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और आंगनबाड़ी भवन निर्माण से संबंधित जानकारी ली। मंत्री राजपूत ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचाया जाए।

### स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, जैसे ड्रोन दीदी, कैंटीन संचालन, मछली पालन प्रशिक्षण, सिलाई केंद्र, दाल एवं मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की जानकारी ली गई। जिसपे मंत्री राजपूत ने कहा कि स्व-सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने और उनके उत्पादों के विपणन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का पोर्टल अभी खुला हुआ है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को इस योजना में जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। बैठक के अंत में मंत्री राजपूत ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी कार्ययोजना पहले से तैयार रखें।

---

## विहिप की प्रांत बैठक संपन्न, हिंदू समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुआ मंथन



सत्ता सुधार ■ गुना

विश्व हिंदू परिषद की मध्यभारत प्रांत बैठक रविवार को निजी गार्डन में संपन्न हुई। इस बैठक में केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे सहित देशभर और विश्व के विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने, जनसंख्या असंतुलन, संस्कारों के क्षरण, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि महाकुंभ मेला क्षेत्र, प्रयागराज में 7-9 फरवरी को विहिप की केंद्रीय बैठक आयोजित हुई थी। जिसके बाद गुना में प्रांत बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के अभियान को लेकर कहा कि पहले चरण में विहिप कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर हर राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे और विधानसभा व विधान परिषद के सदस्यों से मिलकर इस मुद्दे पर आग्रह करेंगे। इसके अलावा, उत्तर और दक्षिण भारत में बड़ी जनसभाओं के माध्यम से इस विषय को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

बैठक में पारित एक अन्य प्रस्ताव में हिंदू समाज के समक्ष बढ़ती चुनौतियों जैसे घटती जनसंख्या दर, परिवारों के विखंडन, लिव-इन संबंधों की बढ़ती प्रवृत्ति और नशाखोरी पर भी चिंता जताई गई। श्री परांडे ने कहा कि हिंदू युवाओं को इन सामाजिक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने देरी से विवाह की प्रवृत्ति को भी एक गंभीर कारण बताते हुए कहा कि 25 वर्ष तक विवाह करना आवश्यक है, जिससे परिवार और समाज मजबूत बना रहे।

---

# गुना में पॉलीहाउस के गुलाबः खुशबू और सौंदर्य का अद्भुत संगम

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में पॉलीहाउस तकनीक से उगाए जा रहे गुलाब न केवल अपनी खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि किसानों के लिए आय का एक नया और स्थायी स्त्रोत भी बन रहे हैं। ताजमहल किस्म के गुलाब अपनी आकर्षक रंगत और मनमोहक खुशबू के कारण बाजार में खास पहचान बना रहे हैं।

### तकनीकी सहयोग और अनुदान से किसानों को लाभ

उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक केपीएस किरार ने बताया कि कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में हर घर गुलाब अभियान को साकार करने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत किसानों को पॉलीहाउस में गुलाब उत्पादन के लिए तकनीकी सहायता, अनुदान और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह तकनीक



जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और उच्च गुणवत्ता वाले फूलों का उत्पादन सुनिश्चित करने में मददगार साबित हो रही है।

### खुले खेतों में भी गुलाब उत्पादन को बढ़ावा

उद्यानिकी विभाग पॉलीहाउस के साथ-साथ खुले खेतों में भी गुलाब उत्पादन को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके लिए किसानों को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। विभाग की ओर से गुलाब की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ लागू की गई हैं, जिससे जिले में फूल उत्पादन को नई ऊँचाइयाँ मिल रही हैं।

### गुलाब की महक से महकेगा भविष्य

गुलाब की बढ़ती माँग को देखते हुए जिले के किसान अब व्यावसायिक खेती की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में गुना के गुलाबों की माँग बढ़ने से किसानों को अच्छा मुनाफा हो रहा है। सरकार की पहल और किसानों की मेहनत से यह क्षेत्र आर्थिक समृद्धि की नई कहानी लिखने की ओर अग्रसर है। इससे न केवल स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि गुना जिले की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।

---

### राम टेकरी रोड बायपास पर अतिक्रमण से रास्ता अवरुद्ध, कॉलोनीवासियों ने की कार्रवाई की मांग

**गुना।** राम टेकरी रोड स्थित एनएच-46 बायपास की सर्विस रोड पर फर्जी रजिस्ट्री के माध्यम से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। रविवार को जब दोबारा निर्माण कार्य शुरू हुआ, तो कॉलोनीवासियों में आक्रोश फैल गया। इससे पहले जनसुनवाई में इस निर्माण कार्य को रुकवाया गया था, लेकिन अब एमपीईबी के सहयोग से निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह निर्माण कार्य सकतपुर क्षेत्र में सर्विस रोड की जमीन पर हो रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इसको लेकर तहसील और नगर पालिका प्रशासन को कई बार सूचित किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो भविष्य में सर्विस रोड का निर्माण भी बाधित होगा।

---

# किसान के खेत में लगी आग, चना और मटर की फसल जलकर राख

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम जासी में एक किसान की चना और मटर की फसल जलकर राख हो गई। किसान का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी सूखी फसल में आग लगा दी, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ है। किसान ने इस संबंध में पुलिस चौकी पनवाड़ी हाट में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जासी निवासी भूरा पुत्र सरदार सिंह अहिरवार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने अपनी 3 बीघा जमीन में चना और मटर की फसल उगाई थी। कटाई के बाद उसने सूखने के लिए खेत में तीन अलग-अलग स्थानों पर पचासी (फसल के ढेर) लगा दी थी। शनिवार रात करीब 11 बजे उसके पास के खेत मालिक रामू कुशवाहा और कमलेश लोधी ने उसे फोन कर बताया कि उसके खेत में आग लगी हुई है।



### बचाने की कोशिश, लेकिन नहीं बची फसल

सूचना मिलते ही भूरा खेत पर पहुंचा, जहां उसके पिता और रामू कुशवाह पहले से मौजूद थे। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक चना और मटर की तीनों पचासी जलकर राख हो चुकी थीं। भूरा का कहना है कि यह आग प्राकृतिक नहीं थी बल्कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर लगाई थी।

### पुलिस से की कार्यवाही की मांग

किसान ने चौकी पनवाड़ी हाट में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। किसान की फसल जलने से उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे वह बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने भी इस घटना पर चिंता जताई है और पुलिस से दोषियों को पकड़ने की मांग की है।

---

## जनवरी में मिला था आश्वासन, मार्च तक भी नहीं खुला प्रवेश द्वार

# रेलवे स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अब भी बंद, यात्री परेशान

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार को बंद हुए एक वर्ष से अधिक हो चुका है, लेकिन अब तक उसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इससे यात्रियों, राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। भोपाल मंडल के डीआरएम देवाशीष ने दिसंबर 2024 में गुना दौरे के दौरान यात्रियों को आश्वासन दिया था कि 15 जनवरी 25 तक प्रवेश द्वार खोल दिया जाएगा, लेकिन मार्च तक भी यह बंद पड़ा है। गुना रेलवे स्टेशन पर हर दिन हजारों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने



के कारण उन्हें वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ता है, जिससे काफी असुविधा होती है। स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी हो रही है। वहीं, ऑटो और टैक्सी चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भोपाल मंडल के अधिकारियों ने पहले कहा था कि निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य जितना लंबा खिंच रहा है, उतना तो एक बड़ा मंदिर भी बन सकता था।

### फिर उठी मांग, यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द हो समाधान

समस्या को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नेता अधिकारियों से लगातार संपर्क कर रहे हैं। हाल ही में आचार्य ने रेलवे अधिकारियों को पुनः स्मरण कराया कि यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य प्रवेश द्वार को जल्द खोला जाए। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि आखिर ऐसा कौन सा काम किया जा रहा है, जिसे पूरा होने में इतना समय लग रहा है। यात्रियों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि रेलवे प्रशासन जल्द से जल्द मुख्य प्रवेश द्वार को खोलने का निर्णय ले, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

---

## उत्कृष्ट विद्यालय गुना में प्रवेश परीक्षा संपन्न, 240 सीटों के लिए 1200 छात्र शामिल

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के प्रतिष्ठित उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों और अभिभावकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी थी। परीक्षा के लिए शहर में चार केंद्र बनाए गए, जिनमें उत्कृष्ट विद्यालय, बालक उमावि क्रमांक 2, एमएलबी स्कूल और बालक विद्यालय कैंट शामिल थे। शनिवार सुबह 9 बजे से ही अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। परीक्षा निर्धारित समयानुसार सुबह 10=15 बजे शुरू हुई और दोपहर 12=15 बजे समाप्त हुई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे निष्पक्ष और सुचारू परीक्षा संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय गुना में कक्षा 9 के लिए कुल 240 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि इस वर्ष परीक्षा में 1200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे साफ है कि इस विद्यालय में प्रवेश के प्रति छात्रों और उनके अभिभावकों में जबरदस्त रुचि है। गुना के अलावा बमोरी, बीनागंज और राघौगढ़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, लेकिन वहां छात्रों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही।



# अवसरों की भूमि अमेरिका

अमेरिका को यूं ही अवसरों की भूमि नहीं कहा जाता। आज भी उच्च शिक्षा के लिए दुनिया भर से विद्यार्थी यहां आते हैं। यहां शिक्षा महंगी तो है लेकिन कई प्रकार की स्कॉलरशिप योजनाएं मदद करती हैं। यहां की डिग्रियां लगभग परे विश्व में मान्य की जाती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व में शैक्षणिक हब के रूप में देखा जाता है। रोजगार की अत्यधिक संभावना के कारण इसे अवसरों की भूमि भी कहा जाता है। वैसे तो अमेरिका में पूरी दुनिया से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं लेकिन सबसे ज्यादा संख्या एशियाई देशों के विद्यार्थियों की है।

## अकादमिक उत्कृष्टता

अमेरिकी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता किसी से छिपी नहीं है। यूनिवर्सिटियों एवं उच्च तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या के मामले में यह चुनिंदा शीर्ष देशों में शुमार है। यहां के लगभग सभी संस्थानों का बेहतर शैक्षणिक रिकॉर्ड और विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों को अपनी ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के प्रति सम्मान ही अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को कई अन्य देशों के शिक्षण संस्थानों से अलग करता है। अलग-अलग विषयों में बेहतरीन तकनीकी शिक्षा देने वाले कॉलेजों की अधिकता के कारण यहां शैक्षणिक अवसर पर्याप्त हैं। यहां के कॉलेजों व संस्थानों में नवीनतम उपकरणों और विधियों से विशेषज्ञों की देखरेख में विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में जानकारी दी जाती है।

## रिसर्च के अवसर

अमेरिका में प्रैक्टिकल वर्क को काफी महत्व दिया जाता है। यहां शिक्षा के दौरान विषय से संबंधित रिसर्च के लिए हरसंभव मदद दी जाती है। धन और उपकरण रिसर्च के मार्ग की बाधा नहीं बनें, ऐसा प्रयास संस्थानों एवं सरकार द्वारा किया जाता है।

## फीस और स्कॉलरशिप

अमेरिका के विभिन्न क्षेत्रों में जीवनयापन में काफी अंतर है। बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों या कस्बों में जीवनयापन काफी सस्ता है। शिक्षण संस्थानों की फीस में भी काफी अंतर हो सकता है। अगर आप अध्ययन के लिए अमेरिका का चयन कर रहे हैं, तो आपको धन की काफी व्यवस्था करनी होगी। वैसे अमेरिका में विदेशी विद्यार्थियों को शिक्षण के दौरान कई सुविधाएं दी जाती हैं, जिनमें सरकार और निजी संस्थानों द्वारा आर्थिक मदद के साथ-साथ विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप योजनाएं उन विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होती हैं, जो आर्थिक रूप से बहुत सक्षम नहीं हैं।

## इन विषयों का क्रेज

वैसे तो अमेरिका में सभी विषयों की अच्छी शिक्षा उपलब्ध है, मगर हाल के वर्षों में स्थानीय एवं विदेशी विद्यार्थियों का रुझान कम्प्यूटर साइंस, एनिमेशन, केमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, नर्सिंग, सिविल इंजीनियरिंग, टूरिज्म मैनेजमेंट की ओर बढ़ा है।

## प्लेसमेंट आसान

एक विद्यार्थी अच्छी उच्च शिक्षा क्यों हासिल करना चाहता है? सिर्फ बेहतर रोजगार के लिए। अमेरिका में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद निकले विद्यार्थियों को जॉब के बारे में अधिक सोचना नहीं पड़ता है। यहां के शिक्षण संस्थानों में दी जाने वाली डिग्री को लगभग पूरे विश्व में आदर्श माना जाता है। वीसा का सवालवर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकवादी हमले के बाद अमेरिका ने अपनी वीसा प्रक्रिया को कड़ा कर दिया है। पूरी जांच पड़ताल के बाद ही आप वीसा हासिल कर सकते हैं। भारत के साथ मित्रवत संबंध होने के कारण भारतीय विद्यार्थियों को यहां वीसा के लिए किसी खास परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### प्रमुख संस्थान


- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- येल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया
- ब्राउन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो





बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को कई तरह की मानसिक व शारीरिक समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। कुछ हद तक ये समस्याएं वास्तव में होती हैं, जबकि कई बार छात्र इनके होने का भ्रम पाल लेते हैं। परिणाम होता है एंग्जायटी और तनाव। इस एग्जाम फीवर के चलते परीक्षा की तैयारी भी सही ढंग से नहीं हो पाती।

# कैसे बचें एंग्जायटी और तनाव से



पढ़ाई में होनहार अमित इस साल 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठ रहा है तथा अपनी तैयारी को लेकर पूरी शिद्दत से प्रयास में लगा हुआ है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पढ़ाई के दौरान उसे सिरदर्द होने लगता है। घबराहट के कारण उसे ऐसा लगता है कि जो कुछ भी पढ़ा है, वह एक-एक करके भूल रहा हो। अपनी इस नई परेशानी के कारण अमित पढ़ाई में मन नहीं लगा पा रहा है। धीरे-धीरे उसमें चिड़चिड़ापन आता जा रहा है। उसकी हरकतों से पेरेंट्स भी परेशान हैं। वे अब किसी मनोचिकित्सक की सहायता लेने की सोच रहे हैं। यह परेशानी सिर्फ अमित की ही नहीं है, बल्कि परीक्षा के दिनों में तैयारी कर रहे अधिकांश छात्रों की है। यही कारण है कि परीक्षा का दबाव उनके सिर चढ़ कर बोलता है। कारणों को जानने का प्रयास करें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि तैयारी के दिनों में छात्रों के ऊपर सेलेबस पूरा करने तथा अधिक अंक लाने का भारी दबाव रहता है। कई बार तो पेरेंट्स भी टोका-टोकी एवं अधिक अंक लाने का प्रेशर बनाए होते हैं। चूंकि सभी छात्रों का धैर्य एक सा नहीं होता, नतीजतन बाल मन भटकने अथवा टूटने लग जाता है। उनमें कई तरह की समस्याएं खासकर एग्जाम फीवर, स्ट्रेस व एंग्जाइटी, सिरदर्द या माइग्रेन की शिकायत, नींद गायब हो जाना, भूख न लगना, स्वभाव से चिढ़चिढ़ा हो जाना, आंखों व पेट की परेशानी आदि सामने आती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि पेरेंट्स इन समस्याओं को बच्चे का बहाना समझने लगते हैं। संभव है कुछ छात्र ऐसा जानबूझ कर करते हों, पर ये समस्याएं हकीकत में होती भी हैं, इसलिए इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### एग्जाम फीवर/एंग्जायटी व स्ट्रेस

देश की शिक्षा पद्धति ऐसी है कि दबाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिर भी सीबीएसई एवं अन्य बोर्डस ने काउंसलर्स, हेल्पलाइन, मॉडल पेपर आदि के जरिए उनकी परेशानी को काफी हद तक कम करने का भी प्रयास किया है। फिर भी एग्जाम के दिनों में छात्रों के सामने अक्सर स्ट्रेस हावी हो ही जाता है। छात्र बदला-बदला सा व्यवहार करने लगते हैं या उन्हें कई तरह की शारीरिक परेशानियां घेर लेती हैं। अत्यधिक तनाव के चलते वे किसी से ढंग से बात नहीं करते तथा परिवार से कटे-कटे रहने लगते हैं। लगातार कई दिनों तक इस स्थिति में रहने से छात्र डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच जाते हैं। वैसे ये समस्याएं जितनी बड़ी लगती हैं, वास्तव में उतनी बड़ी होती नहीं हैं। जरा-सी सावधानी, जरा-सा विवेक छात्रों को इनसे बचा सकता है।

### आत्मविश्वास पर पड़ता है असर

छात्रों के अंदर पनपी इन शारीरिक व मानसिक समस्याओं का सीधा असर उनके आत्मविश्वास पर पड़ता है। छात्रों को लगने लगता है कि अब समय उनके हाथ से निकल गया है तथा वे कुछ नहीं कर सकते। अधिकांश छात्रों को यह लगने लगता है कि उन्होंने जो कमिटमेंट खुद से अथवा अपने परिवार से किया था, वह अब कभी पूरा नहीं हो सकेगा। मानसिक द्वंद्व के कारण छात्र आत्महत्या जैसा घातक कदम तक उठा लेते हैं। इस स्थिति में छात्रों को यह मान कर चलना होगा कि यदि वे किन्हीं कारणों से सफल न भी हुए तो उनके पेरेंट्स उन्हें पहले जैसा ही प्यार करेंगे। ये समस्याएं तो मामूली हैं, जिनका तत्काल हल निकल सकता है। ऐसा सोचने से ही वे अपनी खोई हुई लय एवं एकाग्रता फिर से हासिल कर सकते हैं। बस जरूरत है तो उन्हें अपना आत्मविश्वास बनाए रखने की।



## काउंसलर हैं मददगार

पेरेंट्स को जरा भी लगता है कि बच्चे को शैक्षिक, शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी है तो वे बिना कल पर टाले तत्काल किसी काउंसलर अथवा मनोचिकित्सक की सेवा लें। छात्र इस मामले में खुद अपनी समस्या बता कर पहल कर सकते हैं। इससे उनकी समस्या का तत्काल हल निकल जाएगा। अब तो बड़े शहरों के अलावा छोटे शहरों में भी काउंसलर अथवा मनोचिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट के जरिए छात्रों को राहत प्रदान करने की सार्थक कोशिश भी की है। इस ₹ म में हर साल उनके द्वारा प्रिंसिपल, काउंसलर व मनोचिकित्सकों का हेल्पलाइन पैनल तैयार किया जाता है। कुछ सामान्य मामलों में पेरेंट्स खुद ही काउंसलर की भूमिका निभा सकते हैं।

### छात्रों की समस्याओं को हल्के में न लें

छात्रों में पनप रही परीक्षा संबंधी समस्याओं को अक्सर अभिभावक अपनी व्यस्तता या बच्चे की बहानेबाजी समझ कर नजरअंदाज अथवा हल्के में लेना शुरू कर देते हैं। उनको लगता है कि बच्चा पढ़ाई के डर अथवा प्रेशर के कारण इस तरह की हरकत कर रहा है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। देखा जाए तो इन दिनों पेरेंट्स पर भी एग्जाम को लेकर दबाव रहता है, लेकिन बच्चे भी हमेशा गलत नहीं होते। पेरेंट्स को चाहिए कि वे बच्चे के साथ अपना कम्युनिकेशन बनाए रखें तथा उनकी तैयारी से अवगत होते रहें। बच्चे को भी लगेगा कि पेरेंट्स उसकी पढ़ाई को लेकर गंभीर हैं और वह अधिक उत्साहित होकर तैयारी में लगा रहेगा। लेकिन कम्युनिकेशन कीयह सारी प्रि या एक स्वस्थ वातावरण में होनी चाहिए, न कि बच्चे पर अत्यधिक दबाव बना कर।



# लक्ष्य पाने की रणनीति होना भी जरूरी

सफलता पाने के लिए ऊंचे सपने देखने के साथ-साथ अपने पांव जमीन पर रखना बहुत जरूरी है। आपके पास लक्ष्य ही नहीं, उसे पाने की रणनीति भी होना चाहिए। आत्मविश्वास बहुत जरूरी है लेकिन अति-आत्मविश्वास आपकी उड़ान को निश्चित रूप से क्रैश करेगा।

## जरूरी है योग्यता

अगर हम कामयाबी का स्वाद चखना चाहते हैं, तो कोई भी लक्ष्य तय करने या उसका सपना देखने से पहले यह जरूरी है कि हम खुद को उसके लिए सक्षम और योग्य बनाएं। मान लीजिए, आप पायलट बनना चाहते हैं। लेकिन आपने न तो उसके लिए जरूरी शिक्षा ली और न ही ट्रेनिंग। ऐसे में भला आप कैसे पायलट बन सकते हैं? इसलिए कोई भी सपना देखें, तो उसे अमली जामा पहनाने के लिए उसके सभी पहलुओं पर अवश्य विचार करें। यह भी कि आप उसके लिए संसाधन कहां से जुटाएंगे, उसका प्रमोशन कैसे करेंगे आदि।

## कुछ भी मुश्किल नहीं

दुनिया के जितने महान लोग, आविष्कारक, वैज्ञानिक, जाने-माने उद्यमी हुए हैं, उन सभी के शब्दकोश में 'असंभव'' शब्द कभी नहीं रहा। यही कारण है कि उन्होंने जो लक्ष्य तय किया, उसे हासिल करके ही दम लिया। बड़ी-से-बड़ी मुश्किलों की कभी परवाह नहीं की। हालांकि ऐसा नहीं है कि उन्होंने हवा में लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने का सपना देखा। ऐसे लोगों ने सबसे पहले खुद को सामर्थ्यवान बनाया। फिर अपनी मंजिल तय की।

## हार से सीख

ऐसा भी नहीं है कि सभी सफल लोगों को पहले प्रयास में ही कामयाबी मिल गई। अधिकतर को तो इसके लिए अनगिनत प्रयास करने पड़े। बार-बार नाकामी और यहां तक कि सैंकड़ों बार असफल होने के बावजूद उन्होंने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा। बल्ब के आविष्कारक एडीसन की रिसर्च अनगिनत प्रयासों के बाद भी सफल नहीं हो रही थी, तो उनके सहयोगियों ने निराशा जताते हुए कहा कि उनकी सारी कोशिशें व्यर्थ चली गईं। इस पर एडीसन का जवाब था: नहीं, हमारी कोशिशें नाकाम नहीं रहीं, बल्कि हमने इतना कुछ सीख लिया। अब तो हमें इसके आगे की यात्रा करनी है।

## कम न हो आत्मविश्वास

किसी भी लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए यह भी आवश्यक है कि आपको अपनी क्षमताओं और कामयाबी को लेकर भरोसा हो। अगर आपको अपनी योग्यता पर ही संदेह होगा, तो आप कभी भी आत्मविश्वास के साथ नहीं चल सकेंगे। हो सकता है कि शुरूआत में हर कदम पर नाकामी हाथ लगे। लेकिन अगर आपको अपनी योग्यता और प्रयासों की नेकनीयती पर भरोसा है, तो मुश्किलों और शुरूआती नाकामियों से कतई हताश नहीं होना चाहिए। अपने आत्मविश्वास को कभी भी कम न होने दें। अगर आपके लक्ष्य ठोस हैं और आपके प्रयासों में दम है, तो फिर एक-न-एक दिन कामयाबी अवश्य हासिल होगी।

## पैर रहें जमीन पर


किसी भी आइडिया या सपने को हकीकत में बदलने के लिए आत्मविश्वास तो बेहद जरूरी है लेकिन अगर कहीं यह अति-आत्मविश्वास में बदल गया, तो सफलता संदिग्ध हो जाएगी। अपने पैर हमेशा सच्चाई की जमीन पर रखें। कभी अपने ज्ञान, अनुभव, स्किल आदि का दंभ न पालें। खुद को सदा विनम्र बनाए रखें। यह न सोचें कि आपने अब सब सीख लिया। हमेशा और हर किसी से सीखने को उत्सुक रहें, चाहे वह छोटा हो या बड़ा।

## छोटे से करें शुरूआत

अगर आपके पास आइडिया है और आपको लगता है कि दूसरे उसकी नोटिस नहीं ले रहे, तो इससे परेशान न हों। अगर आप वाकई कुछ करना चाहते हैं, तो सबसे पहले छोटे से शुरूआत करें। यह न सोचें कि कहीं से बीस लाख मिल जाते, तो आपका काम चल निकलता। आप बीस हजार से ही शुरू करें। जब एक बार आप सफल हो जाएंगे और उसके बाद दूसरों से मिलकर उन्हें अपने आइडिया बताएंगे, तो कोई भी आपको हल्के में नहीं लेगा।



# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

### क्या है पूरा मामला

28 फरवरी को कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### आरोपों पर बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा, इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

### काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# भूमि पेडनेकर ने सिनेमाई सफर में निभाए गए किरदार पर की बात



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जिन्हें 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने हाल ही में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में 10 साल पूरे किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के बाद, अभिनेत्री ने अपने सफर में विभिन्न किरदारों को निभाने के बारे में बात की और बताया कि इसने उनके करियर को कैसे आकार दिया है। 'दम लगा के हईशा' में अपने यादगार डेब्यू से लेकर अपनी हालिया भूमिकाओं तक भूमि अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उभरी हैं।

अपनी यात्रा पर भूमि ने कहा, मेरी यात्रा दम लगा के हईशा से शुरू हुई और तब से हर दिन मुझे याद दिलाता है कि मैं कितनी दूर आ गई हूं। इन 10 वर्षों ने मुझे जुनून और खुद पर विश्वास करने की शक्ति सिखाई है। उन्होंने आगे बताया, मुझे कुछ वाकई विविध किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है, मेरी पहली फिल्म में एक अधिक वजन वाली दुल्हन, बधाई दो में एक विचित्र किरदार, भक्षक में न्याय के लिए लड़ने वाली एक पत्रकार, सांड की आंख में उम्र के मानदंडों को चुनौती देने वाली एक अस्सी वर्षीय महिला, बाला में रंग के आधार पर भेदभाव करने का सामना करने वाली एक महिला और थैंक यू फॉर कमिंग में अपनी स्वतंत्रता को अपनाने वाली एक महिला।

अभिनेत्री ने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं। उनके करियर को असाधारण प्रदर्शन को फैंस ने सराहा भी है। जिससे वह बॉलीवुड की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। भूमि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाती हैं, साथ ही वह सीखे गए सबक और अपने करियर को आकार देने वाले अवसरों पर भी विचार करती हैं। कहा जाता है कि अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, क्योंकि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं और समकालीन मुद्दों पर नए दृष्टिकोण पेश करती हैं। हाल ही में भूमि ने अपने 10 साल पूरे होने पर मुंबई में एक खास केक-कटिंग सेरेमनी रखी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया और उनके प्रशंसक शामिल हुए। अभिनेत्री ने ब्लैक पैंट और स्टाइलिश लॉन्ग स्लीव शर्ट पहनी हुई थी।

# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक!



अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया।

### सैफ पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही वजह



इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

### रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाई

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

### कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

### फिल्मों का भी हिस्सा बनीं

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।

# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी



फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी।

### पहली बार शिवम नायर से मिले

पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं भी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।

### गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।

### मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।




# रिलीज से पहले कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर, थिएटर के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी धनुष की फिल्म

हाल ही में धनुष की फिल्म कुबेर की रिलीज डेट से पर्दा उठा था। 27 फरवरी को आधिकारिक तौर पर यह खुलासा किया गया कि शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर 20 जून 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म के ओटीटी पार्टनर से पर्दा उठ गया है।

### कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज की तारीख की घोषणा करने के बाद कुबेर ने निर्माताओं ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ फिल्म की ओटीटी साझेदारी कर ली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भारी कीमत पर सभी भाषाओं में कुबेर के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं।

### फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म में धनुष और रश्मिका मंदाना के अलावा जिम सर्भ और अक्किनेनी नागार्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुबेर को श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। कुबेर धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म का संगीत दिया है।

### एक्स पर दी रिलीज डेट की जानकारी

फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर की रिलीज की तारीख। इस पोस्टर में धनुष और नागार्जुन नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा, शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला कुबेर 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।

# आज टाइगर श्रॉफ बेंचमार्क हैं; आप कैसे सर्वाइव करेंगे बॉलीवुड में?

जॉनी गद्दार में अपने डेब्यू के अठारह साल बाद, नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के विकास पर चर्चा करते हैं कि बॉलीवुड कैसे विकसित हुआ है, और इस बात पर जोर देते हैं कि इंडस्ट्री आज अपने अभिनेताओं से कहीं अधिक की उम्मीद करता है। बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे टाइगर श्रॉफ ने फिटनेस और एक्शन में एक नया मानक स्थापित किया है, उन्होंने कहा, बेंचमार्क टाइगर श्रॉफ हैं- तो आप कैसे सर्वाइव करेंगे? बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार के रूप में जाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ ने अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन, बेजोड़ चुस्ती और हैरतअंगेज़ एक्शन सीक्वेंस के साथ स्टारडम को फिर से परिभाषित किया है। चुनौती देने वाले स्टंट से लेकर मार्शल आर्ट को डांस के साथ सहजता से मिश्रित करने तक, टाइगर ने सभी पीढ़ियों के अभिनेताओं के लिए मानक बढ़ा दिए हैं। नील ने आगे इस बात पर जोर दिया कि कैसे इंडस्ट्री अब अभिनेताओं से सिर्फ कलाकार ही नहीं, बल्कि एक्शन हीरो, डांसर और फिटनेस आइकन भी बनने की उम्मीद करता है - एक ऐसा डोमेन जहां टाइगर आसानी से छाए हुए है। वर्तमान में, टाइगर श्रॉफ अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फ्रेंचाइजी की अगले भाग बागी 4 की शूटिंग कर रहे हैं। 5 सितंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ, उम्मीदें आसमान पर हैं क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से एक और एड्रेनालाईन-पैक ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं।



# हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह

## प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय और राष्ट्रीय संयोजक ने किया लोकसभा स्पीकर का सम्मान

सत्ता सुधार ■ सीहोर



संसदीय क्षेत्र कोटा में हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुआ। मुझे विश्वास है कि नवगठित कार्यकारिणी समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने का कार्य गंभीरता से करेगी। नए संकल्प, नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ समाज सतत प्रगति करे, इसी विश्वास के साथ नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं। उक्त विचार बालिका छात्रावास विनोबा भावे नगर कोटा राजस्थान में हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान के तत्वाधान में शपथ-ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौर्जद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहे। इस मौके पर मध्यप्रदेश राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय और राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अर्चना जायसवाल ने लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का सम्मान किया।

समारोह के दौरान प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय ने कोटा में आने वाले लाखों की संख्या में विद्यार्थियों को छात्रावास के लिए अपनी ओर से 15 लाख रुपए प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी ओर से 15 लाख रुपए छात्रावास के निर्माण के लिए दे जा रहे है। इसके अलावा कार्यकारिणी भी 15 लाख रुपए प्रदान करें तो शीघ्र ही छात्रावास का निर्माण हो जाएगा, इसके अलावा ओर भी राशि की आवश्यकता होगी तो मैं अपनी ओर से प्रदान करूगां। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोग हर क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहे है। इसका परिणाम है कि केन्द्रीय मंत्री श्रीपद यशो नाइक राजनीति के क्षेत्र में समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बच्चे आईएएस, आईपीएस के अलावा आला अधिकारी बन रहे है।

समाज को शिक्षा की राह में आगे बढ़ाने के लिए कोटा जैसे शिक्षा के केन्द्र में छात्रावास का निर्माण होना इसके अलावा अन्य कार्य होना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अर्चना जायसवाल और प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय ने मध्यप्रदेश के सीहोर में आने के लिए लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला को आमंत्रण दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### महिला मंडल के तत्वाधान में फाग उत्सव मनाया



**सीहोर।** महिला दिवस के अवसर पर डॉ. अमरजीत मंघानी ने आईटीसी महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वर्पर्ण जानकारियां दीं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महिला मंडल के तत्वाधान में फाग उत्सव भी मनाया। प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ. अमरजीत मंघानी ने कहा, स्वस्थ महिला ही एक स्वस्थ समाज की नींव रख सकती है। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। इसके अलावा, उन्होंने आईटीसी जाकर वहां की सभी महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मंघानी ने महिलाओं के साथ होली खेलकर खुशी के रंग भी बिखेरे, जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया। उनका यह प्रयास समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वर्पर्ण कदम है। गोविंद फर्टिलिटी सेंटर निरंतर इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और दंपतियों को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट के मार्गदर्शन में करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वृत्त अशोकनगर के विभिन्न स्थानों एवं ग्रामों में दविश देकर तलाशी ली गई। जिसमे 02 प्लास्टिक एवं 01 लोहे की टंकियों में 600 लीटर महुआ लाहन जप्त किया गया एवं 10 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई ।लाहन को विधिवत नष्ट किया जाकर मध्यप्रदेश आबकारी



अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34 एफ के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गए । जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 120000 /- रुपए है। उक्त कार्यवाही प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी द्वारा की गई एवं आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, शिवानी भिलाला का विशेष सहयोग रहा। करीला मेला को देखते हुए अवैध मदिरा की धरपकड़ की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सम्पूर्ण जिले में पुलिस ने की प्रभावी 'कॉम्बिंग गश्त'

## 71 स्थाई वारण्टी, 45 गिरफ्तारी वारण्ट तामील,68 हिस्ट्रीशीटर चैक किए, 01 जिलाबदर गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर के मार्गदर्शन में दिनांक 08-09 मार्च की दरमियानी रात सम्पूर्ण जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी,समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चौकी प्रभारी सहित 400 से अधिक अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक कॉम्बिंग गश्त की गई। उप पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया कि कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और अपराध पर नियंत्रण पाना है। पुलिस द्वारा आगामी समय में भी असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त की जावेगी।

**जिले भर में यह हुई कार्रवाई-** इस दौरान थाना कोतवाली अंतर्गत 08 स्थाई वारण्ट,08 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए, थाना देहात अंतर्गत 10 स्थाई वारण्ट, 04 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए,10 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना शाढौरा अंतर्गत 02 स्थाई वारण्ट, 01 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए,थाना कचनार अंतर्गत 05 स्थाई वारण्ट,03 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 16 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना चन्देरी अंतर्गत 06 स्थाई वारण्ट, 11 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 10 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना ईसागढ अंतर्गत 20 स्थाई वारण्ट, 02 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 06 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए,थाना नईसरांय अंतर्गत 01 स्थाई वारण्ट एवं 03 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना कदवाया अंतर्गत 02 स्थाई वारण्ट, 02 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए, थाना मुंगावली अंतर्गत 06 स्थाई वारण्ट, 05 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 11 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना पिपरई अंतर्गत 05 स्थाई वारण्ट, 05 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए,04 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए एवं 01 जिला बदर गिरफ्तार किया गया, थाना बहादुरपुर अंतर्गत अंतर्गत 04 स्थाई वारण्ट, 05 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए,थाना सेहराई अंतर्गत 02 स्थाई वारण्ट, 04 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 02 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए। इस प्रकार सम्पूर्ण जिले में कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 71 स्थाई वारण्ट, 45 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए, 68 हिस्ट्रीसीटर चैक किए गए एवं 01 जिला बदर को गिरफ्तार किया गया।

## किसान मेलाः कपास खेती में नवाचारों के लिए किसानों को किया प्रेरित

**खरगोन।** कपास की सघन पद्धति को बढ़ावा देने और ज्यादा से ज्यादा किसानो को जोडने् के उद्देश्य से वृक्षतीर्थ मेहरजा गायत्री मन्दिर परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया। सिटी सीडीआरए के सहयोग से संस्था निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन व दिल्ली की संस्था बीटल रीजन द्वारा आयोजित मेले में जिले के 6 ब्लॉक से अलग-अलग गांवों के लगभग 570 किसानों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने किसानो को सघन पद्धति के बारे मे जानकारी प्रदान की। संस्था निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन के संस्थापक कैलाश अग्रवाल ने किसानों की उपज को सही दाम कैसे प्राप्त हो और उत्पादन बढ़ाने पर फोकस किया गया। उनका मानना है कि यदि किसान का प्रति एकड़ उत्पादन नहीं बढ़ेगा, तब तक किसान, जिनिंग और स्पिनर और भारत सरकार को फायदा नहीं होगा। वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ तांबे ने किसानो को रिजेन एग्री खेती के फायदे के बारे में बताया।

# नपा ने वसूला ऐतिहासिक डेढ़ करोड़ से अधिक का बकाया

## समस्त राजस्व कमर्ज़्चारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की

सत्ता सुधार ■ सीहोर

स्थानीय न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें नगर पालिका द्वारा कैंप लगाकर नगर के बकायादारों को पूर्व में नोटिस देकर निकाय की जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वर्सली गई। इस दौरान आपसी समझौता के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि वर्सल की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, सभापति अजय पाल सिंह राजर्पत और राजस्व प्रभारी संजय शुक्ला आदि के विशेष प्रयासों से लोक अदालत के दौरान एक करोड़ से अधिक बकाया प्राप्त हुआ है। नपाध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ श्री दीक्षित ने समस्त राजस्व कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि लोक अदालत में निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है, वहीं मर्लर्भत आवश्यकओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है। आप सभी प्रत्येक माह अपने नलकर एवं संपत्तिकर की राशि जमा करावें, ताकि आपके ऊपर भी भार न हो और आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से नगरपालिका और अधिक तेजी से नगर का विकास कर सकें। निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है। वहीं मर्लर्भत आवश्यकताओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है। नगरपालिका अमले ने द्वार-द्वार पहुंचकर बकाया जमा करने का किया आग्रह, नगर पालिका सीएमओ र्भपेन्द्र कुमार दीक्षित ने अपने अधीनस्थ अमले को साथ लेकर मुनादी के साथ-साथ नागरिकों से बकाया जमा करने के लिए द्वार-द्वार पहुंचकर आग्रह किया गया। सीएमओ श्री दीक्षित द्वारा वार्ड वार 5 सदस्यीय टीम गठित की गई। जिसमें एक-एक दल प्रभारी व गठित टीम से सुचारू रूप से काम कराने के लिए एक-एक नोडल नियुक्त किया गया।

# अशोकनगर में निकली खाटू श्याम की भव्य शोभा यात्रा





## बैलगाड़ी में विराजित हुई बाबा की पालकी, रंग-गुलाल के साथ नाचते-गाते आगे बढ़े श्रद्धालु

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अशोकनगर में रविवार को खाटू श्याम की भव्य यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाबा श्याम की पालकी को बैलगाड़ी में विराजमान किया गया। यात्रा में शामिल लोगों ने रंग-गुलाल उड़ाते हुए नृत्य किया। कई महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल हुई। डीजे बैंड और ढोल की धुन पर यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ विदिशा बायपास रोड से हुआ। यह सेन तिराहा, एचडीएफसी तिराहा, विदिशा रोड, गांधी पार्क, इंदिरा पार्क और सुभाषगंज स्टेशन रोड होते हुए फुट ओवर ब्रिज से बाईपास रोड पर पहुंची। युगल सरकार मंदिर में यात्रा का समापन हुआ। कलाकारों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में यात्रा की शोभा बढ़ाई। खाटू श्याम जन सेवा समिति के उपाध्यक्ष मनीष सक्सेना ने बताया कि यह आयोजन पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा है। शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रंग. पिचकारी से सजा बाजार

**खरगोन।** रंगों के पर्व होली के नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रंग, गुलाल की दुकानें सजने गई हैं। दुकानों पर सजे रंग, गुलाल व पिचकारी लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं। बाजारों में 150 से लेकर एक हजार रुपये तक की कीमत पिचकारी मिल रही है। रंग विक्रेता भगवान सोलंकी, गजु माली, तुलसीराम गंगवानी आदि ने बताया कि बाजार में हर्बल गुलाल व रंगों की मांग भी अधिक है। त्रिशुल के साथ ही कार्टून हीरोज की तस्वीरों की लगी पिचकारी, वाटर टैंक ट्रेंड में है।

# खाटू निशान लेकर निकाली यात्रा, रंगों से सराबोर हुए श्यामप्रेमी

सत्ता सुधार ■ खरगोन



फाल्गुन मेले के निमित्त कुंदा तट स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई। सुसज्जित बग्घी में विराजित श्री श्याम एवं बग्घी में ब्रह्मलीन संतश्री सियाराम बाबा का चित्र स्थापित किया गया था, जिसका रास्तेभर श्रद्धालूओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। आसमान में उड़ता गुलाल और खाटू नरेश के जयकारों के संग सैकड़ों हाथों में निशान लहरा रहे थे। श्री खाटू श्याम सोनी परिवार ने बताया सुबह कुंदा तट सिद्धि विनायक मन्दिर परिसर में श्याम भक्त इकठा हुए। यहां से भजनों ओर जयकारों के बीच निशान यात्रा की शुरुआत हुई। बाबा की पताका फहराते हुए श्रद्धालु करीब तीन किमी लंबी यात्रा में झूमते- नाचते हुए कमला नगर स्थित मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर में विराजित बाबा की प्रतिमा को निशान अर्पित करने के बाद ध्वजा अपने- अपने घर ले गए।

# मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ का सम्मान समारोह सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ सीहोर

मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला शाखा सीहोर के द्वारा स्थानीय शिवांग रेस्टोरेंट में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ भोपाल के प्रांताध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार का स्वागत एवं पर्व नाबाद प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष मनोहर गिरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में के.के. पाण्ड्य कृषि उपसंचालक जिला सीहोर उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संघ के पर्व जिला अध्यक्ष डी.पी. वर्मा शाजापुर, जिला अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, उज्जैन जिले के प्रांतीय प्रीतिनिधि दिनेश डोर, सहायक संचालक कृषि अनिल जाट एवं विकासखंड सीहोर के कृषि विकास अधिकारी कमलसिंह ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगठन कि मात्रशक्ति सदस्यों को सभी अथितियों ने पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मानित किया।

प्रान्ताध्यक्ष मनोहर गिरी ने संगठन को मजर्बत करने के गुर सिखाये तथा अंत मे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री पाटीदार ने संगठन के साथियों को विश्वास दिलाया कि आज हमारी जो ज्वलित मांगें हैं जैसे 2800 ग्रेड पे हो, उच्च प्रभार, 70,80,90 प्रतिशत एवं तीन वर्ष कि परिविक्षा अवधि आदि मांगों के लिए संघ लड़ेगा।

# पतंजलि योगकक्षा की 38 महिलाओं सहित 116 ने किया रक्तदान

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



पतंजलि कायाकल्प योगकक्षा अशोकनगर द्वारा पशुपालन विभाग अशोकनगर के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन जिला पशु चिकित्सालय अशोकनगर में किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी रही। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। शिविर में पधारे जिला कलेक्टर ने स्वयं रक्तदान कर शिविर में उपस्थित महिलाओं को रक्तदान की प्रेरणा दी जिला कलेक्टर की प्रेरणा से शिविर में 38 महिलाओं सहित 116 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी पर खुशी व्यक्त की तथा इसका कारण योग व प्राणायाम को बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में 7 से कम हीमोग्लोबिन होने पर रक्त दिया जाता है जबकि उपस्थित महिलाओं में 12 से अधिक हीमोग्लोबिन होने पर रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं होती बल्कि शारीरिक स्फूर्ति और बल बढ़ता है। उन्होंने बताया कि मैं भी रक्तदान करता हूं और उन्होंने शिविर में रक्तदान किया।उन्होंने प्रत्येक मनुष्य को वर्ष में एक से दो बार रक्तदान करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आपका रक्त अनेक जीवन सुरक्षित करेगा इसका परिणाम जिले में यह है कि जिले रक्त की कमी से किसी भी ट्राइबल गर्भवती महिला की मृत्यु रक्त की कमी से नहीं हुई। कलेक्टर ने कहा कि मेरी 28 वर्ष सेवाकाल में पहला अवसर है जबकि इतनी संख्या में महिलाएं रक्तदान कर रही हैं। आज आयोजित रक्तदान शिविर में 30 महिलाओं सहित 116 ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाली महिलाओं में डॉ शालिनी सिंह भोपाल, जसमिंदर कौर,शिवकुमारी सिंह भोपाल, मायादेवी कोरी ,सरला तोमर,गायत्री अरोरा, संगीता रघुवंशी, रूचि गुप्ता , पूजा रघुवंशी शदोरा, भूरिया रघुवंशी शदोरा, अनिता मीना, नेहा गुप्ता, सुखदीप कौर,गंगा रघु रमेती ,रघुवंशी, नीतू साहू, रानी यादव सचिन गुप्ता, नितिन कोठारी, परमानंद प्रजापति, राजित यादव, राकेश यादव, अखिलेश रघु, , राजीव शर्मा, वीरेंद्र यादव,परमात्मा प्रकाश जैन,धीरज पटवा, विनय अरोरा, लक्ष्य ओझा ,रामवीर रघुवंशी, ब्रजेश पटेल, रणजीत, रमनदीप रघवेंद्र कुशवाहा लुकवासा, आदि द्वारा रक्तदान। आज रक्तदान शिविर के आयोजक पतंजलि के डॉ पवन सिंहल ने बताया कि शिविर में 15 पति पत्नियों ने मिलकर रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि योगकक्षा का यह निरन्तर आठवां रक्तदान शिविर है।

**स्वागत** विधायक सुदेश राय ने दिव्यांग जनों को पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत कर मांग पत्र प्राप्त किया

# दिव्यांगजनों की 5 हजार रु होना चाहिए मासिक पेंशन, भेजेंगे प्रस्तावः विधायक

सत्ता सुधार ■ सीहोर



कार्यक्रम में उपस्थित जिलेभर के दिव्यांग जनों के मध्य पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने दिव्यांग जनों को पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत कर मांग पत्र प्राप्त किया। दिव्यांग कल्याण विकास परिषद, जिला दिव्यांग संगठन एवं राष्ट्रीय र्मल निवासी दिव्यांग संघ के द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को विधायक कार्यालय परिसर लिशा टॉकीज मैदान पर अपनी लंबित विभिन्न मांगों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के जिला अध्यक्ष श्रवण वस्तवार, जिला दिव्यांग संगठन अध्यक्ष सुखविंदर सिंह दांगी, राष्ट्रीय र्मलनिवासी दिव्यांग संघ मध्य प्रदेश अध्यक्ष बीएस भदोरिया, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश राठौर ने संयुक्त रूप से विधायक सुदेश राय को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार दिव्यांगों की सेवा के लिए विभिन्न हितेषी योजनाएं चला रही है। सामाजिक न्याय दिव्यांग कल्याण विभाग और नगर पालिका नगर परिषद ग्राम पंचायत के माध्यम से दिव्यांग जनों को मासिक पेंशन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकारी कार्यालय में दिव्यांगों को आने-जाने में दिक्कत ना हो इसके लिए भी दिव्यांग रैंप बनाने और दिव्यांगों से संबंधित कार्यालय को फर्स्ट फ्लोर पर लाने के लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं । विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा सरकारी नौकरियों में भी दिव्यांगों के लिए आरक्षण प्रदान किया जा रहा है केवल दिव्यांगों के लिए ही सरकारी नौकरियों में पद सुसर्जित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इंदौर भोपाल बाईपास पर केंद्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान बनकर तैयार हो गया है यहां पर दिव्यांगों के लिए विश्व स्तरीय इलाज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विधायक सुदेश राय ने कहा कि दिव्यांगों की अन्य मांगों पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान केंद्रित किया जाएगा और पेंशन बढ़ोतरी सहित अन्य मांगे भी जल्दी ही र्परी कराई जाएगी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता मायाराम गौर भी पहुंचे और उन्होंने दिव्यांग जनों की न्याय उचित मांगों का समर्थन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ऊषा चौरसिया, कमलेश राठौर,राज कमल सागर, आशीष त्यागी , अवंती गौर, कमल किशोर, गोवर्धन प्रजापति , बाबूलाल मालवीय, लखन विश्वकर्मा, अखिलेश मेवाड़ा ,अर्जुन सिंह, विजेंद्र सिंह,निर्वला बाई ,इकबाज खान ,चंद्र सिंह, मुकेश परमार, अरविंद ठाकुर, चिंता बाई, उज्जवल सागर, रफीक शाह ,भूमिका चौरसिया सहित बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण अंचल से पहुंचे दिव्यांगजन सम्मिलित रहे।

# खाद्य प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

आमजन हेतु अच्छी गुणवत्ता के खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हेतु खाद्य प्रशासन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आगामी त्यौहार होली के मद्देनजर रविवार को जिला अशोकनगर में जांच कार्यवाही की गई । जांच कार्यवाही के दौरान बंगला चौराहा एवं घाट बमूरिया स्थित होटलों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बंगला चौराहा स्थित उत्कर्ष होटल से मावा, मिल्क केक, दूध बर्फी तथा बेसन, निधि होटल से मावा बर्फी, मावा बाटी, मावा का नमूना लिया गया तथा दुकान में साफ–सफाई रखे जाने एवं खाद्य पदार्थों को ढंककर बेचे जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। निर्देशों की अवहेलना किया जाना पाये जाने पर खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अधिनियम के अंतर्गत कडी कार्यवाही की जावेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा घाट बमूरिया में लगे हाट बाजार में खाद्य पदाथो का विक्रय करते पाये गये खाद्य कारोबारकर्ताओं की दुकानों का निरीक्षण कर उन्हें खाद्य पंजीयन लेकर ही खाद्य पदार्थों का विक्रय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आमजन को खाद्य पदार्थों का क्रय करते समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया । हाट बाजार में संचालित दुकानों के निरीक्षण के दौरान हेमंत साहू से धनिया पाउडर, गुलाब जामुन, मिक्स एवं नमकीन का नमूना लिया गया है। सभी नमूनों को जांच हेतु शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजे गए।

## ब्रीफ न्यूज

### द्वारकापुरी में वकील के घर चोरी

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में भी एक वकील के घर चोरी की घटना सामने आई। वकील कोर्ट गए हुए थे, जब वे शाम को लौटे, तो चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज में एक चोर घर के अंदर घुसते हुए दिखा। पुलिस के अनुसार, प्रवेश खाटवा पेशे से वकील हैं। शनिवार सुबह वे घर पर ताला लगाकर कोर्ट के लिए निकले थे। जब रात को लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें दोपहर में एक चोर ताला तोड़कर अंदर घुसता हुआ दिखा। चोर ने कमरों का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया, लेकिन कोई सामान चोरी नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

### कोरियर ऑफिस और ट्रेवल्स एजेंसी में चोरी

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में एक कोरियर सर्विस के ऑफिस और पास ही स्थित ट्रैवल्स एजेंसी में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर कोरियर पार्सल, मोबाइल और मोपेड लेकर फरार हो गए। पुलिस को आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। विजयनगर पुलिस ने गौतम की शिकायत पर एक अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौतम ने पुलिस को बताया कि उनकी क्रॉस रोड बिल्डिंग में कोरियर का काम है। शनिवार सुबह जब वे ऑफिस पहुंचे, तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर दो पार्सल गायब मिले, जबकि कुछ पार्सल इधर-उधर बिखरे हुए थे। इसके अलावा, एक मोबाइल भी चोरी हो गया। इसी चोर ने पास में स्थित आर.के. ट्रेवल्स एजेंसी का भी ताला तोड़कर नकदी और मोबाइल चोरी कर लिया। यहां से बदमाश उनकी एक दो पहिया गाड़ी भी चुराकर ले गया। जब गौतम ने ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो फुटेज में एक ही बदमाश ताले तोड़कर अंदर घुसते हुए दिखाई दिया।

### कोर्टवा एग्री साइंस ने महिला दिवस मनाया



**धामनोद।** कोर्टवा एग्री साइंस प्राइवेट लिमिटेड पायोनियर मक्का बीज कंपनी द्वारा शनिवार को उमरबन के पास गांव कालापानी में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में एनएमए रोशनी कुशवाह, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, गांव के सरपंच सहित 50 महिलाएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी प्रतिनिधि राजेश सिंह चौहान, आकाश पटेल, अरुण कुशवाह ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार, शोषण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, घरेलू हिस्सा, किसानों के साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। धोखाधड़ी, सामान शिक्षा तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया।

### सीएम बोले- किसी खेल में पदक मिले न मिले, कुश्ती में मिलना पक्का है

# पहलवानों का दंगल : आठ देशों की महिला पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच





सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर में महिला दिवस पर दलाल बाग में अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें देश-विदेश की 54 महिला पहलवानों ने हिस्सा लिया। पहलवानों ने परंपरागत और आधुनिक दांव-पेंच लगाएं। इस मौके पर ओलिम्पिक पदक विजेता साक्षी मलिक विशेष रूप से मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महिलाओं ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर यह आयोजन हुआ है। मैंने योजना बनाई है कि जैसे बाबा महाकाल का धाम है वैसे ही ओंकारेश्वर धाम जगमगाए, ऐसी हम योजना बना रहे हैं। मेरा ओंकारेश्वर जाने का कार्यक्रम बना। इससे पहले आकाश विजयवर्गीय से बात हुई। उन्होंने कहा कि आप यहां आओ, कुश्ती का बड़ा अच्छा कार्यक्रम है। सच में मुझे यहां आकर बड़ा अच्छा लगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलिम्पिक एशियाड और अन्य प्रतियोगिताओं में किसी अन्य खेलों में पुरस्कार मिले न मिले। लेकिन कुश्ती में पदक मिलेगा यह पक्का है। आज हमारी बहन साक्षी मलिक हमारे बीच है उन्होंने दो-दो ओलिम्पिक मेडल लाईं। आज की यह कुश्ती मील का पत्थर साबित होगी।

### विजयवर्गीय बोले- मैंने गाड़ी भगाई और यहां आ गया

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं नीमच में भानपुरा के प्रवास पर था। मुझे पता चला कि मुख्यमंत्री जी आ रहे हैं। मैंने गाड़ी भगाई और यहां आ गया। मुख्यमंत्री जी खुद कुश्ती के शौकीन है। वे मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं।

### महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना उद्देश्य

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह कार्यक्रम मातृ शक्ति को समर्पित है। हमें इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला स्वास्थ के प्रति जागरूकता को फैलाना है। किसी भी परिवार के बेहतर स्वास्थ का ख्याल रसोई से रखा जाता है और रसोई पर हमारी मातृ शक्ति का नियंत्रण रहता है इसलिए हमारा पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि हमारी माता, बहनें और बेटियां स्वस्थ रहें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश नारी शक्ति के स्वास्थ को बेहतर करना है। हम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 को ब्रेस्ट कैंसर से मुक्त करने के लिए एक अभियान चलाएंगे। विधानसभा 1 लोकसभा में सर्वाधिक मतों से जीत दिलाने वाला क्षेत्र रहा, सदस्यता अभियान में भी हम नंबर 1 रहे, समर्पण निधि संग्रह में भी हम नंबर वन रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्ति ने शक्ति का आव्हान करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात 6 बार विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी हनुमंत ध्वज पथक की ढोल-ताशों से सुसज्जित टीम ने भव्य संगीतमय प्रस्तुति दी। इस टीम में कुल 350 सदस्य हैं, जो देशभर में प्रस्तुति देने के लिए जाते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत हुई स्पर्धा

कुश्ती प्रतियोगिता में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, मंगोलिया और नेपाल के अलावा दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, रतलाम, महू, खातेगांव के अलावा दूसरे शहरों से महिला पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती की 27 प्रतियोगिताओं में कुल 54 महिला पहलवानों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में इंदौर की 15 महिला पहलवान शामिल हुईं थीं। इसमें 6 महिला पहलवान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 की थी।

# हनी सिंह के शो में कम मिला मनोरंजन कर, निगम ने 3 ट्रक सामान जब्त किया



सत्ता सुधार ■ इंदौर

सिंगर-रैपर यो यो हनी सिंह का कॉन्सर्ट नगर निगम के लिए महंगा साबित हुआ। एक ओर, शो को सिर्फ डेढ़ घंटे में खत्म कर देने से फैंस में नाराजगी रही, तो दूसरी ओर, नगर निगम को टैक्स में लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

नगर निगम ने कॉन्सर्ट के आयोजकों से 50 लाख रुपए के टैक्स की मांग की थी। हालांकि उनकी तरफ से नगर निगम को केवल पौने आठ लाख रुपए का भुगतान ही किया गया। ऐसे में रविवार को नगर निगम की टीम आयोजन स्थल पर पहुंची और पूरा साउंड सिस्टम जब्त कर लिया।

नगर निगम ने यो यो हनी सिंह के मिलियनेयर इंडिया टूर÷ कॉन्सर्ट के आयोजकों को मनोरंजन कर वसूलने का नोटिस दिया था। साथ ही, मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने पुलिस और प्रशासन को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि मनोरंजन कर जमा करने के बाद ही आयोजन की अनुमति दी जाए।

### आयोजक बोले- 80 लाख के ही टिकट बिके

रविवार को निगम द्वारा सामान जब्त कर लिया गया। डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल का कहना है कि हमने आयोजकों से 50 लाख रुपए की राशि का चेक देने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। आयोजकों का कहना है कि सिर्फ 80 लाख रुपए के टिकट बिके हैं और इसके अलावा, बड़ी संख्या में कॉम्प्लिमेंटरी पास दिए गए, जिसके चलते शो से कोई खास लाभ नहीं हुआ।

डिप्टी कमिश्नर के मुताबिक हमने आयोजकों से सीए की रिपोर्ट मंगाई है। उसी के आधार पर अब टैक्स की बकाया राशि वसूली जाएगी। इधर, जब्त किए गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। इससे पहले, पटना दौरे पर गए नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने आयोजन में जमा कराए गए टैक्स की जानकारी ली और डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

हनी सिंह मिलियनेयर इंडिया टूर पर हैं और वे अलग-अलग शहरों में अपने कंसर्ट कर रहे हैं। कुल 10 शहरों में उनके शो होने हैं, जिनमें से चार शहरों में शो हो चुके हैं, जिसमें इंदौर भी शामिल है। शनिवार को हनी सिंह का कंसर्ट इंदौर में हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में उन्होंने 10 गाने गाए। इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में यो यो के फैंस पहुंचे थे। हालांकि, शो जल्द खत्म होने के कारण फैंस नाखुश भी नजर आए।

### हनी बोले- इंदौर शायरों का शहर

हनी सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इंदौर के कंसर्ट को लेकर कुछ वीडियो भी पोस्ट किए हैं। एक वीडियो में वे कहते हैं इंदौर शायरों का शहर। दूसरी वीडियो में उन्होंने इंदौर के कंसर्ट में हेलिकॉप्टर से ली गई अपनी एंट्री को दिखाया है, जिसमें उनका फेमस ÷मिलियनेयर÷ गाना भी बैकग्राउंड में लगाया गया है। वहीं, तीसरी वीडियो जेट के अंदर की है, जिसमें वे बता रहे हैं कि चार शो हो चुके हैं और अब वे हफ्तेभर के लिए दुबई जा रहे हैं।

# दानवीर की कीर्ति सर्वत्र फैलती है, धन सुविधा देता है, सुख नहीं: मुनिश्री



सत्ता सुधार ■ इंदौर

मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने प्रगति कॉन्वेंट स्कूल, व्यंकटेश विहार कॉलोनी में आचार्य विद्यासागर महाराज को याद करते हुए कहा कि गुरुदेव गहरी और सुंदर बात कहते थे। वे कहते थे कि सूरज को, चंद्रमा को, हिमालय को, हवा को सब जानते हैं, ऐसे ही दानवीर को भी सभी जानते हैं। दान देने से चेहरे की चमक बढ़ती है। दानवीर हमेशा प्रसन्न और संतुष्ट रहते हैं। अपने प्रवचन में कहा कि मंदिर के अंदर बजने वाले हारमोनियम, तबले जो बजते हैं, वो सामान्य नहीं होते। ये चीज हमें भगवान तक पहुंचाने वाली होती है या भगवान को हम तक पहुंचाने वाली होती है। जिसका प्रभु के प्रति विशेष प्रेम उमड़ता है, उसे प्रभु पार्षद कहते हैं। आप सभी के लिए मैं प्रभु पार्षद हूं। शायद ये आप लोगों के लिए एक नया शब्द होगा। मुनिश्री ने कहा कि दान दाता केवल दान का दाता ही नहीं है, वो किसी को भगवान तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। आपने कहा कि धन की ताकत और मर्यादा दोनों को पहचानो। धन सुविधा देता है, सुख नहीं देता। आपके द्वारा मंदिरों में विराजित किए हुए जिनबिम्ब से किसी का वैराग्य बढ़ता है, किसी की कषाय मिटती है और साधु को केवल ज्ञान होता है। मंदिर शांति के लिए बनाए जाते हैं। अपने पुरुषार्थ से कमाया हुआ धन ही मंदिर निर्माण में लगाना चाहिए। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज रेवती रेंज स्थित सर्वतो भद्र जिनालय में एक प्रतिमा की राशि की घोषणा श्री संजय-श्रीमती मृदुला- अनमोल कासलीवाल परिवार, प्रगति कॉन्वेंट स्कूल एवं एक प्रतिमा स्थापित करने की राशि की घोषणा का सौभाग्य, निर्मल कुमार- शशि जैन - साहिल जैन सीए परिवार को प्राप्त हुआ।

# एमजीएम : जांचों में गड़बड़ी रोकने के लिए बनेगा नया प्रोटोकॉल

### मशीनों की मरम्मत में लापरवाही पर सख्ती, 20 लाख का जुर्माना





सत्ता सुधार ■ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में तय जांचों से अधिक जांच किए जाने की शिकायत के बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने माइ?क्रोबायोलॉजी विभाग और सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल के आउटसोर्सिंग लैब का निरीक्षण किया।

मरीजों की जांच पर्चियां देखकर उनकी कम्प्यूटर एंट्री से मिलान किया गया। निरीक्षण में सामने आया कि जांच लिखने और रिपोर्ट देने के बीच क्रॉस चेकिंग का कोई सिस्टम नहीं है। अधिकतर डॉक्टर्स हाथ से पर्चा लिखकर भेजते हैं, जो कम्प्यूटर सेंटर पर ही जमा रहता है। डीन ने निर्देश दिए कि अब डॉक्टरों को जांच पर्ची दिखाई जाएगी और उनकी पुष्टि के बाद ही वे साइन करेंगे।

इस संबंध में गुरुवार को सभी विभागाध्यक्षों और आउटसोर्सिंग लैब एचएसीएल के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें नए प्रोटोकॉल पर चर्चा कर इसे लागू किया जाएगा। डीन डॉ. घनघोरिया ने सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई है। इसमें मशीनों और उपकरणों के रखरखाव पर चर्चा होगी। हाल ही में कई मामलों में डॉक्टर्स ने कंपनी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई थी। उनका कहना था कि छोटी मशीनों की मरम्मत तो की जा रही है, लेकिन बड़े उपकरणों को सही ढंग से ठीक नहीं किया जा रहा है। हाल ही में डीन ने समय पर उपकरणों की मरम्मत न करने पर कंपनी पर 20 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### छात्र ने कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**इंदौर।** छात्र ने कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था, जिसमें उसने खुद को एक नाकाम व्यक्ति बताया था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले में जांच शुरू कर दी है। वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदकर एक छात्र ने मौत को गले लगा लिया। मृतक छात्र की पहचान प्रजापत नगर के रहने वाले मयूर प्रजापत के तौर पर हुई है, जो बीएससी थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। शनिवार को मयूर कॉलेज में चल रहे एक कार्यक्रम के भाग लेने के लिए पहुंचा था। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह कॉलेज की तीसरी मंजिल पर चला गया था। इसके बाद नीचे कूद गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मयूर ने आत्महत्या से इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं न अच्छा बेटा बन सका।

# रेलवे पेंशनर्स सोसायटी इंदौर की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



सत्ता सुधार ■ इंदौर

बाल विहार मंदिर राजेंद्रनगर में रिटायर्ड रेलवे पेंशनर्स सोसायटी की मार्च माह की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष भालचंद्र सोनगांवकर ने की।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिला सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनर्स की सुविधा के लिए संस्था के पदाधिकारी वहां जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

सदस्यों ने पेंशन एसोसिएशन ऑफ रेलवेज, रतलाम मंडल के साथ संबद्धता लेने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को रेलवे से अनुबंधित निजी अस्पतालों में ओपीडी की सुविधा की जानकारी दी गई। महंगाई राहत और नए वेतन आयोग के गठन की नवीनतम जानकारी भी साझा की गई। फरवरी माह में जन्मदिन वाले सदस्यों और विशेष अनुदान देने वाले सदस्यों को सम्मानपत्र और आभार प्रमाण पत्र दिए गए। स्वाति लोवलेकर, स्वाति वर्मा, सरस्वती पथरोड़ और स्नेहप्रभा जैन ने यह सम्मान प्रदान किया। संस्था के कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद पाल सहित कार्यकारिणी के सदस्य सुंदर राजन द्रविड़, सुनील उदंड, दिनेश सरवरिया, सुरेश अभ्यंकर, कैलाश सुनानिया और अरुण अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में सहयोग किया। महामंत्री नरेंद्र एदलाबादकर ने बैठक का संचालन किया। संस्था के सचिव श्रीकांत यादव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### कलेक्टोरेट में हुई मीटिंग में लिया निर्णय

# एक्ट के मुताबिक ही प्लान बने तो फंडिंग में दिक्कत नहीं होगी



सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान पर चल रहे काम के बीच इंदौर सहित देवास, उज्जैन, धार एवं शाजापुर जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट में हुई। जनप्रतिनिधियों ने कहा इतने बड़े प्लान पर तत्काल सुझाव देना सही नहीं, इसलिए लिखित में जनप्रतिनिधि सात दिन में नोडल एजेंसी आईडीए को सुझाव भेजेंगे।

सांसद शंकर लालवानी और मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा आईएमआर एक्ट या संविधान के मुताबिक ही बने तो केंद्र से मिलने वाली अलग-अलग फंडिंग में में परेशानी नहीं आएगी। इस पर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि यह प्रारंभिक कवायद शासन के निर्देश पर शुरू हुई है। एक बार नोटिफिकेशन होने के बाद इस पर आगे काम होगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन अर्थॉरिटी बनाने का निर्णय सही है। इससे इस क्षेत्र में समन्वित, सुनियोजित और समेकित विकास में मदद मिलेगी। हर क्षेत्र में विकास होगा। सांसद लालवानी ने कहा, हमें देखना होगा कि आईएमआर से इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट हो या समग्र विकास।

ओंकारेश्वर को भी शामिल किया जाना चाहिए

सांसद लालवानी ने कहा, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मेट्रोपॉलिटन एरिया में ओंकारेश्वर को भी शामिल किया जाना चाहिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस प्लान में सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल किया जाएगा। ऐसे जनप्रतिनिधि जो सुझाव देने से रह गए हैं, उनसे इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए सभी संबंधित जिलों के कलेक्टर जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर 7 दिन में सुझाव लेंगे। उधर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को बैठक में नहीं बुलाना गलत है।

ये जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

बैठक में राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, देवास विधायक गायत्री राजे, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, उज्जैन संभाग के संभागायुक्त संजय गुप्ता, आईडीए सीईओ आरपी अहिरवार मौजूद थे। संभागायुक्त दीपक सिंह, उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह वर्चुअली शामिल हुए।

# मंदिर की दीवार से टकराई कार, ट्रक के सामने आने से हुआ हादसा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

विजयनगर इलाके में रविवार अलसुबह एक तेज रफ्तार कार बीआरटीएस रेलिंग से टकराकर मंदिर की दीवार में जा घुसी। बताया जा रहा है कि दो कारों में सवार युवक-युवतियां तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे। हादसे के बाद एक कार सवार व्यक्ति मौके पर अपनी कार छोड़कर दूसरी कार से साथियों के साथ फरार हो गया। पुलिस ने कार जब्त कर जांच शुरू कर दी है। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। तेज रफ्तार कार बीआरटीएस रेलिंग से टकराकर कालका धाम मंदिर की दीवार में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था। अचानक सामने एक ट्रक आ गया, जिससे उसने संतुलन खो दिया और यह दुर्घटना हो गई। कार में सवार युवक अपने साथियों की अन्य कार में बैठकर मौके से भाग गया। बाद में पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो उसमें शराब की बोतल, भगवा झंडा और दुपट्टा बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब कार सवार दूसरी कार में भागा, तो उसमें युवक-युवतियां सवार थे, जो हादसे से पहले अपनी कार लेकर पीछे चल रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना के समय कार कौन चला रहा था।

दवाई और जांच के नाम पर डॉक्टर ले रहे मोटा कमीशन

# प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लिनिक बने लूट का अड्डा




सत्ता सुधार | मुरैना

शहर एवं जिले की तहसीलों में लगभग दो सैकड़ा से अधिक संख्या में संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिक मरीज की लूट का अड्डा बन चुके हैं और यहां कोई विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। इनके द्वारा मरीजों को भर्ती तो कर लिया जाता है, लेकिन एक-दो दिन में अच्छी खासी लूट करने के बाद जब कैस नहीं संभलता है तो मरीज को ग्वालियर व अन्य जगह रेफर कर देते हैं। पहले क्लीनिक और नर्सिंग होम में लूट होती है और उसके बाद दवाई और जांच के नाम पर डॉक्टर मोटा कमीशन प्राप्त करते हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि गरीब व्यक्ति प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए चला जाए तो उसे रुपए उधार लेकर या जमीन बेचकर ही चुकाने पड़ेंगे। प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लीनिक में तमाम घटनाएं हो चुकी हैं, जो जिले की जनता के सामने हैं। इसके बावजूद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इनका कभी आकस्मिक में निरीक्षण नहीं किया गया है। मुरैना शहर में जगह-जगह प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित हैं तो वहीं तमाम गली मोहल्ले में प्राइवेट क्लीनिक चल रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टर ना होने के बावजूद उनके द्वारा हर मर्ज का इलाज किया जाता है। जब तक मरीज पर पैसा होता है, तब तक डॉक्टर उन्हें लूटते रहते हैं और कैस नहीं संभल पाता है अथवा मरीज के पास देने को पैसा नहीं होता है, तब उसे ग्वालियर व अन्य जगह रेफर कर दिया जाता है। जिले की तहसीलों में भी बड़ी संख्या में प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लिनिक संचालित हैं। इनके पास ना तो विशेषज्ञ चिकित्सक हैं और ना ही अनुभवी स्टाफ है। बताया जाता है कि सरकारी जिला अस्पताल हो अथवा तहसीलों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इनमें रात्रि को एमरजैंसी डॉक्टर ही बैठते हैं और रात्रि में जब कोई मरीज गंभीर हालत में पहुंचता है, तो उसे इलाज नहीं मिल पाता, ऐसे में प्राइवेट नर्सिंग होम रात्रि में सेवाएं देते हैं। प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित करने वाले चिकित्सक 8-10 घंटे में ही मरीज को पूरी तरह दवाई और जांच के नाम पर लूट लेते हैं और सुबह इधर-उधर रेफर कर देते हैं। प्राइवेट नर्सिंग होम व क्लिनिको पर आए दिन झगड़ा, मारपीट होने के मामले सामने आते रहते हैं। कहते हैं भगवान के बाद दूसरा भगवान डॉक्टर होता है, लेकिन तमाम चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सेवा को पूरी तरह से बिजनेस बना लिया गया है और वह मरीज के अटेंडर से रुपया वसूल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जिले में दो सैकड़ा से अधिक नर्सिंग होम क्लीनिक संचालित है, लेकिन मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तथा तहसील स्तर पर पदस्थ बीएमओ आदि द्वारा कभी कोई निरीक्षण नहीं किया जाता और ना ही नर्सिंग होम और क्लीनिक पर नियम तथा मापदंड की चेकिंग की जाती है।

### नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटर में नहीं लगी है रेट लिस्ट

शहर व जिले की तहसीलों में संचालित तमाम नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटरों पर मरीजों की विभिन्न जांचों के संबंध में कोई रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है और मरीज से जांच के नाम पर अनाप-शनाप रुपया वसूल किया जा रहा है। शहर व जिले में पैथोलॉजी सेंटर इतनी अधिक संख्या में खुल चुके हैं और सभी का नर्सिंग होम एवं क्लिनिक संचालकों से कांटेक्ट है तथा मोटा कमीशन डॉक्टर जांच के नाम पर प्राप्त करते हैं। स्थिति यह है कि अब तो किसी भी डॉक्टर पर चले जाओ पहले जांच लिखता है और उसके बाद इलाज करता है। मरीज को डॉक्टर, पैथोलॉजी संचालक, मेडिकल स्टोर्स हर तरफ से लूट रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा।

### विदेश की डिग्री नहीं है मान्य, फिर भी कर रहे इलाज

सूत्र बताते हैं कि मुरैना शहर व जिले में कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो विदेश से डॉक्टरी करके आए हैं और उनके द्वारा हिंदुस्तान में चिकित्सा सेवा करने के लिए कोई एग्जाम पास नहीं किया गया है, इसके बावजूद भी वह नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। देखा जाए तो वह वरिष्ठ डॉक्टरों के समकक्ष भी नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही तथा अनदेखी के कारण वह अपने क्लीनिक व नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित कर इलाज के नाम पर मरीजों के अटेंडर से जमकर धन कमा रहे हैं।

---

## ब्रीफ न्यूज

### जमीन के विवाद पर अधेड़ व्यक्ति को गोली मारकर किया घायल

**मुरैना।** जिले के चिन्नौनी थाना अंतर्गत बिरखापुरा गांव में माता मंदिर के पास शनिवार की शाम जमीन के पुराने विवाद के चलते तीन आरोपियों ने बंदूक से एक अधेड़ व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार बताए गए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 7:30 बजे के लगभग रन्छोरपुरा निवासी नरेश सिकरवार 55 वर्ष माता मंदिर के पास से गुजर रहा था, तभी पुराने जमीन विवाद के चलते आरोपी विवेक सिकरवार, देवेंद्र सिकरवार, रवि सिकरवार ने बंदूक से गोली मार दी, जो उसके पेट में लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। इधर ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद 3 घंटे तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं आई। ग्रामीण ही घायल को जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के बाद उसे ग्वालियर रैपर किया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### नेशनल लोक अदालत में 2858 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**मुरैना।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 08 मार्च, 2025 को जिला न्यायालय परिसर मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, जौरा और सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 122/2022 के पक्षकारों गीता एवं अजय (काल्पनिक नाम) का विवाह का मामले में राजीनामा के माध्यम से प्रकरण का भविष्य में कभी अलग न होने का वचन देते हुए निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला मुख्यालय मुरैना में 19 एवं तहसील मुख्यालय अम्बाह 08, जौरा 06 एवं सलगढ़ 07 इस प्रकार कुल 40 खण्डपीठें गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में इन खण्डपीठों के समक्ष निराकरण हेतु न्यायालयों में लंबित 1055 प्रकरण रखे गये थे।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारकर किया घायल

तीन नामजद एवं अज्ञात पर मामला दर्ज




सत्ता सुधार | मुरैना

जिले के अंबाह थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 रेतपूरा मैं शनिवार की दोपहर चार पहिया वाहन से आए आधा दर्जन बदमाशों ने गोलियां चला दी, जिसमें भतीजे को बचाने के चक्कर में चाचा घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुरैना रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा तीन नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

फरियादी कौशलेन्द्र सिह तोमर उर्फ कल्लू पुत्र प्रताप सिह तोमर उम्र 32 साल निवासी पुराने थाने के पीछे वार्ड क्र. 06 रेतपुरा अम्बाह ने पुलिस को बताया कि शनिवार की दोपहर मैं घर पर था, तभी पुराने विवाद पर से रौनक तोमर, शनि तोमर एवं घन्नू भदौरिया अपने 4 अज्ञात साथियों के साथ दो चार पहिया वाहन से आये, जिसमे से रौनक, शनि, घन्नू भदौरिया तीनो पर कट्टे थे। उक्त बदमाशों द्वारा भतीजे कुलदीप तोमर को बुलाकर माँ बहन की गालियाँ देने लगे, तब कुलदीप ने गाली देने से मना किया तो अज्ञात बदमाशों में से एक ने उसके डन्डा मारा, जो कुलदीप के बांये हाथ की उंगली मे लगा और वह घायल हो गया, तभी वहां पर बड़े भाई लटूरी उर्फ महेन्द्र सिह तोमर आ गये और आरोपी शनि, रौनक से बोला कि इसी में गोली मार दो। रौनक तोमर ने जान से मारने की नियत से बड़े भाई लटूरी उर्फमहेन्द्र सिह तोमर मे गोली मारी जो उनके दाहिने पैर की जांघ मे लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। गांव में दिनदहाड़े गोली की घटना से दहशत फैल गई और बदमाश मौके से भाग निकले। परिवार के लोग तत्काल वहां पहुंचे तथा घायल महेंद्र सिंह को चार पहिया वाहन से अंबाह अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुरैना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी गणों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109,296,191 (2) 191(3) 190 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।

### रेतपुरा में पांच आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**अंबाह थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 रेतपुरा में शनिवार को दिनदहाड़े पुरानी रंजिश पर लटूरी उर्फमहेंद्र सिंह को घायल करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गल्ला मंडी क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके कब्जे से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा एवं कारतूस जप्त किया और उनका जुलूस निकालते हुए न्यायालय ले गए। इस मामले में अभी दो आरोपी फरार बताए गए हैं।**

## मुरैना में दो मिष्ठान भंडार एवं पोरसा में 8 स्थानों से भरे सैंपल



सत्ता सुधार | मुरैना

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले भर में सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में रविवार को मुरैना एवं पोरसा में मिष्ठान भंडार एवं डेयरी संचालको के यहां से सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं। मुरैना में खाद्य औषधि निरीक्षक अवनीश गुप्ता द्वारा यादव दूध डेयरी रुई की मंडी मुरैना से मिल्क क्रीम एवं घी के सैंपल एवं गिर्राज मिष्ठान भंडार कोतवाली पड़ाव मुरैना से मलाई बर्फी, बूंदी के लड्डू के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। इधर जिले की पोरसा तहसील में खाद्य औषधि निरीक्षक की टीम द्वारा संतोष किराना पोरसा से वनस्पति तेल, जैन किराना से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, अंकित किराना से मैदा एवं सूजी, श्याम किशोर विनोद कुमार के यहां से सूजी एवं मैदा, बाबा हरिदास डेयरी से मिल्क, श्याम डेयरी, शिवा डेयरी एवं गिर्राज डेयरी से दूध के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कैलारस, सबलगढ़ में भी सैंपलिंग की कार्यवाही

खाद्य औषधि निरीक्षक श्रीमती किरण सेंगर द्वारा रविवार को सबलगढ़ में चार, कैलारस में दो एवं जौरा में एक जगह कार्रवाई की है। खाद्य औषधि निरीक्षक की टीम ने एमएस रोड सबलगढ़ स्थित मुकेश दुग्ध डेयरी से मावा घी, जय भैरों बाबा स्वीट्स एंड स्नैक्स सेंटर से बेसन के लड्डू, जय बाबा मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू एवं सोयाबीन ऑयल, केवी स्वीट्स से मावा लड्डू एवं नमकीन के सैंपल भरे गए हैं। कैलारस में श्री कृष्णा मिष्ठान भंडार से मावा एवं घी तथा गिर्राज मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का सैंपल एवं जौरा स्थित गिर्राज मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा गया है।

---

# सीआरपीएफ जवान की पुश्तैनी जमीन पर बाहुबलियों ने किया कब्जा

### वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से परिवार सहित मांगी इच्छा मृत्यु

सत्ता सुधार | मुरैना



जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र में तिराहे पर स्थित सीआरपीएफ जवान की पुश्तैनी जमीन पर कुछ बाहुबलियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिए जाने से परेशान सीआरपीएफ जवान ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर मुरैना जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से पूरे परिवार सहित इच्छा मृत्यु मांगी है। कमांडेंट 89 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बवाना दिल्ली में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ सत्येंद्र शर्मा निवासी सिंहोनिया मुरैना ने वीडियो जारी कर बताया कि तिराहे पर उनकी पुश्तैनी जमीन है, जिस पर बाहुबली अभिषेक व्यास, प्रशांत उर्फ मोनू, विश्वनाथ व्यास, रामनिवास उर्फगुड्डू व्यास, राधा चरण व्यास, नरेंद्र व्यास, गोपी व्यास आदि के द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। सत्येंद्र शर्मा ने वीडियो में बताया है कि मेरे घर में मेरा विकलांग भाई गिर्राज और 80 वर्ष के वृद्ध पिता है, जिन्हें थाना प्रभारी द्वारा 5 घंटे तक थाने में बिठाऐ रखा एवं सामने वाली पार्टी के दो लोगों को बिठाया, बाकी सब को छोड़ दिया, जिनके द्वारा जेसीबी मशीन से उनकी भूमि को समतल कर दिया गया। सीआरपीएफ में पदस्थ जवान ने वीडियो में मुरैना कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से जमीन की नाप सीमांकन आदि कराकर निष्पक्ष जांच करने की अपील की है और कहा है कि जांच में अगर हमारी जमीन है तो हमें दी जाए, उनकी जमीन है तो उन्हें दी जाए। इसके साथ ही श्री शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है, इसलिए परिवार सहित इच्छा मृत्यु की मंजूरी प्रदान करें।

### संजीवनी हॉस्पिटल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल




**मुरैना।** कल 11 मार्च मंगलवार को संजीवनी हॉस्पिटल बड़ोखर चौराहा अंबाह रोड मुरैना पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन सुबह 10:00 से 12:00 तक किया जा रहा है। जिसमें मेडिसिन एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ शरद गर्ग, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय राजपूत, बाल एवं शिशु विशेषज्ञ डॉ अंशुल तोमर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल, टीवी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पक गोयल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रॉबिन शांडिल्य अपनी सेवाएं देंगे। कैंप में मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ बीपी, शुगर की जांच निःशुल्क की जाएगी तथा खून ,पेशाब, ईसीजी की जांच बाजार से आधी कीमत पर की जाएंगी।

# कैलारस के विकास में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कमी: अंजना बंसल

### 28.47 करोड़ रूपये का बजट पारित

सत्ता सुधार | कैलारस

नगर के विकास के लिए परिषद सम्मेलन में सर्व सम्मति से 28 करोड़ 47 लाख 50 हजार रूपये का बजट पारित किया गया है, जिसमें राजस्व आय के रूप में 6 करोड़ 42 लाख का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही स्थापना व्यय हेतु बजट में 1 करोड़ 20 लाख रुपये, पेयजल व्यवस्था हेतु 3 करोड़ 75 लाख रुपये, वाहन संचालन एवं क्रय हेतु 1 करोड़ 20 लाख रुपये, गौशाला निर्माण, नये रास्ते सड़कों के निर्माण एवं अन्य निर्माणों हेतु 6 करोड़ 90 लाख रुपये, परियोजनाओं हेतु 22 करोड़ रूपये, प्रकाश व्यवस्था हेतु 1 करोड़ रूपये, प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्माण 4 करोड़ रूपये एवं अन्य जनकल्याण कारी कार्यों हेतु भी बजट में प्रावधान रखा गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बंसल ने बताया कि बजट में संपूर्ण नगर की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों को ध्यान में रखा गया है। आगामी समय में अलोपीशंकर पहाड़िया पर रोपवे निर्माण एवं क्वारी नदी में नौका विहार एवं फव्वारे से नदी का कायाकल्प करने का लक्ष्य भी प्रस्तावित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। एम. डी. एस. ग्राउंड में सैकड़ो की संख्या में दुकानें निर्माण होने के कारण राजस्व में अपार धन संचय होने का अनुमान है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा अशोक राणावत, समस्त पार्षद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेश गोयल उपस्थित रहे।



---

घटना को आत्महत्या में तब्दील करने की साजिश

# पत्नी साले दामाद ने मिलकर हरेंद्र को उतारा मौत के घाट

### एक महीने पहले का वीडियो दिया छोटे भाई ने, जिसमें पत्नी बेटी डंडों से पीट रही हैं हरेंद्र को...

सत्ता सुधार | मुरैना

सिटी कोतवाली के अंतर्गत गांधी कॉलोनी इलाके में रहने वाले एक मजदूर की घर के अंदर संदिग्ध मौत हो गई। छोटे भाई का आरोप है कि उसके बड़े भाई की पत्नी, साले, दामाद एवं बेटी ने मिलकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और बाद में उसे अस्पताल ले गए तथा मोहल्ले वालों को बताया कि हरेंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जबकि उसके शरीर पर चोटों के निशान हैं। इसके साथ ही पुलिस को एक वीडियो भी दिखाया गया है,



जिसमें पत्नी बेटी व अन्य लोग डंडे से मारपीट कर रहे हैं। मृतक का पीएम ग्वालियर में कराया जा रहा है, वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। फरियादी जितेंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके बड़े भाई हरेंद्र मोर्य पुत्र रामदास 42 वर्ष निवासी शर्मा गली गांधी कॉलोनी मुरैना मजदूरी करते थे। उनके तीन लड़की और एक लड़का था, जिसमें से बड़ी लड़की की शादी हो गई थी। पति-पत्नी में आए दिन झगडे होते रहते थे और पत्नी रचना ने अपने बच्चों को भी पिता के खिलाफ भड़का रखा था। शनिवार की रात हरेंद्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जितेंद्र के अनुसार साले एवं दामाद ही हरेंद्र को अस्पताल ले गए और मोहल्ले में बताया कि हरेंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जबकि उसके शरीर पर चोटों के निशान है। जितेंद्र ने आरोप लगाया है कि पत्नी रचना बड़ी बेटी साले एवं दामाद ने मिलकर हरेंद्र की हत्या की है और उसे आत्महत्या बनाने की साजिश की जा रही है। जितेंद्र ने कोतवाली थाना प्रभारी को एक वीडियो भी बताया है और मीडिया को भी दिया है, जिसमें पत्नी रचना एवं एक लड़का हरेंद्र के बिस्तर पर पैर पकड़े हुए हैं और बड़ी बेटी लाठी से उसे पीट रही है। पत्नी एवं बच्चों द्वारा पिता की मारपीट का यह भयानक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों में इसको लेकर चर्चा का दौर शुरू हो गया है। इधर मृतक का पोस्टमार्टम ग्वालियर में कराया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## सुंदरकांड के पाठ से हनुमान जी होते हैं प्रसन्न बरसाते हैं कृपा

सत्ता सुधार | कैलारस

कलयुग में सुंदरकांड का पाठ हनुमान जी को प्रसन्न करने का एक सीधा और सरलतम उपाय है। सुंदरकांड के पाठ के वाचन और श्रवण से मनुष्य पर हनुमान जी की कृपा बरसती है और हनुमान जी इस पाठ के वाचन से मनुष्य के कष्ट हरने का कार्य करते हैं। गत दिवस युवा समाजसेवी रामपाल सिंह जादौन गस्तौली के निज निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया। सुंदरकांड पाठ का वाचन पंडित आशु उपाध्याय मोहनपुर, और बंटी पाठक नेपरी वालों के मुखारविंद से किया गया। इस अवसर पर जादौन परिवार से गब्बर



सिंह जादौन, नरेश सिंह जादौन, जितेंद्र जादौन पत्रकार, दीपेंद्र जादौन पत्रकार, एलएस सिकरवार भर्रा, चरन सिंह सिकरवार, बाबा बहादुर दास, पूरन शिवहरे पार्षद, पार्षद एडवोकेट दिनेश हरदेनिया, कुंज सोनी, रामभजन धाकड़ सरपंच ,बेटू जादौन, उत्तम सिंह सिकरवार, परसराम शर्मा, कल्लू भर्रा, पत्रकार ललित तोमर, राजेंद्र गौड़ पत्रकार, महेंद्र सिंह सिकरवार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### भवन विहीन पंचायतों के लिए भवन निर्माण कार्य करें स्वीकृत

**हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री को पत्र लिखकर हरदा जिले की भवन विहीन पंचायतों के लिए भवन निर्माण कार्य स्वीकृत करने की मांग की गई है। विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में हरदा जिलांतर्गत ग्राम पंचायत बरखेड़ी, गुठानिया, कांकरिया, जामली दमामी, नीलगढ माल, मक्तापुर, आमाखाल, सांवलखेड़ा भवन विहिन ग्राम पंचायत है। वर्तमान में उक्त ग्राम पंचायतों का संचालन किराये के कमरे अथवा अन्य शासकीय भवनों में किया जा रहा है।

### सोडलपुर में महिला शिक्षकों खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधि का सम्मान



**हरदा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोडलपुर जन शिक्षा केंद्र में महिला शिक्षकों महिला खिलाड़ियों एवं महिला जनप्रतिनिधि का सम्मान समारोह रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर प्रभु शंकर शुक्ल विशेष अतिथि डॉ रामकृष्ण पाटिल रिटायर्ड प्रिंसिपल , कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी काका आलमपुर, श्वविष्णु प्रसाद चाचरे , राजकुमार पटेल सोडलपुर, उमेश जी चौहान राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित, मिलन कुमार बाजपेई, भैया लाल मुकाती ,केवल राम बुच ,सोडलपुर सरपंच श्रीमति रानू भाटी,उपसरपंच गजेंद्र भाटी, निशा दुबे, आरती गौर, सुनील दुबे, अंकित जोशी , शंकर सिंह मंडलोई,उपस्थित रहे सभी अतिथियों के द्वारा उपस्थित समस्त महिला शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। समाजसेवी निशा दुबे एवं आरती गौर के द्वारा समस्त शिक्षिकाओं खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधियों को मेडल व पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

### मेराथन का किया गया आयोजन : गुर्जर



**हरदा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम नेहरू युवा केंद्र हरदा एवं माय भारत द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिका दौड़ प्रतियोगिता ग्राम कुकरावद में आयोजित की गई । इस अवसर पर प्रयास युवा मंडल के नीरज गुर्जर ने महिला सशक्तिकरण एवं अधिकार, सुरक्षा पर विषय रखते हुए बालिकाओं एवं महिलाओं को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ने अपील की गई तथा सामाजिक विकास, आर्थिक विकास में भी सहभागिता करें। खुद सशक्त बने इसके बालिका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाली विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। खुशिया युवा मंडल मयंक शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ना चाहिए। समग्र आयामों पर ग्रामीण परिवेश में जागरूकता होनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में अनेक महिलायें उपस्थित थी। सभी महिलाओं को उपहार दिया गया अंत मे ऋषभ बैरागी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# किसानों को नई-नई तकनीकों से कराए अवगत, अधिकारी करें भ्रमण: कमिश्नर

## कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की संभाग स्तरीय बैठक में की समीक्षा

सत्ता सुधार ■ शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में कृषि विभाग एवं पशु विभाग के द्वारा किए गए कार्यो की संभाग स्तरीय बैठक में समीक्षा की। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसलों के उत्पादन के लिए नई-नई तकनीकों के बारे में मैदानी अधिकारी किसानों से संपर्क कर अवगत कराए तथा वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण करे। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अमानक खाद,बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर लाइसेंस भी निरस्त करे।



कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में मृदा परीक्षण हेतु युवा उद्यमियों को आवंटित प्रयोगशालाओं को संचालित कराए तथा प्रयोगशालाओं को संचालित न करने संबंधितों को नोटिस देकर किसी अन्य को आवंटित करें।

कमिश्नर ने कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की आपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा वेतन रोकने की चेतावनी भी दी तथा कहा कि आगामी दिनों में कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड,फसल कटाई, चना, मसूर के बीज की उपलब्धता,सिंचाई यंत्र, ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से अनुदान वितरण, नरवाई प्रबंधन सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने पशुपालन विभाग के पशुओं के टीकाकरण की स्थिति,चलित पशु चिकित्सा वाहन, शहडोल संभाग में संचालित गौशालाओं,दुधारू पशु योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के सिंचाई जलाशय, किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य एवं उपलब्धियां, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त संचालक श्री जी. एस. पेंड्राम, उप संचालक कृषि श्री आर. पी. झारिया, उप संचालक पशु डॉ. आर.के पाठक सहित शहडोल संभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान भरोसे चल रहा नहर में पानी

## स्टाफ की कमी से वर्षों से जूझ रहा नहर विभाग



सत्ता सुधार ■ हरदा


स्टाफ की कमी से नहर विभाग भगवान भरोसे चल रहा है। जहां एक ओर नहर से पानी की सप्लाई हो रही है। पानी की निगरानी और देखरेख के लिए टेमप्रेरी रखे गए टाइम कीपर की छुट्टी दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर परीक्षा में ड्यूटी लगा देने से कार्यालय और नहर की देखरेख में दिक्कत हो रही है। कार्यालय के साथ-साथ नहर का पानी भी भगवान भरोसे चल रहा है। नहर का पानी कहां कितना जा रहा है मूंग-मक्का में जरूर के अनुसार पानी मिल रहा है कि नहीं किसानों की समस्या को देखने सुनने और उसका समाधान करने की फुर्सत नहीं है। इंजीनियर नीतू सेंगर की ड्यूटी परीक्षा में लगने के कारण परेशानी काफी बढ़ गई है।

**वर्षों से रिक्त पड़े हैं पद:** नहर विभाग में वर्षों से अनेक पद रिक्त पड़े हैं। जिसकी जानकारी विभाग द्वारा उच्च अधिकारी को दी जाती है फिर भी रिक्त पदों को भरने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। किसान अपनी समस्या को लेकर जाते हैं तो कार्यालय में कोई मिल नहीं पाता है। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**समस्याओं का समाधान नहीं होने से किसान आक्रोशित:** स्टाफ की कमी के कारण किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे किसान परेशान है और आक्रोशित है। यही हाल रहा तो किसान आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने को मजबूर हो जायेगे। उच्चाधिकारी को जानकारी के बाद भी रिक्त पदों को भरने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इससे पद नहीं भर पा रहा हैं। कार्यालय और नहर के संचालन में तमाम दिक्कत आ रही है। टाइम कीपर जो अंशकालिन रखे गये थे उनकी छुट्टी कर दी गई है।

**वर्तमान में चल रहा नहर में पानी:** वर्तमान में नहर का पानी चल रहा है। ऐसे समय में पानी की सप्लाई विधिवत हो बेफजूल पानी न बहे

### कुछेक हिस्सों में नहीं पहुंच रहा पानी : वाष्ट



राष्टीय किसान मजदूर महा संघ महामंत्री रामजीवन वाष्ट सहीत किसानों की शिकायत है कि कुछेक हिस्सों में पानी नहीं मिल पा रहा है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण किसान परेशान है। किसानों की समस्या को देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों की चिंता परेशानी बढ़ गई है।

### पानी पर्याप्त नहीं मिलने से दिक्कत : बिश्नोई



राष्टीय किसान मजदूर महा संघ के पवन बिश्नोई का कहना है कि पचोला माइनर से जुड़े किसानों ने मक्का की बोनी की है। पानी पर्याप्त नहीं मिलने से दिक्कत है। इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पचोला माइनर नहर के ऊपर जहां पानी की जरूरत नहीं है वहां नहर में ओवरफ्लो पानी बह रहा है। इस संबंध में कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है । स्टाफ की कमी की वजह से नहर के पानी की आवश्यकता जरूरत को देखने वाला कोई नहीं है और जो है उनकी परीक्षा मे ड्यूटी लगा दी गई है। धनगांव और बेड़ा गांव के किसान मक्का की फसल के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से सर्वाधिक परेशान है।

### क्या कहते जवाबदार -

परीक्षा में ड्यूटी लगा देने के कारण नहर की देखरेख में समस्या आ रही है और स्टाफ की कमी है इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

–नीतू सिंह सेंगर, इंजि., सिंचाई विभाग, हरदा।

आवश्यकतानुसार जरूरतमंद किसानों को पानी मिले इसके लिए सतत देखरेख करनी चाहिए। स्टाफ नहीं होने के कारण पानी जहां नहीं जाना चाहिए वहां भी जा रहा है। जरूरत नहीं है फिर भी कहीं–कहीं पानी बह रहा है। जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। इस मुद्दे को उठाया जाता है तो उसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। किसानों ने इस संबंध में मांग की है कि अंशकालिन टाइम कीपर की व्यवस्था सुनिश्चित करके नहर का पानी विधिवत सप्लाई करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना यह है कि जवाबदेह अधिकारी किसानों एवं विभाग की समस्या को देखते हुए क्या कार्यवाही करते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में हुआ दीदी कैफे का शुभारंभ

### पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक मलैया ने दीदी कैफे का किया शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ दमोह




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित दीदी कैफ का पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। मध्य प्रदेश शासन की पहल पर अलग-अलग जगहों पर जो महिलाओं के समूह बने हुए हैं, इसी तरीके से दमोह जनपद के समूह ने दीदी कैफे यहां पर प्रारंभ किया है। इसके उद्घाटन करने का स्व-अवसर मिला, चाय पीने का और सभी बहनों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रवीण फूलपगारे, एसडीएम श्री आर एल बागरी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डीपीएम नितेन्द्र अहिरवार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मिथलेश सिंह, सतीश शर्मा, कैफ संचालक नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन से श्रीमती श्याम विश्वकर्मा, श्रीमती ममता लोधी, श्रीमती लक्ष्मी लोधी, श्रीमती रचना , श्रीमती रेणुका, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती सीमा लोधी,श्रीमती रानी चौबे मनीष तिवारी, अजित मोदी, विवेक अग्रवाल, शेरा जैन आदि उपस्थित थे।

# जिले की 94,152 महिलाओं के खाते में 11.47 करोड़ रुपये राशि अंतरित

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को लाड़ली बहना योजना की माह मार्च के लिए प्रदेश की 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं के खाते में लगभग 1552.73 करोड़ रुपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उन महिलाओं को सम्मानित किया, जिन्होंने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला, बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार का वितरण भी किया। इस अवसर पर हरदा जिले की कुल 94152 महिलाओं के बैंक खातों में 11.47 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, लाड़ली बहनाओं राशि अंतरण एवं रेवा शक्ति सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम होटल हवेली में आयोजित किया गया। विधायक डॉ आर.के. दोगने ने इस अवसर पर सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

# सभी त्यौहारों को पारम्परिक हर्षोल्लास व आपसी सद्भाव के साथ मनाएं : कलेक्टर



**हरदा।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शनिवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने समिति के सदस्यों व उपस्थित गणमान्य नागरिकों से अपील की कि सभी धार्मिक पर्व आपसी सद्भाव और मेलजोल के साथ परंपरागत ढंग से मनाए जाएं। आगामी दिनों में होली, रंगपंचमी, नवरात्री, ईद-उल-फितर व गणगौर उत्सव को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती राजेश्वरी महोबिया व आर.डी. प्रजापति एवं जिले के राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि होलिका दहन का स्थान चिन्हांकित कर लें और सुनिश्चित कर ले कि विद्युत लाईन के नीचे होलिका दहन न हो और होलिका दहन से सड़क को नुकसान न पहुंचे। उन्होने निर्देशित किया कि नगर पालिका, बिजली विभाग व स्वास्थ्य विभाग के एक-एक कर्मचारी की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई जाए। उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि हरे वृक्षों को होलिका दहन के लिये न काटने हेतु लोगों को जागरूक किया जाए। विद्युत लाईन पर गीले कपड़े, टायर आदि फेंकने, मोटर सायकिलों पर 3 सवारी बैठने, नशाखोरी करने वालों पर पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखकर कार्यवाही करेगा। होली व रंगपंचमी त्यौहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।



# आपसी समझौते के साथ पति-पत्नी हुए एक साथ

**शहडोल।** श्रीमती ममता बाई चौधरी एवं भूपत चौधरी का विवाह 14 वर्ष पूर्व हुआ था किन्तु वर्ष 2021 से पति-पत्नी में विवाद होने के कारण पत्नी अपने मायके में निवास करने लगी। कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी द्वारा लगातार उपरोक्त दंपति के साथ निरंतर संवाद करते हुए उनकी दूरियों को मिटाने का अथक प्रयास किया गया। नेशनल लोक अदालत में उक्त दंपत्ति ने विशेष न्यायाधीश श्री सुभाष सोलंकी एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी की उपस्थिति में एक साथ जीवन बिताना तय कर अपने विवाद को समाप्त किया जिसके उपरांत उन्होने एक दूसरे को मीठा खिलाकर, माला पहनाया। इस प्रकरण में राजीनामा कराने हेतु उभय पक्ष के अधिवक्ता श्री दिलीप यादव एवं श्री संतोष गुप्ता की उल्लेखनीय भूमिका रही। इसी प्रकार उमा बाई एवं रामअवतार का विवाह 2006 में हुआ था किन्तु 2023 से पति-पत्नी के मध्य मतभेद हो गया जिसे न्यायाधीशगण के द्वारा उनके अधिवक्ता श्री आशुतोष शुक्ला तथा श्री आर.के.नापित के प्रयासो से राजीनामा के रूप में निराकृत किया गया।

# भगोरिया पर्व: बोरगांव भगोरिया हाट में उमड़ी भीड़

## 23 ढोल-थाल की थाप पर झूमे समाजजन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जिले के सबसे बड़े बोरगांव भगोरिया हाट में शनिवार को हज़ारों की संख्या में समाजजन उमड़े। जामठी मार्ग स्थित 15 एकड़ की शासकीय भूमि पर सजे इस हाट में सैकड़ों दुकानें और बड़े-बड़े झूले आकर्षण का केंद्र रहे। दिनभर आदिवासी समाजजन ने गुलाल उड़ाकर पर्व की बधाई दी, वहीं 23 बड़े-बड़े ढोलों और थाल की थाप पर नृत्य का आनंद लिया।

**रंग-गुलाल और मांदल की थाप पर थिरका भगोरिया हाट:** हाट में आसपास के आदिवासी टांडों से आए 23 बड़े ढोलों की गूंज से माहौल संगीतमय बना रहा। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने मांदल नृत्य किया। हाट में पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया और गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेय का सहारा लिया।



**तीन बजे के बाद चढ़ा परवान:** सुबह 10 बजे से ट्रैक्टर-ट्रॉली और वाहनों से समाजजन हाट में पहुंचने लगे, लेकिन दोपहर 2 बजे तक सिर्फ तीन ढोल पहुंचे थे। इसके बाद जैसे ही ढोलों की संख्या बढ़ी, माहौल और रंगीन हो गया। चार बजे तक 25 से अधिक ढोल पहुंच गए और समाजजन नाच-गाने और खरीदी में मशगूल हो गए।

**विधायक छाया मोरे भी हुई शामिल:** शाम को पंधाना विधायक छाया मोरे भी भगोरिया मेले का आनंद लेने पहुंचीं। उन्होंने महिलाओं और युवतियों के साथ मांदल नृत्य किया और आदिवासी संस्कृति के इस उल्लासमय पर्व में शामिल हुईं।

**सुरक्षा के पुख्ता इतज़ाम:** हाट में सात सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिससे सुरक्षा पर नजर रखी गई। गर्मी से बचाव के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर भी उपलब्ध कराए गए। पुलिस बल भी पूरे दिन हाट में मुस्तैद रहा। पंचायत द्वारा सभी 23 ढोल समूहों को 1100-1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

**360 डिग्री कैमरा स्टैंड बना आकर्षण का केंद्र:** मेले में इस बार एक नया आकर्षण 360 डिग्री रोटेटिंग कैमरा स्टैंड रहा, जिसे लेकर युवाओं और कपल्स में खासा उत्साह दिखा। कई लोगों ने वीडियो बनवाकर इस यादगार पल को कैमरे में कैद किया।

# 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकण्ठेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में आज स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अकीला कुरैशी एवं डॉ. रेखा गुंजन उपस्थित रहें। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक के रूप में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद दावरे , डॉ सुनील कुमार गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहें। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ अविनाश



दुबे एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.दिलीप पाटीदार ( कार्यक्रम समन्वयक ) के नेतृत्व में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अकिला कुरैशी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बताया उनके द्वारा बताया गया कि महिला दिवस की शुरुआत 1908 से न्यूयॉर्क में महिलाओं के आंदोलन से हुई थी। लेकिन आधिकारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाने की घोषणा की थी। महोदया ने बताया कि महिला के विकास का पहला आधार स्तंभ शिक्षा है। शिक्षा प्राप्त कर महिलाएं सपनों को हकीकत में बदल सकती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। महिला के सशक्तिकरण में महिला और पुरुष दोनों की भागीदारी समान रूप से होनी चाहिए। अंत में उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को संदेश दिया कि नारी अपने नारीत्व को कायम रखते हुए उत्कृष्ट कृतित्व से अपने बेहतर अस्तित्व का निर्माण करें। कार्यक्रम की द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. रेखा गुंजन द्वारा बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत श्रम आंदोलन से हुई है। महिला पुरुष की आबादी बराबर है फिर भी महिलाएं प्रताड़ित है महिलाओं ने अपनी सृजनात्मक शक्ति के द्वारा दुनिया के कैनवास पर रंग भर दिया है, आज भी वह लिंग भेद का सामना कर रही है।

# आगा खान फाउंडेशन के सहयोग से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ खंडवा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा आगा खान फाउंडेशन के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु एमओयू के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के निर्देशन में आगा खान फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों का स्किल डेवलपमेंट कोर्स संचालित किया गया। फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को कोर्स समापन समारोह के दौरान प्रमाण पत्र एवं किट प्रदान की गई।

इस 90 घंटे एवं 60 घंटे के प्रशिक्षण के दौरान 85 विद्यार्थियों को सीआरएम एवं बीएफएसआई कोर्स अंतर्गत लाइफ स्किल, सॉफ्ट स्किल, समय प्रबंधन, मनी मैनेजमेंट, कंप्यूटर स्किल, एम एस ऑफिस, रिज्यूम मेंकिंग आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया द्व प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किया उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें आत्मविकास, कौशल विकास और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने हेतु आत्मबल मिला है तथा विचारों को एक नई दिशा मिली है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ ही स्वरोजगार एवं रोजगार प्राप्त करने में प्रभावी सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही फाउंडेशन के माध्यम से लगभग 20 विद्यार्थियों को वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। संस्था प्रमुख डॉ सोमपाल सिंह द्वारा भविष्य में रोजगार और स्वरोजगार हेतु स्किल को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ गणेश प्रसाद दावरे द्वारा विद्यार्थियों को अपने इस कौशल का उपयोग करने और आर्थिक रूप से सक्षम होने हेतु प्रेरित किया द्व विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दिलीप पाटीदार ने बताया कि विद्यार्थियों के संपूर्ण कौशल विकास हेतु महाविद्यालय परिवार एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ निरंतर प्रयासरत है तथा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित डेवलपमेंट कोर्स में भाग लेकर विभिन्न स्किल विकास करने हेतु प्रेरित किया।

### एकलव्य विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा नारी गौरव सम्मान

# नारी सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान : कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया

सत्ता सुधार ■ दमोह

एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के महिला प्रकोष्ठ एवं एनईपी सारथी द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करते हुए नारी गौरव सम्मान में फन फेस्ट का आयोजन किया गया। यह आयोजन एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व, कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित फन फेस्ट कार्यक्रम में सभी संकाय के प्राध्यापकों द्वारा भारत की अलग-



अलग संस्कृतियों को समेटे हुए झाँकियाँ प्रस्तुत की गईं। इसमें कला विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की संस्कृति, कृषि संकाय द्वारा गुजरात की संस्कृति, शिक्षा संकाय द्वारा बंगाल की संस्कृति, नर्सिंग संकाय द्वारा दक्षिण भारत के केरल की संस्कृति, फार्मेसी संकाय द्वारा मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति एवं पंजाब की संस्कृति को कला एवं मानविकी विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। विज्ञान संकाय द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए वहाँ के पारंपरिक व्यंजनों की याद दिलाया गया। इंजीनियरिंग संकाय द्वारा मराठी संस्कृति एवं प्रबंधन संकाय द्वारा राजस्थान की संस्कृति को बखूबी निभाया गया। इन समूहों में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग संस्कृतियों को गुलदस्ते के रूप में प्रस्तुत करते हुए वहाँ की वेशभूषा एवं व्यंजनों को प्रदर्शित किया। इसमें निर्णायक की भूमिका में ओजस्विनी उत्कृष्टता संस्थान की प्राचार्य डॉ. जे पी शमा खानम एवं डीपीएस प्राचार्य श्रीमती अंजलि शिंदे ने बड़े ही बारीकी से अलग-अलग संस्कृतियों को परख कर अपना निर्णय दिया। इसमें प्रथम स्थान कला विभाग, उत्तर प्रदेश की संस्कृति और विज्ञान संकाय, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को, द्वितीय स्थान इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र की संस्कृति एवं नर्सिंग संकाय, केरल की संस्कृति को तथा तृतीय स्थान कृषि संकाय, गुजरात की संस्कृति एवं प्रबंधन संकाय, राजस्थान की संस्कृति को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, कुलगुरू माननीय प्रोफ़ेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त शिक्षिका एवं शास्त्रीय नृत्य में पारंगत डॉ. अरुणा उज्जैनकर, परिवर्तन हेल्थ एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी की कोषाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति अहिरवार , सिटी कोतवाली कांस्टेबल पार्वती गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी मातृ शक्ति अतिथियों का स्वागत पौधा, श्रीफल, साल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नपाध्यक्ष बोली

# महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ शिक्षा और नौकरी नहीं, बल्कि अपने को आत्म निर्भर : लता

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

महिला दिवस नगर पालिका परिषद के सभागृह में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नपाध्यक्ष लता सकवार ने की, कार्यक्रम में नगर की सामाजिक महिलाएं सम्मिलित हुई।नपाध्यक्ष द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से बीना से डीएसपी के पद पर सेलेक्ट हुई रश्मि अहिरवार रही, जिन्होंने एक छोटे से गांव से निकल मुकाम हासिल किया और बीना विधानसभा का नाम रोशन किया।कार्यक्रम में की विशेषता रही कि जिसमें समस्त महिलाएं शामिल रही, उनमें महिला जनप्रतिनिधि एवं कुछ महिलाएं पार्षद प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुई।नपा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे शहर के प्रमुख दायित्वों का नेतृत्व महिलाएं कर रही है, आने वाला समय आपका है आप में भी नेतृत्व करने की क्षमता है, अपने अंदर के भय को निकाल कर आगे आए।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य कर रहे है, परन्तु महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ शिक्षा और नौकरी तक ही सीमित नहीं है हमें अपने फैसले खुद लेने और आत्मनिर्भर बनने और समान अवसर भी प्राप्त करना है।

रश्मि अहिरवार ने कहा कि नारी सिर्फ सृजन की जननी नहीं,बल्कि हर क्षेत्र में सफलता की कहानी लिखनी की प्रेरणा शक्ति है,आपकी प्रतिभा आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास ही आपका सबसे बड़ा हथियार है। पूर्व विधायक विनोद पंथी ने सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यो का बखान किया और महिलाओं को आगे आकर सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में शामिल हुए महिलाओं ने भी संबोधित कर महिलाओं को जागरूक होने और उनके अधिकारों के प्रति अपनी बात रखी।इस दौरान ऊषा राय, सोनाली राय,प्रतिभा ठाकुर, अनुपमा बोहरे, भारती राय, मीना चौबे, रजनी साहू, मधुलिका यादव,शशि तिवारी,नीतू राय, ज्योति सराफ, रजनी रजक, पुष्पा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही

## विधायक लारिया ने नपा मकरोनिया अंतर्गत 17.38 लाख रु.के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




सत्ता सुधार ■ सागर

नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया द्वारा रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका मकरोनिया के वार्ड क्र.-2 में जय तिवारी के मकान से नाली तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 4.06 लाख रू.एवं वार्ड क्र.-10 में रजाखेड़ी चौराहे से लाल पत्थर फैक्टरी तक पेवर ब्लॉक कार्य लागत 13.32 लाख रू.राशि से होने वाले निर्माण कार्य का परंपरागत रूप से विधिवत पूजा पाठ कर भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि आज इन विकास कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है। शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण होंगे जिससे नागरिकों को सुविधा प्राप्त होगी।कार्यक्रम में समस्त वार्डवासियों ने स्वागत किया और विधायक लारिया का आभार जताया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष,भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्तागण, महिला मोर्चा सदस्य एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 25 महिला शिक्षकों का किया सम्मान




**बीना(सागर)।** बीबीएम स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 25 महिला शिक्षकों का सम्मान किया गया । सर्वप्रथम संचालिका श्रीमती अनुराधा बिलगैया ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में सभी महिलाओं को तिलक लगाकर हार माला पहनकर उनका सम्मान किया गया । अनुराधा बिलगैया ने कहा कि महिलाओं का सम्मान प्रतिदिन होना चाहिए उसे संचालक रितुपर्णो पटेरिया ने कहा महिलाओं का कर्ज कोई नहीं चुका सकता बंद न जाने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही है राखी सैया कहा कि महिलाओं को घर के सदस्यों का सहयोग होता तो वह हर क्षेत्र में तरक्की कर सकती हैं सम्मान पाकर सभी महिलाएं खुश खुशी से झूम उठी एवं स्कूल प्रशासन का आभार माना कार्यक्रम में वंदना राखी विद्या नामदेव रुचि ठाकुर प्रतिभा तिवारी अमर सिंह आरडी दीपेश साक्षी जैन वर्षा रितु बबेले, नीतू रंजन मोहिनी अंकुर ललिता रैकवार आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन डालचंद पटेल ने किया।

### सत्य साई सेवा संगठन ने होली के पहले की पार्क की सफाई

**सागर।** तिली रोड स्थित बसंत बिहार के शिवालय-1 पार्क में रविवार को सुबह 8-9 बजे तक संगठन ने मासिक स्वच्छता अभियान चलाया। होली के पर्व को देखते हुए यहां सफाई होने से त्योहार के दौरान लोगों को अब असुविधा नहीं होगी। इस दौरान बीके गुरु, करुणा गुरु, सुषमा भट्ट, संगीता पटेल, संजीव सुहाने, डॉ प्रशांत भट्ट, गोविंद पटेल, खूब सिंह ठाकुर, आदित्य सिंह, शरद मोहन दुबे, भागीरथ साहू, दिनेश खरे, जीपी प्रजापति, देवेंद्र दुबे, डॉ जीपी गुप्ता, मनीष दुबे और बच्चों में प्रिंस, वेदांत, जय, कार्तिक, आरुष, देवराम समेत मोहल्ले के कई नागरिक शामिल थे।

# खुद की शक्ति का प्रदर्शन कब, कहां और कैसे करना चाहिए, हनुमान जी से सिखना चाहिए : राकेश पाठक



### रामायण में तुलसीदासजी ने लिखा है

**सुनु माता साखामृग नहिं बल बुद्धि बिसाल** -प्रभु प्रताप तें गरुड़हि खाइ परम लघु ब्याल ,अर्थ- हे माता सुनो, वानरों में बहुत बल-बुद्धि नहीं होती, लेकिन प्रभु के प्रताप से बहुत छोटा सर्प भी गरुड़ को खा सकता है।यहां हनुमानजी ने अपनी ताकत तो दिखाई, लेकिन उसे परमात्मा से जोड़ दिया। इस तरह अपनी बढ़ाई और श्रेष्ठता को जो लोग परमात्मा से जोड़ देते हैं उन्हें अहंकार नहीं आता। हमें यही बात हनुमानजी से सीखनी चाहिए कि भले ही हम में कितनी भी काबिलियत हो, लेकिन अहंकार न करें।

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

मां जागेश्वरी मार्ग पर स्थित झुलेलाल धर्मशाला में आयोजित ÷हनुमंत चरित्र÷कथा में कथा व्यास से पंडित राकेश पाठक ने बताया कि रामचरित मानस में तुलसीदास जी ने हनुमान और सीताजी के संवाद से ये समझाया है कि इंसान को किसी परिस्थिति में कैसा व्यवहार करना चाहिए। सुंदरकांड में हनुमान जी ने सीताजी को अपनी शक्ति दिखाई थी। ऐसा करना जरूरी भी था, क्योंकि सीताजी को हनुमान जी पर विश्वास नहीं हो रहा था। हनुमानजी ने अपनी शक्ति दिखाने पर अहंकार भी नहीं किया। रामायण के इस प्रसंग से सीखें कब और कहां अपनी ताकत दिखानी चाहिए।

हनुमानजी जब लंका में पहुंचे तो उन्होंने सीताजी को ढूंढा। फिर उनसे मिलकर हनुमानजी ने बताया कि भगवान श्रीराम जल्दी ही वानरों की सेना के साथ लंका पर आक्रमण करेंगे। हनुमानजी सीताजी को भरोसा दिला रहे थे, लेकिन उनको विश्वास नहीं हो रहा था। हनुमानजी ने कहा, आप भरोसा रखें।

प्रभु श्रीराम आएंगे और आपको ले जाएंगे। श्रीराम की ऐसी आज्ञा नहीं है। सीताजी ने कहा कि- राक्षस बहुत बलवान हैं और वानर तुम्हारी तरह छोटे-छोटे होंगे, तुम उनसे जीत नहीं पाओगे। इतना सुनते ही हनुमानजी ने अपने शरीर को पर्वत के समान विशाल कर लिया। हनुमानजी का ऐसा रुप देखकर सीताजी को विश्वास हो गया। इसके तुरंत बाद हनुमानजी फिर सामान्य रुप में आ गए। उन्हें लगा कि कहीं माता सीता ये न लगे कि मैं अपनी बढ़ाई कर रहा हूं।

## कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट और न्यायालय परिसर में लागू किए प्रतिबंधात्मक आदेश

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला न्यायालय परिसर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर के आसपास 100 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार जिला न्यायालय परिसर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर के आसपास विभिन्न राजनैतिक दलों, स्थानीय संगठनो तथा नगर के वार्डो से जुलूस निकालकर हड़ताल, धरना व सामूहिक रूप से ज्ञापन देना एवं अपनी मांगों के समर्थन में जनसमूह का जमाव रहने के कारण न्यायालयों एवं कार्यालयों का कार्य प्रभावित होता हैं।

उक्त स्थिति को एवं जन सामान्य की सुविधा को देखते हुए न्यायालय परिसर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर से 100 मीटर तक क्षेत्राधिकार में शांति एवं कानून व्यवस्था के आशय से अग्नि एवं प्राणघातक हथियारों को लेकर चलने, किसी भी वर्ग द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना, जुलूस निकालना सामूहिक रूप से ज्ञापन प्रस्तुत करना, टेन्ट सामयाना लगाना, व्यक्ति समूह एवं आम सभाओं पर प्रतिबंध लगाया लगाया है।प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार जिला न्यायालय परिसर एवं माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर क्षेत्र में हड़ताल, धरना, जुलूस निकालना एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी तथा ड्यूटी पर उपस्थित लोक सेवकों के अतिरिक्त, कोई अन्य व्यक्ति बंदूक, विस्फोटक सामग्री, किसी प्रकार का आग्नेय शस्त्र तथा प्राणघातक तथा धारदार हथियार लेकर नहीं घूमेगा एवं आग्नेय शस्त्र का उपयोग प्रतिबंधात्मक रहेगा। अपाहिज तथा वृद्ध के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर लाठी/डन्डे लेकर नहीं घूमेगा। जिला न्यायालय परिसर एवं माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति, अथवा व्यक्तियों का समूह कोई ऐसे कार्य नही करेगा अथवा भाषण आदि नहीं देगा जिससे विभिन्न जातियों तथा धार्मिक भावनाओं/कार्यो या भाषाओं समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों में वृद्धि हो या घृणा की भावना उत्पन्न हो या तनाव पैदा हो। प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विलेख प्रदर्शन, जुलूस धरना, हड़ताल तथा किसी भी धरना प्रदर्शन आदि के प्रयोजन के लिए टेन्ट शामियाना तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग के लिये नगर दण्डाधिकारी सागर की अनुमति आवश्यक होगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में 05 से अधिक व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के निषिद्ध होंगे। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति प्राप्त कर शिथिलता प्राप्त की जा सकेगी। चूँकि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु संबंधितों को आदेश पारित किये जाने के पूर्व सुनवाई का अवसर दिया जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से दिनांक 08.03.2025 से 07.05.2025 तक की अवधि के लिये प्रभावशील रहेगा।

# महिला दिवस पर आज महिला पुलिस ने चलाया थाना बीना







सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीना पुलिस थाना की कमान महिलाओं द्वारा संभाली गई चाहे रिपोर्ट लिखने की बात हो या पेट्रोलिंग की चौराहों से लेकर गलियों में महिला आरक्षक नजर आई।बीना थाना प्रभारी,एच सी एम, ड्यूटी ऑफिसर, मददगार, रीडर, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम शिकायत शाखा रोड पेट्रोलिंग तक का काम महिला आरक्षकों ने संभाला थाना प्रभारी का कार्य साल्वी पंडित, एच सी एम का कार्य आराधना पचौरी, मददगार का कार्य ममता, रीडर का कार्य सपना उपाध्याय, ड्यूटी ऑफिसर का कार्य रेवती, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम का कार्य चायना देवलिया, ने देखा



आज थाने मे आए सभी फरियादियों को महिला पुलिस द्वारा सुना गया, एफआईआर महिला पुलिस द्वारा लेख की गई, रोड पेट्रोलिंग और कस्बा भ्रमण का कार्य महिला पुलिस द्वारा किया गया ।सभी महिला पुलिस ने आज अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है और थाना का काम काज संचालित किया।सभी महिला पुलिस ने थाना के कार्य को स्वयं कर जिम्मेदारी संभाली जिससे महिला पुलिस का स्वयं का आत्मविश्वास बढ़ा।

### भगवान श्री सिद्धनाथ को लगेगा गुलाल, होगी महाआरती

**खरगोन।** भावसार मोहल्ला स्थित अतिप्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में 16 मार्च को होली खेली जाएगी। इस दौरान भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी को गुलाल लगाया जाएगा और महाआरती की जाएगी। श्री सिद्धनाथ जी श्रृंगार मित्र मंडल के धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि 16 मार्च को प्रातः 10.30 बजे मंदिर परिसर में होली का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मंदिर पुजारी हरीश गोस्वामी सर्वप्रथम अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी की महाआरती करेंगे। इसके पश्चात होली खेली जाएगी। होली के लिए 60 किलों विभिन्न रंगों के गुलाल एवं 40 किलों फूल रहेंगे। श्रृंगार मित्र मंडल न सभी शिव भक्तों से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाए।

### महिला दिवस पर शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया



**बरौदिया कलां(सागर)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां में महिला दिवस पर संस्था प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी शिक्षिकाओं को गुलदस्ता एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बीएस लोधी द्वारा बताया गया कि महिलाये कंधे से कंधा मिलाकर इस देश के विकास में विशेष योगदान दे रही है, आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं इसीलिए छात्राओं को अनिवार्य रूप से पढ़ना चाहिए इसी अवसर पर शासकीय प्राथमिक इंदिरा आवास की छात्राओं की मांग पर प्राचार्य बी एस लोधी द्वारा ग्रीन बोर्ड प्रदान किया गया जिससे सभी छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे सभी छात्रों ने करतल ध्वनि से उपस्थित सभी शिक्षकों का सम्मान किया इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी एस लोधी, एन पी सोनी, अभिषेक सिंह ठाकुर, राम चौरसिया, प्राथमिक शाला में पदस्थ अतिथि शिक्षक गौरव कौशिक, विकास सेन एवं अन्य शिक्षक बंधु उपस्थित थे।

**लोक अदालत** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार जैन ने लोक अदालत का शुभारंभ किया

# 5 साल से अलग रह रहे पति-पत्नी को सुनवाई के बाद एक कराया

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को तहसील परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर महेश कुमार शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर वं अंकित श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन और संजय कुमार जैन द्वितीय जिला न न्यायाधीश की अध्यक्षता में लोक -अदालत का शुभारंभ हुआ। प्रथम अपर जिला न्यायाधीश ने देवेन्द्र कुमार कुन्डू, मीनाक्षी शर्मा जेएमएफसी एवं शरद जोशी जेएमएफसी, मदुल जैन जेएमएफसी, सलोनी जैन, न जेएमएफसी तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार जैन ने लोक



अदालत का शुभारंभ किया। नेशनल लोक अदालत में छह खंडपीठ बनाई थीं। जिसमें बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के कुल के 2276 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे। इनमें से 214 प्रकरणों का निराकरण करते हुए न्यायालय ने 1411282 रुपए का अवॉर्ड पारित किया। इसके अलावा 400 संपत्तिकर के प्रकरण, 450 जलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए 132 जलकर एवं संपति कर के प्रकरणों का निराकरण करते हुए 477439 रुपए का अवॉर्ड पारित किया। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से एनआईए 138 प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर 12469950 रुपए की वसूली की। इसके अलावा सिविल के प्रकरणों में 131454 का अवॉर्ड पारित किया। इस तरह लोक अदालत में कुल 141 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया। इन प्रकरणों के निराकरण में अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं एवं अध्यक्ष रविन्द्र जैन का विशेष सहयोग रहा। अलग रह रहे पति-पत्नी को एक कराया- विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद के दोनों अलग रह रहे थे। पत्नी ने पति के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुन्डू के न्यायालय में मामला विचाराधीन था। न्यायाधीश के प्रयास से आवेदक जय कुमार अपनी पत्नी रोशनी अहिरवार के साथ रहने राजी हो गया। इसी तरह एक अन्य मामले में पति-पत्नी 2019 से अलग रह रहे थे। यह मामला न्यायाधीश मीनाक्षी शर्मा जोशी के न्यायालय में लंबित था। न्यायाधीश के प्रयास से पांच साल बाद पति-पत्नी एक हो गए। इसके अलावा सामान्य बात पर दो सगे भाइयों में विवाद हो गया था। यह मामला न्यायिक मॉइस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शरद जोशी की न्यायालय में लंबित था। न्यायाधीश के प्रयास से दोनों भाइयों में सुलह हो गई। अन्य समझौता योग्य मामलों में भी आपसी सहमति से राजीनामा कराए।

## जैविक आहार से रोगों का बचाव किया जा सकता हैः चौरसिया

**सागर।** पतंजलि योग समिति सागर के तत्वाधान 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिवस पर शिविर का शुभारंभ प्राचार्य नमिता खरे,श्रीमती तृप्ति मिश्रा,डॉ संध्या गौतम , पं संतोष दुबे एड. मुख्य योग शिक्षक भगत सिंह, दामोदर प्रजापति के द्वारा वेद मंत्रोच्चारण ,दीप प्रज्वलन करके प्रारंभ किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य योग शिक्षक भगत सिंह योगाचार्य ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि जीवन जीने के लिए बल की आवश्यकता है।एक बल शाशीरिक अभ्यास व्यायाम से एवं दूसरा पोषाहार से आता है। उन्होंने बताया कि यौगिक आहार एक संतुलित,शुद्ध एवम् प्राकृतिक भोजन शैली ही स्वस्थ्य, मन को शांत एवं सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाती है उचित समय,मात्रा और विधि का पालन करके आनंद मय जीवन पा सकते हैं। उन्होंने ऋतुओं के अनाज,फल, मितव्यता से एवं हितकारी भोजन करने की सलाह दी।द्वितीय सत्र में आहार के विषय विद्वान आकाश चौरसिया ने कहा कि जैविक आहार से रोगों से बचाव किया जा सकता है। जैविक उत्पाद में प्राकृतिक रूप से उपजी सब्जियां,फल,अनाज , दाल, मसाले , मोटा अनाज स्वास्थ्य में लाभ कारी है। जैविक खाद्य पदार्थो में प्राकृतिक मीठा होती है और इनमें रिफाइंड शुगर नहीं होती इसे रक्त शर्करा स्तर नियंत्रित रहता है ।


## ब्रीफ न्यूज

### पाक सुरक्षा विशेषज्ञों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के आयोजन को सफल बताया

**कराची।** पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन सफल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे भविष्य में और अधिक अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए पाक की दावेदारी पक्की हुई है हालांकि विशेषज्ञों ने माना है कि बारिश के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के 3 मैच रद्द हुए और दो मैचों में सुरक्षा घेरा टूटा। वहीं मेजबान टीम के बाहर होने के बाद स्थानीय दर्शकों की रुचि भी टूर्नामेंट में नहीं रही। जिसके कारण स्टेडियम खाली रहे। भारत के अलावा अन्य सभी टीमों ने अपने मुकाबले पाक में खेले। भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से अपने मुकाबले दुबई में खेले। पाकिस्तान की टीम लीग स्तर पर ही हारकर बाहर हो गयी। क्रिकेट विश्लेषक ओमेर अलावी ने कहा कि लाहौर में सेमीफाइनल से एक दिन पहले ही बन्नू में आतंकी हमला हुआ था पर राहत की बात ये रही कि इतने बड़े टूर्नामेंट में एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। पाकिस्तान सरकार ने टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी में 16000 के करीब पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात लगाये हैं।

### जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए वोल्वरहैम्पटन और एवरटोन के खिलाड़ी।

# आईएमएल 2025 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडिया मास्टर्स

## वेस्टइंडीज मास्टर्स को 7 रनों से हराया

एजेंसी ■ रायपुर

अंबाती रायडू 63, सौरभ तिवारी 60, युवराज सिंह 49 और गुरकीरत सिंह मान 46 के शानदार प्रदर्शन की सहायता से इंडिया मास्टर्स की टीम इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। टीम की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट की भी अहम भूमिका रही। इस मैच में इंडिया मास्टर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 253 रन बनाए जिसके बाद वेस्टइंडीज मास्टर्स की टीम ड्वेन स्मिथ 79, विलियम पर्किन्स 52, लेंडल सिमंस 38 की शानदार पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 246 रन ही बना पायी। इस मैच में वेस्टइंडीज मास्टर्स के कप्तान ब्रायन लारा ने टॉस जीतकर इंडिया मास्टर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंडिया मास्टर्स की ओर से अंबाती और सौरभ ने पावरप्ले में 51 रन बनाए। रायडू ने 35 गेंदों पर 63 रन बनाये। उनकी इस पारी में आठ चौके और चार छक्के शामिल थे। सौरभ ने भी जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। गुरकीरत के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए सौरभ ने 79 रन जोड़े। कप्तान युवराज सिंह ने 20 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाये। वेस्टइंडीज मास्टर्स ने भी लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। ड्वेन स्मिथ ने 79 और विलियम पर्किन्स ने 52 रन बनाये पर बिन्नी ने गेंद संभालते ही लगातार विकेट लेकर विरोधी टीम पर दबाव बना दिया।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

## प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे

एजेंसी ■ विजयनगर

**एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे।**



प्रवीण 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें।

प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है।

इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे।

के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर



एजेंसी ■ जयपुर

आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी।

परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा.

जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं।

# एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का भविष्य नहीं : मोईन अली

एजेंसी ■ लंदन

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर



एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

### गुजरात टाइटंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलयाई क्रिकेटर वेड को बनाया सहायक कोच

**मुम्बई।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 18 वें सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच बनाया है। वेड ने साल 2022 और 2024 में टाइटंस की ओर से खेला था पर संन्यास लेने के बाद वह आईपीएल नीलामी में नहीं उतरे थे।

गुजरात टाइटंस ने सोशल मीडिया में लिखा, ''चैंपियन फाइटर अब हमारे सहायक कोच बने बैं। टाइटंस के डगआउट में आपका स्वागत है, वेड।'' वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस की ओर से खेला था। वह साल 2022 में पहली बार खिताब जीतने वाली टाइटंस टीम में शामिल थे। वेड टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ काम करेंगे।



इंडियनवेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलते हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच।

### मुम्बई इंडियंस ने लिजाद की जगह पर कॉर्बिन को शामिल किया

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कार्बिन बॉश को शामिल किया है। कॉर्बिन को चोटिल होने के कारण बाहर हुए दक्षिण अफ्रीका के ही तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स की जगह पर शामिल किया गया है। बॉश ने 86 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 59 विकेट लिए हैं और उनका सबसे अधिक स्कोर 81 है। उन्होंने अभी तक आईपीएल में नहीं खेला है पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका 2020 में मुंबई इंडियंस केप टाउन की ओर से 11 विकेट लिए थे।

दैनिक सत्ता सुधार

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

विनोद तिवारी

जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह

मो. 6266038075

## सत्ता न्यूज — गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख

# कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं

एजेंसी ■ मुम्बई

केकेआर टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ



वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी। गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा। उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।÷ आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकेटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे।



